RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 317
नई दिल्ली, मंगलवार, 27 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पीओके पर निर्णय 71 के युद्ध में लिया जाना चाहिए था

राष्ट्रीय-9

# सोनिया ने मांगी लिखित रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** में उभरे ताजा संकट से कांग्रेस हाईकमान ने इस चुनावी राज्य में नेतृत्व परिवर्तन से कदम पीछे खींच लिए हैं। हालांकि यह अभी देखना होगा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके वफादार विधायकों द्वारा बगावती तेवर दिखाने पर सोनिया गांधी क्या फैसला लेती हैं। इस वक्त कांग्रेस हाईकमान के पास विकल्प बहुत सीमित हैं, क्योंकि यह इकलौता ऐसा बड़ा राज्य है जहां पार्टी सत्ता में है। सोमवार को दिनभर ऐसी खबरें तैरती रहीं कि हाईकमान की अवज्ञा करने पर राजस्थान के कई नेताओं पर सोनिया गांधी अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि गांधी ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगी जिससे एक और मुसीबत राजस्थान में पार्टी की सरकार के सामने खड़ी हो जाए।

सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान इस ताजा संकट से बचने के लिए नए नेता का चयन करने का फैसला टाल सकता है। बड़ी संभावना यह भी बन रही है कि अब संभवत: गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो जाएं। हालांकि मुख्यमंत्री गहलोत ने एआईसीसी पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन से पूरे मामले के लिए माफी मांग ली है, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं कि सबकुछ सामान्य हो गया है। यह स्पष्ट है कि

## राजस्थान संकट

- पर्यवेक्षकों खड़गे व माकन ने जयपुर से लौटकर कांग्रेस अध्यक्ष के सामने बयां किए हालात
- पार्टी हाईकमान गहलोत गुट से बेहद नाराज, परंतु नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला अभी नहीं



नई दिल्ली में सोनिया गांधी से मिलने के बाद पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता अजय माकन

## पहले कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालें: आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी ने सोमवार को राजस्थान में जारी सियासी संकट को लेकर कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इसे भारत जोड़ो यात्रा की बजाय पहले कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए। राजस्थान में आप के प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा प्रगति पर है, जबकि दूसरी तरफ राजस्थान में पार्टी के विधायक, विधायक तोड़ो कार्यक्रम में दौड़ रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस को भारत जोड़ो यात्रा की बजाय पहले कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।

## क्या कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रहेंगे गहलोत ?

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता अशोक गहलोत के बगावती तेवरों ने कांग्रेस आलाकमान को चौंका दिया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि शीर्ष नेतृत्व की पहली पसंद गहलोत क्या अभी भी पार्टी अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रह सकते हैं। क्योंकि, पार्टी इस बात को लेकर चिंतित है कि जब बेहद भरोसेमंद गहलोत अध्यक्ष बनने से पहले ही ठेंगा दिखा सकते हैं तो पार्टी की बागडोर संभालने के बाद वह गांधी परिवार के साथ कैसा व्यवहार करेंगे। गहलोत ने भले ही पार्टी के पर्यवेक्षकों अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे से अपने वफादार विधायकों द्वारा किए गए गलत व्यवहार के लिए माफी मांग ली हो, लेकिन इससे गया समय वापस नहीं लाया जा सकता। बताया जा रहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार का एक वर्ग पूरे नाटक की पटकथा को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री से काफी नाराज है। उन्हें लगता है कि गहलोत ने राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के जरिए पार्टी को पुनर्जीवित ( शेष पेज 8 )

- वरिष्ठ नेताओं ने आलाकमान को दूसरे नामों पर विचार करने की दी सलाह

बिना इशारा मिले विधायक कोई कदम नहीं उठा सकते हैं, लेकिन गहलोत ने उन्हें रोकने के लिए कुछ नहीं किया। यह संकट मंगलवार को भी जारी रहा और गहलोत के भरोसेमंद विधायकों ने खड़गे और माकन से मिलने से इनकार कर दिया। उन्होंने समानांतर बैठक की और गहलोत को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने की मांग की। गहलोत जयपुर के एक होटल में खड़गे से मिले। ( शेष पेज 8 )

# अमेरिका-पाकिस्तान में एफ-16 सौदे पर भारत ने उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**पाकिस्तान** को अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ-16 बेचने पर भारत ने सवाल उठाया उठाया है। अमेरिका ने 450 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदे को लेकर तर्क दिया है कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मददगार साबित होगा, लेकिन भारत ने प्रतिकार करते हुए कहा कि यह केवल बेवकूफ बनाने वाली ही बात है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ संबंधों से दोनों में से किसी देश को कोई फायदा नहीं हुआ है।

जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों के साथ एक संवाद के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि ईमानदारी से कहूं, तो इस संबंध से न तो पाकिस्तान को कोई फायदा हुआ है और न ही इससे अमेरिका के हितों को पूरा करने में मदद मिली है, इसलिए अब अमेरिका को वास्तव में यह सोचना चाहिए कि इस संबंध का फायदा क्या है और इससे उन्हें क्या मिल रहा है। अमेरिका ने इसको लेकर तर्क दिया था कि आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए एफ-16 के रख-रखाव के लिए पैकेज को मंजूरी दी गई है। जयशंकर ने अमेरिका के इस तर्क का जिक्र करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि एफ-16 का कहां और किसके खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि आप इस प्रकार की बातें कहकर किसी को मूर्ख नहीं बना सकते।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के पाकिस्तान को सैन्य सहायता पर रोक लगाने संबंधी फैसले को बदलते हुए आठ सितंबर को पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी। ( शेष पेज 8 )

- अमेरिकी नेतृत्व के आतंकवाद से लड़ने के लिए मदद वाले तर्क पर जयशंकर का जवाब- किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते



## भारत के प्रति रुख पर अमेरिकी मीडिया को लिया आड़े हाथ

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने भारत के संबंध में पूर्वाग्रही खबरें देने को लेकर द वाशिंगटन पोस्ट सहित कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया घरानों को आड़े हाथों लिया है। जयशंकर ने भारतीय-अमेरिकियों के साथ एक संवाद में रविवार को कहा कि मैं मीडिया में आने वाली खबरों को देखता हूं। कुछ समाचार पत्र हैं, जिनके बार में आपको अच्छी तरह पता होता है कि वे क्या लिखने वाले हैं और ऐसा ही एक समाचार पत्र यहां भी है। वाशिंगटन पोस्ट वाशिंगटन डीसी में प्रकाशित होने वाला राष्ट्रीय दैनिक पत्र है और इसके मालिक अमेजन के जेफ बेजोस हैं। जयशंकर ने भारत विरोधी ताकतों के मजबूत होने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि मेरा यह कहना है कि कुछ लोग पूर्वाग्रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समूहों की भारत में जीत नहीं होगी। ( शेष पेज 8 )

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

**मां दुर्गा** की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। यह देवी दाएं हाथ में जप की माला और बाएं हाथ में कमंडल धारण किए हुए हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 57,145 | ↓ 954 | |
| निफ्टी | 17,016 | ↓ 311 | |
| सोना | 49,620 | ↑ 219 | /10g |
| चांदी | 56,025 | ↓ 208 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले मे सोमवार को सुरक्षा बलो के साथ मुठभेड़ मे जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि जिले के बटपुरा गांव मे मुठभेड़ मे दो नागरिक और एक जवान भी घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलो को कुलगाम के बटपुरा गांव मे आतंकवादियो की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद गांव की घेराबंदी की गई। उन्होने बताया कि तलाशी अभियान उस समय मुठभेड़ मे तब्दील हो गया, जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। सुरक्षाबलो ने भी जवाबी कार्वाई की। पुलिस के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया, मुठभेड़ मे सेना का एक जवान और दो नागरिक घायल हो गए। तीनो घायलो को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ चल रही है। उन्होंने बताया कि दोनो पक्षो के बीच गोलीबारी मे जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकवादी भी मारा गया। मारे गए आतंकवादी की पहचान का पता लगाया जा रहा है।

# अंकिता हत्याकांड का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा: धामी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अंकिता भंडारी की हत्या के आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाने के लिए मुकदमा फास्ट ट्रैक अदालत में चलाने का आश्वासन दिया। वहीं, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से मिली अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट अंकिता के परिजनों को दिखाई गई। पुलिस उप महानिरीक्षक (अपराध एवं कानून-व्यवस्था) पी रेणुका देवी की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने घटनास्थल पंहुचकर उसका गहनता से निरीक्षण किया और साक्ष्य इकट्ठे किए।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन नंदा गौरा योजना के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, बेटियों के साथ इस तरह की घटना सबके मन में क्रोध पैदा करती है और घटना के दोषियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अंकिता की हत्या के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्वाई करेगी जो इस प्रकार के घृणित अपराध करने वालों के लिए एक नजीर साबित होगा। ( शेष पेज 8 )

### मां का आरोप, बेटी का शव नहीं देखने दिया

**अंकिता** की मां सोनी देवी ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अंतिम संस्कार के लिए दबाव बनाया। देवी ने कहा कि उन्हें अंतिम बार अपनी पुत्री का मुंह भी नहीं देखने दिया गया। देवी ने कहा, रात को अंतिम संस्कार करने की क्या जरूरत थी। जब इतना रूक गए थे तो एक दिन और रूक जाते। सबसे बड़ा गुनाह तो उन्होंने (सरकार ने) यह किया कि मुझे अपनी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया। पौड़ी जिले के श्रीनगर से 23 किलोमीटर दूर श्रीकोट गांव में सांत्वना देने आए लोगों की मौजूदगी में अंकिता की मां ने कहा कि उन्हें अस्पताल में रखा गया था ( शेष पेज 8 )

## रूस के स्कूल में गोलीबारी 15 की मौत, 24 घायल

**मॉस्को (एपी)।** मध्य रूस स्थित एक स्कूल में सोमवार को एक बंदूकधारी ने खुद को गोली से उड़ाने से पहले गोलीबारी करके 15 लोगों की जान ले ली वहीं इस घटना में 24 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस की जांच समिति ने ऑनलाइन जारी एक बयान में बताया कि गोलीबारी उदमुर्तिया की राजधानी इझेवस्क के एक स्कूल में हुई। इझेवस्क शहर मॉस्को से करीब 960 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। समिति ने बताया कि मृतकों में 11 बच्चे शामिल हैं वहीं घायलों में 22 बच्चे हैं। रूस की जांच समिति ने हमला करने वाले बंदूकधारी की पहचान 34 वर्षीय अरट्योम कजांतसेव के रूप में की है, जिसने इसी स्कूल से स्नातक किया है। यह भी बताया गया कि हमलावर ने काले रंग का टी-शर्ट पहन रखी थी जिसपर नाजी चिह्न थे। फिलहाल हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने इस गोलीबारी को आतंकवादी घटना करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संबंधित विभागों को सभी जरूरी आदेश दिए हैं। ( शेष पेज 8 )

# कुल्लू में दिल्ली, नोएडा के सात पर्यटकों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू जिले में टैंपो-ट्रैवलर रविवार रात खड्ड में गिर गया, जिससे दिल्ली और नोएडा के सात पर्यटकों की मौत हो गई। हादसे में आईआईटी वाराणसी के तीन छात्रों समेत नौ लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक प्रकट किया है। हादसे का शिकार हुए सभी 16 सैलानी उत्तर प्रदेश के नोएडा से हिमाचल प्रदेश के जलोड़ी दर्रा घूमने गए हुए थे। इन्होंने दिल्ली के ट्रैवल एजेंट से टैंपो ट्रैवलर बुक कराया था। इनकी गाड़ी जब रविवार रात साढ़े आठ बजे कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा क्षेत्र के घियागी के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर हाईवे से 400 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 11 घायलों को बंजार के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान दो अन्य सैलानियों की मृत्यु हो गई। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक गुरदेव शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान दिल्ली निवासी सौरभ, प्रियंका गुप्ता, किरण एवं नोएडा निवासी ऋषभ राज, अंशिका जैन, आदित्य और अनन्मय के रूप में की गई है। शर्मा ने बताया कि घायलों में हरियाणा निवासी राहुल गोस्वामी, क्षितिजा अग्रवाल, प्रियापाल एवं ईशान गुप्ता, वाहन चालक अजय चौहान, उत्तर प्रदेश निवासी अभिनव सिंह एवं निष्ठा बदोनी, नई दिल्ली निवासी रुषव, राजस्थान निवासी लक्ष्य और मध्य प्रदेश निवासी जय अग्रवाल शामिल हैं। ( शेष पेज 8 )



- नोएडा से टैंपोट्रैवलर में सवार होकर 16 लोग जलोड़ी दर्रा घूमने गए थे, रविवार की रात 400 मीटर गहरी खाई में गिरी गाड़ी

## लखनऊ में ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में गिरी, 10 महिलाओं की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के लखनऊ में इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्दीनपुरवा गांव में सीतापुर के अटरिया से श्रद्धालुओं को बैठा कर आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक तालाब में गिर गई। सुबह करीब 10 बजे हुए इस भीषण हादसे में ट्रैक्टर ट्राली में सवार 2 बच्चियों सहित 10 महिलाओं की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, आईजी रैंज लक्ष्मी सिंह, एसपी ग्रामीण बृजेश कुमार मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह से तालाब से निकलवा कर अस्पताल में भर्ती कराया जहां अटरिया सीतापुर की रहने वाली 18 वर्षीय रुचि मौर्य, 45 वर्षीय सुखरानी, 51 वर्षीय सुषमा मौर्य, 32 वर्षीय कोमल, 55 वर्षीय केतकी देवी, 55 वर्षीय अन्नपूर्णा, 40 वर्षीय मालती, 14 वर्षीय बिट्टी, 13 वर्षीय अंशिका और 36 वर्षीय सुनीता की मौत हो गई।

आईजी रैंज लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पर सीतापुर से अटरिया थाना क्षेत्र से 47 लोग सवार होकर इटौंजा थाना क्षेत्र के उनई गांव में स्थित दुर्गा देवी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। ( शेष पेज 8 )

# सरकार ने 10 यूट्यूब चैनल के 45 वीडियो पर लगाया प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने के इरादे से सामग्री में छेड़छाड़ करने और फर्जी खबरें प्रसारित करने के लिए 10 यूट्यूब चैनल के 45 वीडियो को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जिन वीडियो को प्रतिबंधित किया गया है, उन्हें कुल मिलाकर 1.30 करोड़ बार देखा जा चुका है और उनमें दावा किया गया है कि सरकार ने कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकार छीन लिए हैं। ठाकुर ने कहा, इन चैनलों में ऐसी सामग्री थी, जो समुदायों के बीच भय और भ्रम फैलाती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रतिबंधित सामग्री में धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने की मंशा से प्रसारित फर्जी खबरें और छेड़छाड़ किए गए वीडियो शामिल हैं। इसमें कहा गया है, मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित किए गए कुछ वीडियो का इस्तेमाल अग्निपथ योजना, भारतीय सशस्त्र बलों, भारत का राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र, कश्मीर से जुड़े मुद्दों पर गलत सूचनाएं प्रसारित करने के लिए किया जा रहा था। बयान के अनुसार, यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के नजरिए से झूठी और संवेदनशील मानी गई। इसमें कहा गया है कि इन वीडियो को प्रतिबंधित करने का आदेश सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा निर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम 2021 के प्रावधानों के तहत 23 सितंबर को जारी किया गया। ठाकुर ने बताया कि इससे पहले सरकार ने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले 102 यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट को प्रतिबंधित किया था।



## सरकार ने जिन ट्वीट को ब्लॉक करने को कहा उनमें से 50-60% अहानिकारक थे: ट्विटर

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**माइक्रोब्लॉगिंग** साइट ट्विटर ने सोमवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय में दावा किया कि सरकार राजनीतिक सामग्री की वजह से अनुपयुक्त प्रतीत हो रहे किसी ट्वीट के बजाय उसे अकाउंट ब्लॉक करने के लिए कह रही है। ट्विटर ने कहा कि आरोपी उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए बगैर उसे कई अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करने को कहे जाने से एक मंच के तौर पर वह प्रभावित हुआ है। इसने कहा कि ऐसे कई ट्वीट, जिन्हें ब्लॉक करने के लिए कहा जा रहा था, वे अहानिकारक थे। उच्च न्यायालय कुछ अकाउंट, यूआरएल और ट्वीट ब्लॉक करने के केंद्र सरकार के आदेश खिलाफ ट्विटर की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। ट्विटर ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किए जाने और सामग्री हटाने के लिए इस सोशल मीडिया मंच को निर्देश देने से पहले कथित उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी नहीं किए जाने के आधार पर सरकार के आदेशों को चुनौती दी थी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ट्विटर की याचिका पर एक सितंबर को 101 पृष्ठों का एक बयान दाखिल किया था। सोमवार को ट्विटर की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने दलील दी कि कंपनी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम में निर्धारित नियमों का पालन कर रही है। डिजिटल माध्यम से अदालत में पेश हुए दातार ने दलील दी कि कथित उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी किए बगैर उसे (ट्विटर को) अकाउंट हटाने के लिए कहे जाने पर एक मंच के रूप में ट्विटर केंद्र द्वारा प्रभावित किया गया। ( शेष पेज 8 )

# गुलाम नबी आजाद ने डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी की स्थापना की

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**कांग्रेस** के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को अपने नए दल डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का गठन किया और कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने को चुनावी मुद्दा नहीं बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क, जलापूर्ति और महंगाई चुनावी मुद्दे हैं। आजाद ने कहा, मैं किसी को चुनावी मुद्दा बनाने से नहीं रोक सकता। मेरे पास बहुत सारी चीजें हैं, मैं इसे चुनावी मुद्दा क्यों बनाऊं? कश्मीर-केंद्रित दलों, विशेष रूप से पीडीपी द्वारा अनुच्छेद 370 पर उनकी टिप्पणी की आलोचना किए जाने के बारे में पूछने पर आजाद ने कहा, आप बस संसद के रिकॉर्ड पर गौर कर लीजिए कि (अनुच्छेद 370 पर) किसने बात की है या किसने नहीं। किसी के नाम पर संसद का रिकॉर्ड हासिल करें। लेकिन मेरा मानना है कि मैं चुनाव के लिए ऐसे मुद्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। आजाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आज यहां से डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) की शुरुआत कर रहा हूं। यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमारी विचारधारा महात्मा गांधी के आदर्शों पर आधारित होगी। आजाद ने कहा कि डीएपी का किसी अन्य राजनीतिक पार्टी से कोई मुकाबला नहीं होगा और यह जम्मू-कश्मीर में शांति व सामान्य स्थिति को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। ( शेष पेज 8 )



# सोसाइटी में फर्जी एसोसिएशन पर केस दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई, ऑफिस में तोड़फोड़ और नकदी लूटने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 78 स्थित सन शाइन हेलिओस सोसाइटी के मेंटेनेंस मैनेजर ने अपार्टमैंट ऑनर एसोसिएशन के दर्जन भर पदाधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है इन लोगों ने सोसाइटी में फर्जी एसोसिएशन का गठन किया। मेंटेनेंस ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां रखी नगदी को चुरा लिया। मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया है।

सन शाइन सोसाइटी में पीड़ित का फर्म हेलियोस मेंटेनेंस एंड सपोर्ट नाम से फ र्म है। जिसका काम सोसाइटी की सुरक्षा, देखभाल और बिजली ,पानी और जनरेटर आदि का मेनटेनेंस करना है। 19 जून 2022 को कथित अपार्टमैंट ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी गुरविंदर सिंह सिद्धू, संजय राव, राहुल अग्रवाल, पंकज बाबा, मनीष कश्यप, विवेक माटा, आशीष पांडा, संजय कुमार वाधवा, विनय बंसल, विश्वा लोचन सहित 8.10 अज्ञात लोगों ने मेंटेनेंस कार्यालय में आकर मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी। वहां मौजूद कर्मचारियों को डरा धमका कर वहां रखा 660000 रूपए नगद लूट लिया।



फाइल फोटो

● 19 जून 2022 को कथित अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और 10 अज्ञात लोगों ने मेंटेनेंस कार्यालय में आकर मारपीट कर दी थी जान से मारने की धमकी

आरोप है कि सोसाइटी में एओए का फ र्जी तरीके से गठन किया गया। जिस पर सोसाइटी के लोगों ने इसकी शिकायत सिटी रजिस्टर सोसाइटी मेरठ से की।

9 दिसंबर 2021 एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया गया। यही नहीं इस मामले में उच्च न्यायालय में दायर याचिका हवाला देते हुए रजिस्टर को दोबारा से प्रार्थना पत्र दिया गया जिस पर दिए गए आदेश पर 24 दिसंबर को स्टे लगा दिया।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सेक्टर 78 स्थित सन शाइन हेलि ओस सोसाइटी के फैसिलिटी मैनेजर अमित कुमार मिश्रा ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोसाइटी के पीड़ित के अनुसार सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के आदेश पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद मामले में आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विवादों से लंबा नाता

सन शाइन हेलिओस सोसाइटी का विवादों से पुराना नाता है। कभी लिफ्ट रूकने का मामला हो तो कभी रजिस्ट्री नहीं होने पर फ्लैट मालिकों का धरना प्रदर्शन। इस सोसायटी में पहले भी इस तरह की घटनाओं के चलते यह मीडिया की सुर्खियों में बना रहा है।

## लेजर और लाइट शो में दिखेगा ट्विन टावर

**नोएडा।** लेजर और लाइट शो के जरिए ट्विन टावर के निर्माण से लेकर ध्वस्तीकरण तक की पूरी कहानी बताई जाएगी। इसका आयोजन नोएडा के सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में होगा। सोसाइटी के लोग इसे विजय दिवस के रूप में मनाने जा रहे है।

19 अक्टूबर को सोसाइटी के लोग विजय दिवस मनाएंगे। इसकी तैयारी की जा रही है। सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष उदयभान सिंह तेवतिया ने कहा कि कार्यक्रम में जहां लेजर लाइट शो के माध्यम से ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण, उनके निर्माण और संघर्ष की गाथा को बताया जाएगा।

इसमें बताया जाएगा कि कैसे सोसाइटी ने पूरे देश में एक नया इतिहास रचा है और यह पहली बार हुआ जब देश में इतने बड़े टावरों को इतनी बड़ी कार्ययोजना के साथ ध्वस्त किया गया। इसके लिए काम करने वाले अधिकारियों और अन्य लोगों को भी इस विजय दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में लगे जयकारे, भक्तों का उमड़ा हुजूम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नवरात्र के पहले दिन सोमवार को नोएडा का सबसे पुराना सेक्टर.19 सनातन घर्म मंदिर जयकारों से गूंज उठा। तीन दिन की बारिश के बाद आज सुबह से मौसम साफ रहा। शहरवासियों ने सोमवार को दिन की शुरुआत माता के पूजा अर्चना के साथ की।

कोरोना के कारण दो वर्ष बाद नवरात्र के पहले दिन शहर के मंदिरों के पट पूरी तरह से खुले। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मंदिरों में जाकर माता के दर्शन किए। सेक्टर.19 स्थित सनातन धर्म मंदिर के पुजारी ने सुबह छह बजे ही माता का श्रृंगार किया। इसके बाद आरती उतारी। इसके बाद श्रृद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोले गए। सनातन धर्म मंदिर के पुजारी वीरेंद्र नंदा ने बताया कि धूप दिखाकर 8 बजे कलश स्थापना के साथ दुर्गा पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि नौ दिन लगातार मंदिर में पाठ और धार्मिक अनुष्ठान होगा। प्रतिदिन प्रसाद वितरित किया जाएगा। सेक्टर 19 स्थित यह मंदिर सनातन धर्म समिति के सहयोग से निर्मित किया गया।

### नगर आयुक्त ने किया देवी मंदिर का दौरा

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने सोमवार को जस्सीपुरा स्थित देवी मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर में पूजा की। नवरात्रि में देवी मंदिर के पास मेला भी लगता है। दरअसल मंदिर के पास ही काफी दूर तक सडकें टूटी हुई हैं, जिसे लेकर गत दिनों मंदिर के महंत नारायण गिरि ने नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ से मुलाकात की थी। उन्होंने एक दिन पहले ही नगर निगम के हेल्थ अफसर डॉ मिथलेश कुमार को निर्देश दिए थे कि वह मंदिरों के आसपास अभियान साफसफाई कराने का कार्य करें।

# एलिवेटेड रोड पर बर्थडे पार्टी, पहुंचे जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस ने रविवार मध्य रात्रि कौशांबी थाना क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन पार्टी मना रहे दिल्ली के चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी कार सीज कर दी। इन दिनों एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन मनाने का चलन देखने में आ रहा है। वहीं पुलिस ने ताजा मामले में भी दिल्ली से जन्मदिन मनाने आए लड़कों पर` सख्ती दिखाते हुए गिरफ्तारी की है।

कौशांबी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रभात दीक्षित ने बताया कि रविवार रात करीब 12 बजे यूपी गेट के पास एलिवेटेड रोड पर चार युवक जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। युवकों ने एलिवेटेड रोड पर कार खड़ी की थी। तेज ध्वनि में गाने बजा रहे थे। चारों दरवाजे खोल रखे थे। बोनट पर काटने के लिए केक रखे थे। इस बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई। उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

● पुलिस ने रविवार रात 12 बजे चार युवकों को किया गिरफ्तार

उनकी पहचान दिल्ली के मयूर विहार के हिमांशु नायल, नवीन रावत उर्फ विक्की, विक्रम सिंह और अर्जुन सिंह के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि हिमांशु का जन्मदिन था। एलिवेटेड रोड पर जन्मदिन पार्टी मनाने के दौरान पिछले दिनों युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। आतिशबाजी की। राहगीरों को डराया.धमकाया। गनीमत रही कि उस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस तरह के उत्पात के दो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए।

पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी। मामला लखनऊ तक पहुंचा था। उसके बाद इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस ने दो और साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने 18 युवकों को गिरफ्तार किया था। एलिवेटेड रोड पर निगरानी के लिए पुलिस तैनात कर दी। उसका नतीजा रविवार को देखने को मिला। युवकों के केक काटने से पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## निवाड़ी में धार्मिक यात्रा में हुआ बवाल 17 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कस्बा निवाड़ी धार्मिक यात्रा के दौरान हुए बवाल में पुलिस ने 17 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीम का गठन किया गया है।

कस्बा निवाड़ी में रविवार को हिमाचल प्रदेश स्थित ज्वाला जी मंदिर से लाई गई ज्योत की यात्रा निकाली जा रही थी। पहले यात्रा का स्वागत करने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। पुलिस के साथ भी धक्का.मुक्की की गई थी। संघर्ष में भाजपा नेता नितिन त्यागी सहित छह लोग घायल हो गए थे।

● ज्वाला मंदिर से लाई गई ज्योत की निकाली जा रही थी यात्रा

भाजपा नेता नितिन त्यागी की हालात गंभीर बताई जा रही है। उन्हें मोदीनगर के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में दोनों पक्षों ने एक.दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। थानाप्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि नरेन्द्र त्यागी, गौरव त्यागी, विक्रांत त्यागी, निशांत त्यागी, शंशाक त्यागी और नितिन, यश, अमन, प्रशांत, ब्रजेश, शिवम और छह अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कुत्तों के काटने से दो महिलाएं हुईं बेहोश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर 19 में सोमवार को कुत्तों के काटने से दो महिलाएं बेहोश हो गईं। घायल अवस्था में महिलाओं को सेक्टर 30 स्थित जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, यहां डाक्टरों ने महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही गंभीर हालत में घायल एक महिला को दिल्ली के सफ दरजंग अस्पताल रेफर कर दिया है।

कुत्तों के काटने से एक महिला के पैर में 12 टांके आए हैं। डाक्टरों का कहना है कि महिला को स्वस्थ होने में दो महीने का समय लगेगा। सेक्टर. 19 सी 237 में सुनीता व नैना घरेलू सहायिका के रूप में कार्य करती है। सेक्टर में आवाजाही करते समय दो कुत्तों ने पीछे से हमला कर दिया। बचने की कोशिश कर रही दोनों महिलाओं के पैर को कुत्तों ने काटना शुरू कर दिया। इसके कारण महिलाएं जमीन पर गिर गईए जिसके बाद कुत्तों ने पैर में कई जगह बुरी तरह से काट लिया। इससे महिलाओं के पैर में कुत्तों के दांत के निशान के साथ बढ़ा घाव बन गया है। उधर, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ने बताया कि कुत्तों के हमले में नैना व सुनीता बेहोश हो गई। आनन फानन में महिलाओं को सेक्टर 30 स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने उपचार के बाद नैना की गंभीर हालत होने पर सफ दरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। अस्पताल में भर्ती नैना को उपचार के बाद 12 टांके लगे हैं, फिलहाल हालत स्थिर है।

● गंभीर हालत में एक महिला को भेजा गया सफदरजंग

आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का कहना है कि मामले में शिकायत करने के बाद प्राधिकरण की तरफ से कुत्तों को पकड़ने वाला वाहन भेजा जाता है, लेकिन अभी तक वाहन आकर बिना किसी कुत्ते को पकड़े वापस लौट रहे है। कुत्तों की समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## वायुसेना अधिकारी की करंट से मौत

**गाजियाबाद।** भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन गाजियाबाद पर तैनात वारंट ऑफिसर सुशील कुमार शर्मा 47 साल की करंट लगने से मौत हो गई। वे घर का पानी भरने के लिए मोटर और बिजली के तार आपस में जोड़ रहे थे। उसी दौरान करंट लगा और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेरठ में राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ।

## प्रताप विहार में छज्जा गिरने से बच्चे की गई जान

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद क्षेत्र के खोड़ा स्थित प्रताप विहार में रविवार देर रात छज्जा गिरने से पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। मामले की पुलिस से शिकायत नहीं की है।

प्रताप विहार में ललित परिवार के साथ रहते हैं। रविवार देर रात करीब 10 बजे परिजन व पड़ोसियों के साथ दुर्गा पूजा पंडाल लगाने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान मकान का छज्जा गिरने से उनका पांच साल का बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया। नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात करीब 12 बजे उसकी मौत हो गई।

## ठग नाइजीरियन की पत्नी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोशल साइट पर युवती से दोस्ती कर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन क्लीयरेंस के नाम पर लाखों रुपए का चूना लगाने वाले ठगबाज नाइजीरियन की पत्नी को भिंड पुलिस ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला का पति धोखाधड़ी के आरोप में जेल में बंद है।

भिंड निवासी श्वेता तोमर ने 7 जून 2021 को थाना भिंड में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे में उसने बताया था कि उसकी हिमांशु राजपूत नामक व्यक्ति से बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान हिमांशु ने बताया कि वह लंदन यूके में रहता है। उसके माता.पिता यूएसए में रहते हैं। 2 मई वर्ष 2021 को हिमांशु ने बताया कि वह लंदन से नई दिल्ली घूमने के लिए आ रहा है। श्वेता ने बताया कि 3 मई की सुबह उसके पास सोनिया नाम की महिला का फोन आया। श्वेता ने बताया कि हिमांशु राजपूत व सोनिया ने विभिन्न तरीकों से उससे करीब 460000 अपने अकाउंट में ट्रांसफ र करा लिए। भिंड पुलिस ने श्वेता की शिकायत पर यह गिरफ्तारी की है।

## अन्नु त्यागी ने सोसाइटी के बाहर किया प्रदर्शन

**नोएडा।** भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगे राम त्यागी के नेतृत्व में त्यागी समाज और श्रीकांत त्यागी पत्नी अन्नु त्यागी ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी के बाहर किया गया। इसमें मांगेराम त्यागी के साथ 30 से 40 त्यागी समाज के 30 से 40 लोग मौजूद रहे।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा। वहां प्राधिकरण व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस मौके पर मांगे राम त्यागी ने प्राधिकरण अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया कि श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर से हटाए गए पेड़ों को वापस लगाया जाए। जिस तरह से श्रीकांत के घर के बाहर अवैध निर्माण को तोड़ा गया है उसी तरह सोसाइटी में सैकड़ों लोगों ने अतिक्रमण किया है। उनको तोड़ा जाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उखाड़े पेड़ों को लगाया जाएगा। साथ ही जिन लोगों ने अतिक्रमण या अवैध निर्माण किया है।


YES BANK

रजिस्टर्ड व कॉर्पोरेट ऑफ़िसः
**येस बैंक लिमिटेडः** येस बैंक हाउस, ऑफ़ वेस्टर्न एक्सप्रेस हायवे, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400055, भारत.
**फ़ोनः** +91 (22) 5091 9800 / +91 (22) 6507 9800 **फैक्सः** +91 (22) 2619 2866
**वेबसाइटः** www.yesbank.in **ईमेलः** shareholders@yesbank.in **सीआईएनः** L65190MH2003PLC143249

**[नियम – 8(1)]**
**कब्जे की सूचना**

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने येस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) नियम, 2002 (''**कथित नियम**'') के नियम 3 के साथ पठित सेक्यूरिटाइजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (2002 का 54) (''**कथित एक्ट**'') के अंतर्गत तथा खंड 13 (12) के अंतर्गत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उधारकर्ता, ज्ञानमाला पब्लिक एज्युकेशन ट्रस्ट (''**उधारकर्ता 1**''), माउंट लिटेरा एज्युकेशन फाउंडेशन (''**उधारकर्ता 2**''), जी लर्न एज्युकेशन सोसायटी (''**उधारकर्ता 3**''), (जिन्हें सम्मिलित रूप से ''उधारकताओं'' कहा गया है) तथा डिजिटल वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड (''**मॉर्टगेजकर्ता**'') को नोटिस की तिथि से 60 दिनों के अंदर नोटिस में उल्लिखित यथा 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 1 से देय राशि रु. **27,52,31,549.64** (रुपए सत्ताइस करोड़ बावन लाख इकत्तीस हजार पांच सौ उनपचास और पैसे चौंसठ मात्र), यथा 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 2 से देय राशि रु. **84,05,20,201.42** (रुपए चौरासी करोड़, पांच लाख, बीस हजार, दो सौ एक तथा पैसे बयालीस मात्र) यथा 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 3 से देय राशि रु. 72,00,30,877.22 (बहत्तर करोड़ तीस हजार आठ सौ सतहत्तर और पैसे बाइस मात्र) तथा अनुबंधित दर/रों पर चक्रवृद्धि ब्याज की फुटिंग पर उस पर पुनः ब्याज तथा चार्जेज के साथ बैंक को भुगतान किए जाने /वसूली की तिथि तक चुकाने के लिए एक मांग नोटिस दिनांक 14 दिसंबर 2021 को जारी किया था.

उधारकर्ता तथा मॉर्टगेजकर्ता संबंधित मांग नोटिस में दिए गए विवरण के अनुसार उक्त राशि को चुकाने में असफल रहे हैं, इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ताओं, मॉर्टगेजकर्ता तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कथित नियम के नियम 8 के साथ पठित कथित एक्ट के खंड 13 के उप-खंड (4) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी ने प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नीचे वर्णित की हुई सम्पत्ति का कब्जा (सांकेतिक) 20 सितंबर 2022 को प्राप्त कर लिया है.

उधारकर्ताओं और मॉर्टगेजकर्ताओं को विशेष रूप से तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के साथ कोई सौदेबाजी न करें तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई सौदेबाजी दिनांक 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 1 से देय राशि रु. **27,52,31,549.64** (रुपए सत्ताइस करोड़ बावन लाख इकत्तीस हजार पांच सौ उनपचास और पैसे चौंसठ मात्र), यथा 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 2 से देय राशि रु. **84,05,20,201.42** (रुपए चौरासी करोड़, पांच लाख, बीस हजार, दो सौ एक तथा पैसे बयालीस मात्र) यथा 14 दिसंबर 2021 को उधारकर्ता 3 से देय राशि रु. **72,00,30,877.22** (बहत्तर करोड़ तीस हजार आठ सौ सतहत्तर और पैसे बाइस मात्र) तथा बैंक को अंतिम भुगतान किए जाने की तिथि तक उस पर स्वीकृत शर्तों के अनुसार आगामी ब्याज तथा अन्य चार्जेज़, लागतों, चार्जेज के साथ येस बैंक लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगी.

उधारकर्ताओं और मॉर्टगेजकर्ता का ध्यान, सिक्योर्ड एसेट्स को रिडीम करने के लिए उपलब्ध समय के बारे में, एक्ट के खंड 13 के उपखंड 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

**अचल संपत्ति का विवरण**
**( मॉर्टगेज की गई संपत्ति)**

लीज पर धारित जमीन का सपूर्ण हिस्सा जिसकी माप 43 करनाल 17 मार्लास या 5.48 एकड़ (22169.70 वर्ग मीटर) है, खेवट नं. 332/Min//317, खटोनी नं. 398/1, रेक्ट नं. 76, किल्ला नं. 21/1 (3-8), रेक्ट नं. 77, किल्ला नं. 23/2 (6-13), 24/2 (6-13), 25/2 (6-13), खेवट नं. 1012 Min //961 Min, 962 Min, खटोनी नं. 1254, रेक्ट नं. 82, किल्ला नं. 3/1 (5-2), 4 (7-7), 5/1 (5-2), 1/1/1 (2-19) के अंतर्गत है 8 किट्टास में गांव कुतैल, तहसील और जिला करनाल, हरियाणा के रेवेन्यू एस्टेट में स्थित है तथा इनसे घिरी है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| उत्तर की ओर-अमीरा फूड्स की जमीन | दक्षिण की ओर-सहारा इंडिया | पूर्व की ओर-सहारा इंडिया | पश्चिम की ओर-रास्ता और मालिकों/लीजधारकों की जमीन |

उनसे जुड़े सभी अधिकारों, दायिताओं तथा मंजूरियों, सभी मौजूदा बिल्डिंग्स के साथ वर्तमान और भविष्य की, उन पर संरचनाओं, उत्थापनों तथा/या निर्माणों और उसके बाद/संबंधित मॉर्टगेजों की तिथि के बाद डेव्लपमेन्ट्स/एडीशन्स तथा सभी फिक्सचर्स और फर्नीचर्स और जमीन पर मौजूद प्लांट तथा मशीनरी या जमीन से संलग्न किसी भी चीज पर स्थायी रूप से बांधी गई, वर्तमान और भविष्य में, दोनों के साथ.

निनाद प्रभु
एसिस्टेन्ट वाइस प्रेसिडेन्ट
(प्राधिकृत अधिकारी)
**येस बैंक लिमिटेड**

दिनांक : 20 सितंबर 2022
स्थान : करनाल



शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग,दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00003704694/एलबीडीईएल00003704698, कर्जदार का नाम आशा रानी शर्मा सम्पत्ति पता एचआईजी लैट नंबर 566, प्रथम तल, मेट्रो व्यू अपा. पाकेट–2, सेक्टर–13, द्वारका, दिल्ली के संबंध में सांकेतिक प्रकाशन दिनांकित 28–10–2021 प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा एचआईजी लैट नंबर 566, प्रथम तल, मेट्रो व्यू अपा. पाकेट–2, सेक्टर–13, द्वारका, दिल्ली के स्थान पर एचआईजी लैट नंबर 566, प्रथम तल, मेट्रो व्यू अपा. पाकेट–बी, सेक्टर–13, द्वारका, दिल्ली वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको एचआईजी लैट नंबर 566, प्रथम तल, मेट्रो व्यू अपा. पाकेट–2, सेक्टर–13, द्वारका, दिल्ली के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 27–09–2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**द हिन्दुस्तान टाइम्स लिमिटेड**
सीआईएनः U74899DL1927PLC000155
**पंजीकृत कार्यालयः** एचटी हाउस, 18–20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001; टेलीफोनः +011 - 66561206
ईमेलः secretarial.ht@rediffmail.com

**सूचना**
**विषयः कम्पनी के समता अंशधारकों के ध्यान देने हेतु**

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदेय) नियम, 2016 ("नियम") के प्रावधानों के अनुसार सभी अंश ("ऐसे अंश"), जिनके संदर्भ में अंशधारकों द्वारा सात या अधिक वर्षों तक लाभांश का दावा नहीं किया गया है, विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईइपीएफ) प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित कर दिए जाने चाहिए।

अतः, ऐसे सभी अंतर्निहित अंश, जिनके सम्बन्ध में लाभांश का भुगतान/दावा वित्तीय वर्ष 2014–15 से लगातार सात वर्षो तक नहीं किया गया है, को उक्त नियमों के अनुसार आईइपीएफ के डीमैट खाते में हस्तांतरित किया जाना है।

नियम के अनुसरण में, कंपनी ने उन सभी सम्बद्ध अंशधारकों, जिनके अंश आईइपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरित होने हेतु यथोचित हैं, को उचित कार्रवाई करने हेतु व्यक्तिगत तौर पर सूचित किया है। कथित सूचना को डुप्लीकेट अंश प्रमाण–पत्रों/नियम के अनुसार अंशों के आईइपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरण हेतु पर्याप्त सूचना के रूप में समझा जाना चाहिए।

एतद् द्वारा ऐसे सभी अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी को 30 अक्टूबर 2022 तक अदत्त लाभांश के भुगतान के दावा हेतु अनुरोध का आवेदन करें ताकि अंश आईइपीएफ में हस्तांतरित न किए जाएँ। कृपया ध्यान दें कि यदि कम्पनी को 30 अक्टूबर 2022 तक कोई प्रतिक्रिया या दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कम्पनी ऐसे अंशों को, बिना किसी अगली सूचना के, आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित करने हेतु बाध्य होगी।

अंशधारक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा अदावाकृत लाभांश तथा आईइपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित सभी अंशों को सभी उपार्जित लाभ, यदि कोई हो, सहित आईइपीएफ प्राधिकरण से नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वापस प्राप्त किया जा सकता है। यदि विषय–वस्तु एवं नियमों के सम्बन्ध में अंशधारकों का कोई प्रश्न हो, तो वे कम्पनी के सचिवालय विभाग से हिंदुस्तान टाइम्स हाउस, मेजेनाइन फ्लोर, 18–20 कस्तूरबा गाँधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001, टेलीफोनः 011–66561206, ईमेलः secretarial.ht@rediffmail.com से संपर्क करें।

कृते द हिन्दुस्तान टाइम्स लिमिटेड
हस्ता/–
विरेन्द्र कुमार चारोड़िया
निदेशक व कम्पनी सचिव
डीआईएनः 00046895

दिनांकः 11 जुलाई 2022
स्थानः नई दिल्ली



**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that my client Smt. Silky Lamba R/o 17/81, Subhash Nagar, New Delhi have severed all relations with her Parents Anu Lamba And Harish Lamba, and Also With Her Brother Sohil Lamba. She has also disowned and debarred her Parents And Brother from all her movable and immovable properties. Anybody dealing with them shall do so at his/her/there risk and responsibility. And my client will not be responsible for act/deed/done by them.

SD/- Rajesh Aggarwal (Advocate)
Enrl. No. D/5046/16 Add.: 452/2, Bhushan Bhawan, Azadpur, Delhi-33



BEFORE THE HON'BLE XXI ADDITIONAL DISTRICT AND SESSIONS JUDGE
ALLIKULAM COMPLEX, CITY CIVIL COURT CHENNAI
O.S. No. 4804 of 2019
M/s Chaganraj and Company
By its Proprietor...Plaintiff
Versus
M/s Swati Paper Convertor and 2 others...Defendants
To
D2 M/s Kashvi Papers, D97, Gali No.6, Garhi Maendu, Bajan Pura, Delhi-110053.
Take notice that the above Plaintiff has filed the suit against the Defendants for recovery of Rs. 20,83,820/- and further interest in the above Court. The above case came up for hearing on 21.09.2022 and the Honble XII Addl. Judge, City Civil Court Chennai was pleased to ordered Notice by substitute service to you returnable by 17.10.2022.
Hence be present on 17.10.2022 at 10.30 am in the above said Court to state your objections if any, failing which the above matter will be heard and decided in your absence as exparte.

V.V.RAVICHANDRAN, Advocate,
E.No.290/92, 437, New Addl. Law Chambers


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# डीयू ने दाखिला प्रक्रिया को बनाया और आसान

**● मिड-एंट्री के जरिए मिलेगा मौके पर ही प्रवेश, खाली सीटों के आवंटन की सुविधा**

**सीएसएएस का दूसरा चरण सोमवार से शुरू**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में स्नातक पाठ्यक्रमों में परेशानी मुक्त दाखिला प्रक्रिया सुनिश्चित करने के मकसद से मिड-एंट्री, मौके पर प्रवेश, वेबिनार आयोजित करने के अलावा हेल्पलाइन सेवाएं शुरू करने जैस कई कदम उठाए हैं। डीयू में इस महीने लगभग 70 हजार सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की थी।

इस साल विवि छात्रों को 12वीं के अंकों के स्थान पर सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंकों के आधार पर प्रवेश दे रहा है। पहले चरण के लिए दाखिले 12 सितंबर से शुरू हुए थे, जबकि दूसरा चरण सोमवार यानी 26 सितंबर से शुरू हुआ। दोनों चरण 10 अक्टूबर तक खुले रहेंगे। विश्वविद्यालय ने अपनी प्रवेश-सह-आवंटन नीति यानी सामान्य सीट आवंटन प्रणाली (सीएसएएस) जारी की। सीएसएएस के जरिए प्रवेश तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। इसमें आवेदन पत्र जमा करना, पाठ्यक्रम का चयन और वरीयताएं भरना, सीट आवंटन और प्रवेश शामिल हैं। पहले चरण के लिए दाखिले 12 सितंबर से शुरू हुए थे, जबकि दूसरा चरण सोमवार यानी 26 सितंबर से शुरू हुआ। दोनों चरण 10 अक्टूबर तक खुले रहेंगे।

इस बीच, डीयू प्रवेश की पहली सूची की तारीख का ऐलान करेगा। इस साल, 67 कॉलेजों, विभागों और केंद्रों में 79 स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश शुरू हुए हैं, जिसमें बीए प्रोग्राम पाठ्यक्रम के लिए भी 206 संयोजन शामिल हैं। डीयू की डीन (प्रवेश) हनीत गांधी ने कहा कि विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित कर रहा है कि छात्रों के सभी प्रश्नों का तुरंत समाधान किया जाए और उन्हें किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विवि की ओर से किए गए उपायों में मिड-एंट्री दाखिला, बहु आवंटन दौर, मौके पर दाखिले, शिकायत निवारण समितियां, वेबिनार और हेल्पलाइन सेवाएं शामिल हैं। निर्धारित समय के भीतर आवेदन करने में विफल रहने वाले छात्रों की मदद के लिए मिड-एंट्री प्रवेश शुरू किए गए हैं। ऐसे उम्मीदवार शुल्क के तौर पर एक हजार रुपए का भुगतान करने के बाद दोबारा आवेदन कर सकते हैं। मिड-एंट्री प्रवेश केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के लिए मान्य होंगे, जिन्होंने पहले आवेदन किया था, लेकिन उनकी प्रवेश प्रक्रिया किसी कारण से बीच में ही अटक गई है। हालांकि, यह प्रावधान बीए ऑनर्स संगीत , बीएससी शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेल , ईसीए और स्पोर्ट्स सुपरन्यूमेरी कोटा आदि पर लागू नहीं है। इसके अलावा, डीयू ने घोषणा की है कि सीट आवंटन के पहले दौर में, प्रत्येक कॉलेज में प्रत्येक कार्यक्रम में अनारक्षित श्रेणी, अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)-एनसीएल, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणियों में अतिरिक्त 20 प्रतिशत और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों में 30 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन होगा।

गांधी ने छात्रों को सलाह दी कि वह प्रवेश के संबंध में सभी जानकारियों के मकसद से, दिशानिर्देशों के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट और उनके डैशबोर्ड पर जाएं। विवि अपने पोर्टल पर प्रत्येक आवंटन दौर से पहले खाली सीटों को प्रदर्शित करेगा।

# अस्सी प्रतिशत कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए सुविधाओं का अभाव, रोकें अनुदान: डीटीए




**● 2 हजार छात्र, 3 सौ शिक्षक व 200 कर्मचारी काम करते हैं: डॉ. सुमन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध विभागों व कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए सुविधाओं का अभाव है। यूजीसी के कई बार निर्देशों दिए जाने के बाद भी लगभग 80 फीसदी विभागों व कॉलेजों में दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं अब तक मुहैया नहीं कराई गई हैं।

इन कॉलेजों में ना तो उनके लिए चलने फिरने के लिए टैक्टाइल फ्लोरिंग, रैम्प, लिफ्ट, ब्रेल चिन्ह, ब्रेलप्रिंटर, कम्प्यूटर, लेपटॉप, ध्वनि संकेत, रैलिंग, रिसोर्स रूम, रेस्ट रूम व विशेष विल चेयर और ना ही उनके लिए विशेष रूप से निर्मित शौचालय का प्रबंध किया गया है जिससे उन्हें रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।

इतना ही नहीं नार्थ कैम्पस में टैक्टाइल पाथ जिस पर विक्लांग चलते है वहाँ पर मोटरसाइकिल व स्कूटी खड़ी रहती है जिसकी वजह से हर रोज किसी न किसी विक्लांग के साथ दुर्घटना होती है। दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि डीयू में लगभग दो हजार छात्र, तीन सौ शिक्षक व 200 कर्मचारी विक्लांग वर्गो के काम करते हैं। कॉलेजों के प्रिंसिपल को यूजीसी से ग्रांट मिलने के बाद भी इनके लिए सुविधाओं का अभाव है। डीयू के एक दर्जन कॉलेजों जिसमें हंसराज कॉलेज, खालसा कॉलेज, माता सुंदरी कॉलेज, मिरांडा हाउस, सोशल वर्क डिपार्टमेंट, सोशल साइंस फैकल्टी, लक्ष्मी बाई कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आई.पी कॉलेज, लेडी श्रीराम कॉलेज, राजधानी कॉलेज, सत्यवती कॉलेज आदि में विक्लांगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध है।

वहीं माता सुंदरी कॉलेज में इस श्रेणी के शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्राओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है।

# यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर से ऊपर



लोहे वाले पुल के पास खतरें के निशान पर पहुंची यमुना नदी।

**● अधिकारियों ने चेताया- दो दिन में पानी और बढ़ने की आशंका**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में भारी बारिश के बाद सोमवार को यमुना का जलस्तर 204.5 मीटर के चेतावनी के स्तर से ऊपर पहुंच गया और अगले दो दिन में इसके और बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने कहा कि जलस्तर रविवार-सोमवार की रात एक बजे चेतावनी के स्तर को पार कर गया और सुबह आठ बजे तक यह बढ़कर 204.7 मीटर पर पहुंच गया है। नियंत्रण कक्ष ने हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से सुबह 6 बजे 2,95,212 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना दी है, जो इस मॉनसून सीजन में अब तक सबसे अधिक है। सुबह 7 बजे प्रवाह दर 2,57,970 थी। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकेंड के बराबर होता है। आम तौर पर हथिनीकुंड बैराज में प्रवाह दर 352 क्यूसेक होती है, लेकिन भारी बारिश के बाद जलग्रहण क्षेत्रों में पानी का बहाव बढ़ जाता है। बैराज से छोड़े गए पानी को राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचने में आमतौर पर दो से तीन दिन लगते हैं। प्रशासन ने अभी बाढ़ की चेतावनी जारी नहीं की है। पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट अनिल बंका ने कहा कि नदी के आसपास के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को जल स्तर में और वृद्धि होने के बारे में सावधान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जलस्तर के बुधवार तक 206 मीटर तक पहुंचने का अनुमान है। 205.3 मीटर के खतरे के निशान को पार करने पर बाढ़ की चेतावनी जारी की जाएगी। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ उत्तरी हिस्सों में पिछले कुछ दिन से लगातार बारिश हो रही है। यमुना नदी प्रणाली के जलग्रहण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दिल्ली के कुछ हिस्से शामिल हैं।

दिल्ली में नदी के आसपास के निचले इलाकों के बाढ़ की चपेट में आने की आशंका रहती है। इन इलाकों में लगभग 37,000 लोग रहते हैं। यमुना का जलस्तर 12 अगस्त को 205.33 मीटर के खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था, जिसके बाद नदी के किनारे के निचले इलाकों से लगभग 7,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल ने गुजरात से आए सफाईकर्मी के साथ खाया खाना

**● केजरीवाल ने गुजरात से आए सफाईकर्मी के साथ खाया खाना**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गुजरात से राजधानी दिल्ली पहुंचे सफाई कर्मचारी हर्ष सोलंकी के परिवार के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोपहर का खाना खाया। इस दौरान सीएम का परिवार भी मौजूद रहा। केजरीवाल के विशेष मेहमान इसके बाद सरकारी स्कूल और मोहल्ला क्लिनिक का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुजरात में भी ऐसे ही सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की जरूरत है।

अहमदाबाद में रविवार को आम आदमी पार्टी ने सफाईकर्मियों के साथ आयोजित टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान दलित समुदाय से संबंध रखने वाले सोलंकी ने केजरीवाल को रात के भोजन पर अपने घर आने का न्योता दिया था। आप गुजरात के प्रदेश संयोजक गोपाल इटालिया हर्ष सोलंकी और उनके परिवार को लेकर गुजरात से फ्लाइट के जरिए एयरपोर्ट पहुंचे। हर्ष अपने परिवार के साथ वेस्ट विनोद नगर स्थित सरकारी स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक देखने पहुंचे। इसके बाद वह परिवार सहित अरविंद केजरीवाल से मिले। सीएम ने गले लगाकर हर्ष का स्वागत किया। इस बीच सोलंकी ने मुख्यमंत्री को बाबा साहब की तस्वीर भी भेंट की और अपने परिवार सहित सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ लंच किया।

## केजरीवाल दलित विरोधी और सफाई कर्मचारियों के दुश्मन : भाजपा



रामवीर बिधूड़ी

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दलितों के हमदर्द बनने का दिखावा करने वाले मुख्यमंत्री असल में दलित विरोधी हैं। कोरोना काल में सफाई कर्मचारियों की मौत पर मुआवजा देना तो दूर, उनसे मिलने का समय तक नहीं दिया। सफाई कर्मचारियों का वेतन रोककर उन्हें भूखों मरने पर मजबूर किया। अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के लिए बजट में मंजूर राशि में से करीब 82 फीसदी तक खर्च ही नहीं किया। अब गुजरात के दलितों को दिल्ली बुलाकर ढोंग कर रहे हैं।

## गुजराती दलित परिवार को खाने पर बुलाना चुनावी स्टंट : कांग्रेस



अनिल कुमार

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस ने केजरीवाल पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल गुजरात के दलित परिवार को भोजन पर बुलाकर अवसरवादी और चुनावी स्टंट राजनीति को नया आयाम देने की कोशिश करके दलित वर्ग को गुमराह कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



के आर मंगलम वर्ल्ड स्कूल विकासपुरी के अथर्व गुप्ता ने 17-9 सितंबर तक जापान में आयोजित एशिया जूनियर स्पोर्ट्स एक्सचेंज गेम्स (टेबल टेनिस) में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने एक स्वर्ण पदक जीतकर देश और अपने संस्थान का नाम रोशन किया।

### जैन की याचिका पर खिलाफ ईडी से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दाखिल एक याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। इस याचिका में जैन ने अपने खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है।न्यायमूर्ति योगेश खन्ना जैन की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करके उससे लघु उत्तर दाखिल करने के लिए कहा और मामले को आगे की सुनवाई के लिए 28 सितंबर को सूचीबद्ध कर दिया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका पर अपना रुख बताने के लिए अदालत से समय मांगा है।

### बॉडी बिल्डिंग में राहत ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** लाजपत नगर स्थित लाजपत भवन में ओपन मिस्टर एंड मिस एनसीआर 2022 चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। बॉडी बिल्डिंग की इस प्रतियोगिता में विभिन्न कैटेगरी 250 से 300 प्रतियोगी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हरीश चौहान ओवर ऑल चैंपियन रहे, वहीं मोहम्मद आमिर शारीरिक सौष्ठव और सलमान क्लासिक सौष्ठव में विजेता रहे। प्रतियोगिता के 75 किलोग्राम पुरूष वर्ग में राहत ने बॉडी बिल्डिंग में स्वर्ण पदक विजेता रहे। राहत को इस प्रतियोगिता के लिए द मसल्स क्रियेट जिम के ट्रेनर विक्की यादव और रेखा यादव ने तैयारी करवाई थी। बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएएफएसए) के अंतर्गत हुई इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक गोपाल नायडू थे। प्रतियोगिता में बीएएफएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू गौर, ट्रेजरार विकास सक्सेना आदि की मुख्य भूमिका रही। सभी विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र और सप्लीमेंट प्रदान किया गया।

### फर्जी कॉल सेंटर से ठगने वाले चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरेली से चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ नौकरी देने के बहाने फर्जी कॉल सेंटर के जरिए एक हजार से अधिक लोगों के साथ ठगी करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान प्रांशु (27) हिमांशु (20), पंकज पांडे (27) और दीपक कुमार (28) के तौर पर हुई है। प्रांशु और हिमांशु उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के निवासी हैं जबकि पंकज फरीदाबाद का और दीपक यहां बदरपुर का रहने वाला है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, एक महिला ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 2,76,072 लाख रुपए की ठगी की। अधिकारी ने बताया कि उसने (शिकायतकर्ता ने) नौकरी के लिए आवेदन किया था और उसे तीन नंबरों से एक कंपनी के मानव संसाधन (एचआर) विभाग में प्रबंधक के पद के लिए नौकरी की पेशकश की गई।

# विधायक अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**● कोर्ट ने वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितताओं में दिया आदेश**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने इस बाबत आदेश पारित किया। उन्होंने खान की जमानत पर सुनवाई मंगलवार के लिए तय की। इससे पहले अदालत ने 21 सितंबर को खान की हिरासत में पूछताछ की अवधि पांच दिन के लिए बढ़ा दी थी। एसीबी ने 16 सितंबर को खान के परिसरों पर छापेमारी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। प्राथमिकी के अनुसार, खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान कथित तौर पर सभी मानदंडों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके 32 लोगों को भर्ती किया था। प्राथमिकी के अनुसार, बोर्ड के सीईओ ने इस तरह की अवैध भर्ती के खिलाफ स्पष्ट बयान देते हुए ज्ञापन जारी किया था।

## धनशोधन मामले में जैकलीन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सुकेश चंद्रशेखर से संबंधित 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिज को सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी।



विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने फर्नांडिज को 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर राहत देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 अक्टूबर की तारीख तय की। इससे पहले, 31 अगस्त को न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल एक पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए फर्नांडिज को अदालत के सामने पेश होने के लिए कहा था। ईडी ने मामले की जांच के संबंध में कई बार फर्नांडिज को पूछताछ के लिए बुलाया था।

# लंपी रोग की रोकथाम को टीकाकरण शुरू

**● सरकार वायरस से प्रभावित क्षेत्र के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले पशुओं को लगाएगी टीका : पशु विभाग**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लंपी त्वचा रोग की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार ने सोमवार से स्वस्थ मवेशियों का टीकाकरण शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक 571 मवेशी इससे संक्रमित हो चुके हैं।

वहीं अब तक 275 मवेशी संक्रमण से उबर भी चुके हैं और फिलहाल 296 मवेशियों का इलाज जारी है। पशुपालन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, उन्होंने गोट पॉक्स के 25,000 टीके खरीदे हैं और सोमवार से दिल्ली में स्वस्थ मवेशियों के टीकाकरण की शुरुआत की है।

ये खुराकें मुफ्त दी जाएंगी और टीकाकरण अभियान को पूरा करने में लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा। सरकार वायरस से प्रभावित क्षेत्र के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले पशुओं का टीकाकरण करेगी। लंपी त्वचा रोग के अधिकांश मामले दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली जिले में पाए गए हैं, जिनमें गोयला डेयरी क्षेत्र, रेवला खानपुर क्षेत्र और नजफगढ़ आदि इलाके शामिल हैं। राजधानी में अब तक संक्रमण से किसी मवेशी की मौत की खबर नहीं है।

ज्ञात हो कि यह बीमारी मुख्यत: बीमार पशु से स्वस्थ पशु के संपर्क में आने से फैलती है और मक्खी-मच्छर, जुऐं-किल्ली के संक्रमण से भी फैलती है। इस बीमारी से बचाव के लिए मक्खी-मच्छर, जुऐं किल्ली को नियंत्रित करने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव करना और बाह्य परजीवी नाशक औषधी का छिड़काव करना, पशु ग्रह की साफ-सफाई और पशुओं को संतुलित आहार दिया जाना चाहिए।

बीमार पशु को स्वस्थ पशु से अलग रखना और परिवहन प्रतिबंधित करना चाहिए।

# शारदीय नवरात्र पर रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए मंदिर

## उमड़ी भक्तों की भीड़, इस बार देवी का आगमन व प्रस्थान दोनों हाथी पर हो रहा, जो शुभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू होकर पूरे नौ दिन (चार अक्टूबर) तक चलेगा। इसे लेकर मंदिरों को विशेष रूप से फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिरों के साथ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी पूजा-अर्जना की। इस दौरान मंदिर समितियों के साथ श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह है।

कोविड-19 महामारी के कारण दो वर्ष बाद नवरात्र पर मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने की अनुमति है, ऐसे में श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष ध्यान दिया है। श्रद्धालुओं को भीड़को नियंत्रित करने के लिए पुलिस व मंदिर के सेवादार तैनात किए गए हैं। इस बार देवी का आगमन व प्रस्थान दोनों हाथी पर हो रहा है, जो





नवरात्र पर देवी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु व सजे मंदिर। फोटो: रंजन डिमरी

शुभदायक है। तिथि का क्षय नहीं होने से इस बार नवरात्र पूरे नौ दिनों का है, लेकिन चार अक्टूबर को दोपहर डेढ़ बजे तक ही नवमी है। इसी अवधि में दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन व कन्या पूजन किया जाएगा। चार अक्टूबर को अपराह्न कालिक दशमी मिलने से विजयदशमी भी इसी दिन मनाई जाएगी और नीलकंठ दर्शन, शमी पूजन, अपराजिता पूजन व जयंती ग्रहण आदि अनुष्ठान संपन्न होंगे।

नवरात्र शुरू होते ही बाजारों में में पूजा की दुकानों पर भीड़ रही। इससे पहले तीन दिनों तक लगातार बारिश के चलते श्रद्धालु बाहर नहीं निकले। रविवार को बारिश बंद होने के बाद शाम और सोमवार सुबह से ही बाजारों में खरीदार पहुंचने शुरू हो गए थे। चांदनी चौक, सदर बाजार, पहाड़गंज, करोल बाग वराजेंद्र नगर समेत कई बाजारों में लोगों ने पूजा व वृत के सामान की खरीदारी की। यहां पूजन सामग्री की स्थाई हवन सामग्री, फूलमाला, चुनरी, मूर्तियां, माता की पोशाक, कपूर, सिंदूर, धूपवती, चूड़ियां, नारियल समेत अन्य पूजा उत्पादों की लोगों ने खरीदारी की। पहाड़गंज के दुकानदार दीपक ने कहा कि यह नौ दिन हमारे लिए किसी बड़े उत्सव से कम नहीं है।

# पोषण को सही अनुपात में लेना जरूरी: प्रो पाणी

**● डीयू में 5 वां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया**

**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतियोगी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्लोगन पोस्टर, पारंपरिक स्वास्थ्य व्यंजन समेत तीन प्रतियोगित संपन्न हुई।

दिल्ली विश्वविद्यालय की नॉन कोलेजिएट वुमेंस एंड एजुकेशन बोर्ड (एनसीडब्ल्यूईबी) और राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्जवलित करने के साथ हुई।

एनसीडब्ल्यूईबी के चेयरपर्सन प्रो. बलराम पाणी ने इस मौके पर कहा कि अच्छे पोषण अनुपात में लेना जरूरी है। अच्छे भोजन से ही



डीयू में कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं मीता राजीवलोचन व प्रोफेसर गीता भट्ट।

ऊर्जा मिलती है। वहीं एनसीडब्ल्यूईबी निदेशक प्रो. गीता भट्ट ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से ही 2018 राष्ट्रीय पोषण माह (सितंबर) में मनाना शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि अच्छा पोषण स्वस्थ्य शरीर को बनाने का काम करता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वे का हवाला देते हुए भट्ट ने मोटापे का एक चुनौती माना। वहीं डीयू की प्रोक्टर रजनी अब्बी ने कहा कि पोषण के अलावा छात्राओं को सर्वविकास भी जरूरी है। एनसीडब्ल्यूईबी की साइबर जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अब्बी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकते है। समारोह में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य मीता राजीवलोचन, कुलसचिव डा. विकास गुप्ता, उप निदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने भी अपने विचार रखें।

# सड़क में गहरे गड्ढे होने से गाड़ौली से पहले पटौदी रोड एक तरफ से बंद

## काफी समय से सड़क टूटी थी, बरसात में और टूट गई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पटौदी** रोड पर राधा-स्वामी सत्संग भवन के आसपास कुछ तो सड़क पहले से टूटी पड़ी थी। रही सही कसर बारिश ने निकाल दी। पूरी सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। जब बरसात का पानी लबालब भरा था तो कई वाहन इसमें फंसे। जिससे उनका नुकसान भी हुआ। ऐहतियात के तौर पर अब आसपास के लोगों ने इस सड़क को बंद कर दिया है, ताकि किसी का जान-माल का नुकसान ना हो।

गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद की नजर में यह सड़क कहीं से नहीं टूटी है। गुरुग्राम के सेक्टर-10 चौक से आगे पटौदी रोड पर हरसरू तक सड़क की जो खस्ता हालत है, वह नगर निगम के विकास के दावों की पोल खोलती है। इस सड़की यह हालत आज से नहीं है, बल्कि पिछले करीब एक साल से है। अब बरसात आने के बाद तो यह सड़क और भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसमें गहरे गड्ढे भी हो चुके हैं। बरसात में कई जगह पर इन गड्ढों में वाहन फंसे नजर आए। वाहनों में नुकसान भी हुआ। बरसाती पानी मुख्य सड़क से निकला तो गड्ढे वाली जगह से सड़क के पास से सड़क को बंद कर दिया गया है, क्योंकि गहरे गड्ढों में अभी भी पानी भरा हुआ है। सड़क अब पूरी तरह से बंद है।


गुरुग्राम-पटोदी रोड पर राधा-स्वामी सत्संग भवन से पहले गहरे गड्ढे होने के कारण बंद की गई सड़क।

### मेयर बोलीं-देखोजी, सड़कें भी सब बनी पड़ी हैं...



**गुरुग्राम** की मेयर मधु आजाद को जब पटौदी रोड के क्षतिग्रस्त होने के बारे में जानकारी दी गई तो उन्होंने इससे इंकार कर दिया। मेयर ने कहा-देखो जी, सड़कें भी सब बनी पड़ी हैं। सड़कें टूटी हों, ऐसा कुछ नहीं है। आप बता दो कहां टूटी है। जब जनप्रतिनिधि ही शहर की समस्याओं से अनजान है तो किससे सुधार की उम्मीद की जाए। मेयर को चाहिए वे अपनी पार्टी के उन नेताओं से भी अपडेट ले लें, जो गढ़ी गाड़ौली के रहने वाले हैं। वे पार्टी में पदाधिकारी भी हैं।

### कभी भी गिर सकता है गाड़ौली नाले का पुल

बात करें नगर निगम के पटौदी रोड पर पहले गांव गाड़ौली की। यहां गांव से ठीक पहले गंदे नाले पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त होता जा रहा है। करीब एक माह पूर्व इस नाले में डूबे एक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया। उस समय ग्रामीणों ने जाम लगाकर इन सब कार्यों को पूरा करने की मांग की थी। प्रशासन ने आश्वासन देकर तो लोगों को जाम से हटा दिया, लेकिन आज तक वहां पर कुछ नहीं किया गया है। पुल की एक बड़ा हिस्सा पिछले दिनों टूट गया था। लोहे की सीट से उस हिस्से को ढक दिया गया है और उसके आसपास सीमेंट के बने दो बड़े-बड़े टुकड़े रख दिए हैं। अब वहां से वाहन नहीं निकल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल कभी भी गिर सकता है। यहां से भारी वाहनों का आना-जाना रहता है। कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम के विकास में उत्तराखंड वासियों की भी भूमिका : गोयल


गुरुग्राम में नवीन गोयल का सम्मान करते उत्तराखंड के लोग।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में रह रहे उत्तराखंड के लोगों की सामाजिक संस्था कुमाऊं भ्रातृ मंडल की ओर से पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में उनके द्वारा किए समाजहित में किए गए नेक कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। कुमाऊं प्रांत मंडल के प्रधान सुरेश चंद्र काला, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महासचिव करण सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, लेखाकार ध्यान सिंह रावत, धर्मशाला प्रबंधक गोविंद सिंह गढ़िया, संयुक्त सचिव सुरेंद्र सिंह रावत, मंडल संरक्षक केशव दत्त शर्मा, धीरज सुयाल, प्रकाश सती, हरीश कुवार के अलावा महेंद्र मेहरा, कैलाश जीना, राजेंद्र रावत आदि ने नवीन गोयल का सम्मान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने उत्तराखंड के लोगों के इस सम्मान का सदा मान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोग व्यवहार कुशल और कर्मयोगी हैं। जहां भी जाते हैं, वे अपनी देवभूमि की संस्कृति को भी आगे बढ़ाते हैं और स्थानीय लोगों के साथ भी घुल-मिलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन के नाम पर उत्तराखंड में बहुत कुछ है। धार्मिक स्थल केदारनाथ, बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब, मनसा देवी, यमुनोत्री, गंगोत्री, नीलकंठ, भीम ताल, नैनी माता मंदिर आदि प्रसिद्ध हैं। उत्तराखंड में ही सियाचीन बॉर्डर के पास देश का अंतिम गांव माना है। वह बद्रीनाथ से कुछ दूरी पर है। सभी स्थल ऐतिहासिक हैं। नवीन गोयल ने कहा कि कुमाऊं प्रांत मंडल द्वारा दिए गए सम्मान के वे सदा ऋणी रहेंगे।

### सोहना नगर परिषद चेयरपर्सन मामले में सुनवाई 7 नवंबर को

**सोहना।** नगर परिषद चेयरपर्सन मामले में आज होने सुनवाई 7 नवंबर को होगी।। मामला लंबित होने के आसार बनते जा रहे हैं। परिषद की कमांड सोहना एसडीएम के हाथों में ही रहेगी। सोमवार को सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन विवाद में हाइकोर्ट में सुनवाई होनी थी। जिसका कारण उच्च न्यायालय में हड़ताल होना बताया जा रहा है। मालूम रहे कि गत 19 जून को सोहना नगरपरिषद चेयरपर्सन पद का चुनाव सम्पन्न हुआ था। ये चुनाव सरकार द्वारा सीधे तौर पर कराया गया था। जिसमें बीजेपी उम्मीदवार अंजू देवी ने आप पार्टी उम्मीदवार ललिता को करीब 1800 मतों से शिकस्त दी थी। आप पार्टी उम्मीदवार ललिता ने अंजू देवी के खिलाफबोगस व फर्जी मार्कशीट का आरोप लगाकर हाइकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सरकार व प्रशासन से समस्त रिपोर्ट अदालत के समक्ष दाखिल करने के फरमान जारी कर दिए थे। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन ने मामले की समस्त रिपोर्ट अदालत में सौंप दी है।

### रामलीला में रामजी का जन्म, बड़े होकर राक्षसों का किया संहार


गुरुग्राम में श्रीदुर्गा रामलीला में राम जन्म का दृश्य।

**गुरुग्राम।** रामलीला के दूसरे दिन राम जन्म की लीला का मंचन किया गया। रामजन्म पर लोगों ने नाच-गाकर खुशियां मनाई। इसके बाद रामचंद्र जी बड़े हुए और फिर राक्षसों का भी सर्वनाश किया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म की खुशियां मनाने की लीला ने सबको मन मोह लिया। राम जन्म से पहले की दिखाई गई लीला में दर्शाया गया कि देवताओं को राक्षसों द्वारा परेशान किया जा रहा है। इसके बाद विष्णु भगवान से आराधना की गई कि वे अवतार लेकर इनका सर्वनाश करें। इसके बाद राजा दशरथ का दरबार सजाया गया। राजा दशरथ को अपने महल में चिंतित दिखाया गया। राजा दशरथ तीन रानियों के होते हुए एक भी संतान नहीं होने को लेकर दुखी थे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने मुनि वशिष्ठ के आश्रम में दस्तक दी और वशिष्ठ जी से अपनी चिंता का इस तरह से कारण बताया-विवाह कर चुका तीन, फिर भी न मनोरथ सिद्ध हुआ। इस पर मुनि वशिष्ठ ने एक उपाय बताया कि वे अपने महल में हवन-यज्ञ करें। वह हवन भृंगि ऋषि से कराएं। राजा दशरथ ने वैसा ही किया। इस दौरान मुनिजी की ओर से भेंट की गई खीर को तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा को खिला दिया। इस खीर को खाने से तीनों रानियों को चार बेटे हुए। इस खुशी में राजा दशरथ फूले नहीं समाए। लीला के मंच पर राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के जन्म की जो खुशियां मनाई गई, वे बड़े ही आनंददायी रही। बहुत ही धार्मिकमय माहौल में यहां पर राम जन्म की खुशियां मनाई गई। राम जन्म की बधाई लेने के लिए यहां किन्नर भी पहुंचे। मंच पर पहुंचते ही किन्नरों ने गीत, संगीत के माध्यम से धूम मचा दी। बधाईयां देने के गीतों पर खूब नृत्य किया। इसके बाद सभी राजकुमारों का बड़े ही बेहतर तरीके से लालन-पालन हुआ। उनको शिक्षा-दीक्षा दिलवाई गई। इसके बाद राम ने ताड़का राक्षसी का वध करके धरती को पाप से मुक्त करने का प्रयास शुरु किया गया।

# अग्रवाल जाति के पितामह थे महाराजा अग्रसेन : विधायक सुधीर सिंगला

## महाराजा अग्रसेनजी की जयंती पर की पूजा-आरती

## अग्रवाल समाज से महाराजा अग्रसेन जी के पदचिन्हों पर चलने को किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने यहां सदर बाजार के पास महाराजा अग्रसेन चौक पर उनकी प्रतिमा पर उनकी पूजा व आरती करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते विधायक सुधीर सिंगला।

महाराजा अग्रसेन को नमन करने के कार्यक्रम में नरेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुकेश सिंघल, चंद्रभान गोयल, दविंद्र गुप्ता, रविन्द्र जैन, ईश्वर मित्तल, अमित गुप्ता, अजय, अमित गोयल, अनिल गुप्ता, नवीन गुप्ता, सुनील सिंगला, अभिनव बंसल, प्रिंस मंगला, राजेश गुप्ता, निशांत गर्ग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पौराणिक समाजवाद के अग्रदूत, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थक और महादानी तथा समाजवाद के पहले जनक थे। महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। वे अग्रोदय नामक गणराज्य के महाराजा थे। जिसकी राजधानी अग्रोहा थी। विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 गणाधिपतियों के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। यज्ञों में बैठे इन 18 गणाधिपतियों के नाम पर ही अग्रवंश के गोत्रों (अग्रवाल समाज) की स्थापना हुई। उस समय यज्ञों में पशुबलि अनिवार्य रूप से दी जाती थी।

जिस समय 18वें यज्ञ में जीवित पशुओं की बलि दी जा रही थी, महाराज अग्रसेन को उस दृश्य को देखकर घृणा पैदा हो गई। उन्होंने यज्ञ को बीच में ही रोक दिया और कहा कि भविष्य में मेरे राज्य का कोई भी व्यक्ति यज्ञ में पशुबलि नहीं देगा, न पशु को मारेगा, न मांस खाएगा और राज्य का हर व्यक्ति प्राणी मात्र की रक्षा करेगा। इस घटना से प्रभावित होकर उन्होंने अहिंसा धर्म को अपना लिया।

# लाल बहादुर शास्त्री के नाम भाविप की 11वीं शाखा के संरक्षक बने सीकरी


गुरुग्राम में भारत विकास परिषद की 11वीं शाखा लाल बहादुर शास्त्री शाखा के गठन के दौरान शपथ लेते नए पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज दुनिया यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए भारत की मध्यस्ता की आस लगाए है। यह बात राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक पवन जिन्दल ने भारत विकास परिषद गुरुग्राम की 11वीं शाखा के दायित्व एवं संकल्प कार्यक्रम में कही।

समाजसेवी बोधराज सीकरी को इस शाखा के संरक्षक बनाया गया है। पवन जिंदल ने कहा कि भारत विकास परिषद देश में समाज के उत्थान का काम कर रही है। सेवा संस्कार के माध्यम से समाज को जोड़कर व दीन-दुखियों तक पहुंचकर सेवा का कार्य करके देश को परम वैभव की ओर ले जाने में इसका सहयोग अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि और इस नई शाखा के संरक्षक बोधराज सीकरी ने कहा कि सेवा से जो पुण्य की प्राप्ति होती है। उससे बढ़कर किसी और में नहीं। उनकी ओजस्वी वाणी ने सबका मन गदमद कर दिया। साथ ही उन्होंने प्राप्त नव दायित्व को निष्ठापूर्वक निभाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में पधारे लाल बहादुर के सुपुत्र सुनील शास्त्री ने कहा कि आपने हमारे बाबूजी के नाम से इस शाखा का नामकरण किया, इसके लिए आभार।

# सोहना में रामलीलाओं का मंचन शुरू, उमड़ने लगे शहरवासी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रविवार** से शहर में रामलीला मंचों का संचालन शुरू हो गया। शानदार रामलीला क्लब द्वारा शहर में शोभायात्रा निकालते हुए शुभारंभ किया। वहीं सनातन धर्मशाला राममंदिर क्लब ने श्रवण कुमार नाटक की प्रस्तुति करते हुए मंच का संचालन शुरू किया।

शहर में पिछले करीब एक सप्ताह से चल रही रामलीला मंच सजावट रविवार को शुरू हो गए। शहर की हनुमान बगीची में देश की आजादी से पूर्व बना शानदार रामलीला क्लब ने इस बार रामलीला मंच का जोरदार तरीके से शुरुआत की। शहर में पहली बार शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शानदार झाकियों का प्रदर्शन रहा। शोभा यात्रा में शहनाई वादन टीम की पीकरी की मधुर आवाज सुनने के लिए शहरवासी अपने घरों से बाहर रास्ते में आकर खड़े हो गए। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। वहीं पंजाबी धर्मशाला में पहली बार सजा रामलीला का मंच पर


रविवार को सोहना में रामलीला मंचन के दौरान एक पात्र।

माता-पिता भक्त श्रवण कुमार के नाटक का प्रदर्शन करके सनातन धर्मसभा राममंदिर क्लब ने शुरूआत की। सोमवार से रामलीला का पहला पाठ का प्रदर्शन हुआ। शहरवासी देर रात तक रामलीलाओं का मंचन देखने के लिए उमड़ने लगे हैं।

**रामलीला मंचन के साथ पुलिस हुई मुस्तैद :** शहर में रामलीला मंच का संचालन होने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने भी मैदान संभाल लिया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि रामलीला मंच के आस-पास पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा शहर में पुलिस की गश्त को पहले से अधिक बढ़ाया गया है।

# सोहना सबडिवीजन को चला रहा सिर्फ एक जेई, तीन पद हैं खाली

## बिजली निगम के सबडिवीजन में आते हैं 102 गांव और 40 हजार की आबादी का कस्बा भी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** बिजली निगम के सबडिवीजन में आने वाले 102 गांव तथा 40 हजार की आबादी वाले शहर के लिए नियुक्त चार जेई पदों में से तीन खाली है। एक मात्र जेई शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के कार्य की देखरेख करने को मजबूर है। बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में बिजली आपूर्ति की देखरेख करने के लिए जेई के चार पद में से तीन पिछले करीब एक साल से खाली है।

एक मात्र जेई कभी-कभी कार्य का अधिक बोझ होने के कारण 24 घंटा ड्यूटी कर रहा है। हाल ही में


सोहना बिजली निगम में तैनात एसडीओ लियाकत अली।

> **सोहना** सबडिवीजन में जल्द ही जेई के खाली पदों को भरा जाएगा। ताकि सोहना सबडिवीजन में बिजली आपूर्ति की परेशानियों को समय पर दूर किया जाए सके।
>
> **पीके चौहान**
> **( एसई बिजली निगम )**

तीन दिन तक हुई लगातार बारिश के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के एक बाद एक फीडर पर बिजली आपूर्ति ठप होती चली गई थी। लेकिन जेई न होने के कारण सभी फीडरों को चालू करना बहुत ही मुश्किल हो गया था। ग्रामीण क्षेत्र के फीडर काम अधिक होने के कारण 24 से 36 घंटा ठप रहे थे।

### 24 घंटा में बाधित बिजली आपूर्ति हुई ठीक

**निगम** के अधिकारी और छोटे कर्मचारियों ने जेई मुस्तकलिन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलते हुए बाधित हुई बिजली आपूर्ति को 24 घंटा में चालू कर दिया। शनिवार की शाम से सबडिवीजन के सभी 102 गांव व शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बिना कट के चल रही है। एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि सबडिविजन में तैनात एक मात्र जेई को हौसला नहीं हारने दिया। इस दौरान निगम के फोरमैन, लाइनमैन आदि कर्मचारियों ने रीढ़ की हड्डी बनकर कार्य करते हुए सभी फीडरों को चालू कराने में मदद की थी।

# सीआईए पुलिस ने बदमाश को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** सोहना की अपराध शाखा पांच पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया। शनिवार की शाम को अपराध शाखा पांच पुलिय में तैनात एएसआई कमलसिंह अपनी टीम के साथ बाईपास चौक पर गश्त कर रहा था। उसी समय एएसआई कमल को सूचना मिली कि जिला नूंह का थाना पिगंवा का गांव फलंडी निवासी बदमाश राहुल तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड पर खड़ा है।

राहुल के पास हथियार है और वह अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। एएसआई कमलसिंह ने बदमाश राहुल को मौके पर पहुंच दबोच लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान एक जिन्दा राउंड भी बरामद किया है। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार लेकर घूमने का मामला दर्ज कराया है।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के 36 घंटों के दौरान पूरे भारत में देखने को मिली ग्राहकों और विक्रेताओं की रिकॉर्ड भागीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

Amazon.in पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68 फीसद साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए। Amazon.in पर 500 मिलियन से अधिक भारतीय ग्राहकों को कैशबैक और EMI ऑफर प्राप्त हुए। पिछले वर्ष की तुलना में 50त्न अधिक ग्राहकों ने EMI या पे लेटर का विकल्प चुना।

स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ग्रॉसरी कैटेगरी ने सबसे ज्यादा नए ग्राहकों को आकर्षित किया; होम एसेंशियल कैटेगरी में लैपटॉप और अन्य वर्क फ्रॉम होम और स्कूल फ्रॉम होम प्रोडक्ट की मांग सबसे ज्यादा रही; 5जी स्मार्टफोन्स की मांग में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, वहीं मिड-रेंज से लेकर प्रीमियम स्मार्टफोन्स की ओर ग्राहकों का अधिक रुझान देखने को मिला।

कस्टमर अकाउंट में जमा किए गए सभी डायमंड्स (अमेजन का फेस्टिव रिवॉर्ड प्रोग्राम) में से 50 प्रतिशत से अधिक को पहले 36 घंटों में ऑफर और रिवॉर्ड के लिए रिडीम किया गया। अमेजन फैशन की 60 प्रतिशत से अधिक सेल टियर 2 और 3 शहरों से हुई। अमेजन ब्यूटी में ग्राहकों ने अपने पसंदीदा ब्रांडों की 6 गुना अधिक खरीदारी की। ग्राहकों ने सैमसंग, वनप्लस, एमआई, एलजी और सोनी जैसे टेलीविजन ब्रांडों को प्राथमिकता दी, जिसकी वजह से टीवी की रिकॉर्ड बिक्री हुई।

पहले 36 घंटों में, छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों ने प्रोडक्ट की अब तक की सबसे बड़ी रेंज पेश की; इस दौरान लगभग 10 लाख अनूठे उत्पाद बिके; आम दिनों की तुलना में प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान सेलर्स साइन-अप में 1.75 गुना वृद्धि दर्ज की गई। अमेजन बिजनेस ने 36 घंटों में ग्राहकों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि और ऑर्डर की संख्या में 100 प्रतिशत वृद्धि देखने को मिली। अमेजन फ्रैश का रोजाना कारोबार 2.5 गुना से अधिक बढ़ा।

ग्राहकों को अमेजन डिवाइस पसंद करते हैं, आम कारोबारी दिनों की तुलना में फायर टीवी स्टिक में 40 गुना की वृद्धि और इको डॉट में 35 गुना की वृद्धि दर्ज की गई।

गुरुग्राम Amazon.in ने प्राइम अर्ली एक्सेस और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के पहले दिन के साथ 36 घंटों की अब तक की सबसे बड़ी शॉपिंग की शुरूआत की है। Amazon.in पर एक दिन में सबसे अधिक प्राइम साइन अप प्राप्त हुए हैं; जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 1.9 गुना अधिक थे। इनमें से 68त्न साइनअप टियर 2 और 3 शहरों प्राप्त हुए हैं।

मनीष तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, इंडिया कंज्यूमर बिजनेस, अमेजन ने कहा, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने ग्राहकों और सेलर पार्टनर्स की ओर से शानदार रिस्पॉन्स के साथ एक रोमांचक शुरुआत की है। यहां छोटे और मध्यम व्यवसायों, स्टार्टअप्स, कारीगरों, महिला उद्यमियों की ओर से पूरे भारत में मौजूद हमारे ग्राहकों को प्रोडक्ट की विशाल रेंज की पेशकश करते हुए देखना हमारे लिए बेहद उत्साहजनक है। हमें प्राइम मेंबर साइन अप में वृद्धि के साथ ही सभी श्रेणियों में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या में ग्रोथ देखकर बेहद खुशी हो रही है।

# किसान के नशे में गाली देने और लाठी मारने पर हुई हत्या

## किसान सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार नौकर पवन उर्फ छोटू ने पुलिस पूछताछ में खोला राज


सोहना की गहलोत कॉलोनी निवासी सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी।

**सोहना।** किसान के शराब पीने के दौरान उसकी मौत का कारण नौकर को पहले गाली देना और फिर लाठी मारना बना। शराब के नशे में धुत गुस्साए नौकर ने झोपड़ी में से टंगे धारदार हथियार को लेकर एक बाद एक दर्जन भर बार वार कर दिए।

सोहना की गहलोत कॉलोनी निवासी किसान सतीश हत्याकांड में गिरफ्तार नौकर पवन उर्फ छोटू ने पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में हत्या करने का राज खोल दिया। मृतक के भाई संदीप द्वारा पुलिस को दर्ज कराई शिकायत के उलट नौकर पवन उर्फ छोटू ने सतीश की हत्या करने का राज का खुलासा किया है। पवन उर्फ छोटू ने पुलिस को बताया कि हत्या से पहले सतीश ने खेत पर ही उसके साथ बैठकर शराब पी थी। शराब पीते-पीते सतीश को नशा हो गया। सतीश शराब के नशा में उसे गाली-गलौज करने लगा। उसने सतीश को कई बार गंदी-गंदी गालियां देने से रोका, लेकिन सतीश ने पास पड़ी लाठी को उठाते हुए उसके पेट के ऊपर जोर से दे मारी। लाठी लगने से उसे गुस्सा आ गया और वह दौड़कर झोंपड़ी में गया। जहां टंग रहे धारदार (खेती में काम आने वाला औजार) हथियार को लेकर सतीश पर तब तक वार किए। जब तक उसकी जान न निकल गई। पवन उर्फछोटू ने बताया कि तीन दिन पहले भी सतीश ने उसे गालियां दी थी। नौकर ने बताया कि सतीश अक्सर नौकरों को गालियां देता रहता था। वह सतीश से अपनी मजदूरी के पैसा मांग रहा था। ताकि सतीश के यहां से काम छोड़कर कही और चला जाए। उसे सतीश द्वारा दी जाने वाली गालियां से सख्त नफरत हो गई थी।

# एसबीआई कार्ड ने फेस्टिव ऑफर-2022 के शुभारंभ की घोषणा की

## ऑनलाइन और ऑफलाइन मर्चेंट में 16 से अधिक ऑफ़र के साथ ग्राहकों के लिए बढ़ने वाला है त्योहारों का उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, एसबीआई कार्ड ने अपने फेस्टिव ऑफर 2022 के इस अवसर पर देश भर के ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर पेश किए हैं, जो 22 सितंबर 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक जारी रहेंगे। देश के टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों में विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मर्चेंट में 1600 से अधिक ऑफर के साथ एसबीआई कार्ड ने अपने ग्राहकों के खरीदारी के अनुभव को अधिक फायदेमंद बनाते हुए उनके लिए त्योहारों की खुशियां बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय विभिन्न प्रकार के सामानों पर आकर्षक ऑफ़र की पेशकश की जा रही है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन एवं लाइफ़स्टाइल, आभूषण, ट्रैवल एवं ऑनलाइन मार्केटप्लेस इत्यादि शामिल हैं। एसबीआई कार्ड ग्राहकों के लिए फेस्टिव ऑफर 2022 के अंतर्गत 2600 शहरों में 70 से अधिक राष्ट्रीय ऑफ़र के साथ-साथ 1550 क्षेत्रीय और हाइपरलोकल ऑफर शामिल हैं। फेस्टिव ऑफ़र के तहत ग्राहक विभिन्न पार्टनर ब्रांड्स में 22.5त्न तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं।

एसबीआई कार्ड ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल' के लिए अमेजन के साथ विशेष साझेदारी की है, जो एसबीआई कार्ड के ग्राहकों के लिए प्रमुख प्रस्तावों में से एक है। यह साल के सबसे बड़े ऑनलाइन सेल आयोजनों में से एक है, जो 03 अक्टूबर, 2022 तक जारी रहने वाला है। इसके अलावा, एसबीआई कार्ड ने अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए देश-विदेश के लगभग 28 प्रमुख साझेदार ब्रांडों के सहयोग से कई तरह के ऑफर पेश किए हैं। इनमें फ्लिपकार्ट, सैमसंग मोबाइल, रिलायंस ट्रेंड्स, पैंटालून्स, रेमंड्स, एलजी, सैमसंग, सोनी, एचपी, मेक माई ट्रिप, गोआइबिबो, विशाल मेगा मार्ट, रिलायंस ज्वेल्स, कैरेटलेन, हीरो मोटर्स, और इसी तरह के कई जाने-माने ब्रांड्स शामिल हैं।

रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, के अनुसार, हमारे अनुभव के अनुसार त्योहारों के अवसर पर ग्राहक अधिक खर्च करते हैं, जिसमें पहले से योजना बनाकर किए जाने वाले और अनियोजित, दोनों प्रकार के खर्च होतें हैं। ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले ब्रांड के नाते, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के भुगतान अनुभव को पहले से कई गुना बेहतर बनाने का प्रयास किया है, चाहे वे ऑनलाइन खरीदारी करें या ऑफलाइन। इसी तर्ज पर हम ऐसे प्रस्तावों पर विशेष ध्यान देते हैं।

# शहरभर के मंदिरों में पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


तिकोना पार्क स्थित महारानी मंदिर में प्रथम नवरात्र के अवसर पर मां की ज्योति प्रचंड करते अतिथि।

**नवरात्रों** में मां की आराधना करने वाले भक्तों को कुछ न कुछ जरूर मिलता है। मां अपने भक्तों को नौ दिनों में वह सबकुछ दे देती है। जिसकी भक्तों को चाह होती है। प्रथम दिन मां अपने भक्तों की मन की इच्छा को पूरी करती है, तो द्वितीय दिन भक्तों को सही गलत में फर्क का महत्व को समझने की क्षमता प्रदान करती है।

**वैष्णोदेवी मंदिर में भव्य पूजा:** नवरात्रि के पहले दिन आज महारानी वैष्णो देवी मंदिर में कलश स्थापना के साथ धूमधाम से माता की पूजा-अर्चना शुरु की गई। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर माता के जयकारों के गुंजायमान रहा। इस मौके पर शुभ महूर्त में मंदिर में 9 देवियों के समक्ष ज्योति प्रचंड की गई। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि पहले नवरात्र को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर आईआरएस प्रधान आयकर आयुक्त फरीदाबाद राकेश गोयल व बतरा ग्रुप के डायरेक्टर आरके बतरा द्वारा ज्योति प्रचंड की गई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में होटल राजमंदिर के डायरेक्टर गुलशन भाटिया, केसी लखानी, आरके जैन, आनंद मल्होत्रा, प्रदीप झाम , फकीरचंद कथूरिया, प्रताप भाटिया, राहुल मक्कड़, संजय वधवा, रमेश सहगल, सुरेंद्र गेरा, विनोद पांडे, नेतराम, नीरज अरोड़ा व रमेश झाम मौजूद रहे।

**ज्योति प्रचंड हुई :** पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर एक बी ब्लॉक में सोमवार को प्रथम नवरात्रि के शुभ मुहुर्त पर युवा नेता एवं समाजेवी भारत अशोक अरोड़ा ने टिंकू कुमार, कमल अरोड़ा, राकेश पंडित व जितेंद्र के साथ मिलकर माता रानी की ज्योति प्रचंड की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विजयादशमी से पहले भगवान श्रीराम जब रावण से युद्ध कर रहे थे, तो उनके लिए रावण के बाणों का सामना करना मुश्किल हो रहा था। हालांकि भगवान श्रीराम धर्म की लड़ाई लड़ रहे थे और रावण अधर्म की बावजूद इसके देवी मां की शक्तियां रावण के पक्ष में रावण के साथ खड़ा होकर भगवान श्रीराम को अचंभित कर रही थी। क्योंकि रावण देवी अपराजिता की पूजा करते थे, जिसकी पूजा करने से सभी दिशाओं में विजयश्री मिलती थी। इसलिए जब युद्ध चल रहा था, तो श्रीराम ने देवी अपराजिता की पूजा आरंभ की, जो नौ दिनों तक चली। भगवान राम ने देवी मैया के सभी स्वरूपों की पूजा की और 108 कमल के फूल देवी की पूजा में इस अवसर पर मंदिर के प्रधान श्री अशोक अरोड़ा ने आई हुई समस्त संगत का धन्यवाद किया। नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर सतीश वाधवा, राधेश्याम कुमार, पवन कुमार, बंसीलाल अरोड़ा, बल्लू कुमार मनोहर नागपाल जी आदि मौजूद रहे।


### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

**एनएच-पांच** स्थित सर्वेश्वर मंदिर के महंत मुनिराज ने बताया कि नवरात्रों के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी मां की पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्मचारिणी माता रुद्राक्ष की माला व पुष्प धारण करके ब्रह्मचार्य का पालन करती है। वह अपने भक्तों को बुद्धि इत्यादि का आशीर्वाद देती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए दूध से अभिषेक करने के अलावा मां को फलों का भोग लगाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और श्रेष्ठ संस्कारों की उत्पत्ति होती है। आज ब्रह्मचारिणी मां को अनार की बली चढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जो ब्रह्मचारी विद्यार्थी ब्रह्मचारिणी मां का पूजन करते हैं, उनको श्रेष्ठ ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।

# डिप्टी सीएम ने किया सात शिकायतों का निपटारा और आठ अन्य की जांच के दिए आदेश

### लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों और लोक संपर्क परिवाद समिति के सदस्यों की गठित की गई कमेटियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बैठक में लोगों की शिकायतें सुनते हुए

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम एवं जिला फरीदाबाद लोक संपर्क एवं परिवाद समिति के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में स्थानीय हुड्डा सेक्टर-12 के हुड्डा कन्वेंशन हॉल में 15 शिकायतें रखी गई। इन 15 शिकायतों में से सात शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। वहीं दो शिकायतों को लेकर पुलिस को जांच आदेश तथा चार शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों की कमेटियां गठित की और दो शिकायतों पर प्रशासनिक व जिला लोक संपर्क समिति के सदस्यों की कमेटियां गठित की गई है, जो अपनी रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

जिला लोक संपर्क एवं परिवार समिति की बैठक में एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा द्वारा रखी गई शिकायत पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने डीसी व नगर निगम के कमिश्नर की कमेटी मौके का निरीक्षण करेगी और उसे सड़क को दोबारा बनाने का आश्वासन विधायक नीरज शर्मा को दिया। अन्य शिकायतों पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शिकायत नम्बर छह अधिवक्ता आरएमएस कुंडू द्वारा सैनिक कॉलोनी की रखी गई शिकायत पर एसडीएम की अध्यक्षता में तीन-तीन अधिकारियों की कमेटी जांच करेगी। इसी प्रकार ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासी रिटायर्ड ब्रिगेडियर एसके कौशिक की शिकायत पर एमसीएफ कमिश्नर की अध्यक्षता में अधीक्षक अभियंता पब्लिक हेल्थ एवं अधीक्षक अभियंता पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के अधिकारियों की कमेटी अगली बैठक में जांच सौंपेगी। इसके लिए जिला कष्ट निवारण समिति के दो सदस्यों को भी शामिल किया गया है। सेक्टर-15 ए निवासी पारस राम की शिकायत पर पुलिस आयुक्त व डीसी की कमेटी गठित की गई, जो कि तत्कालीन सब रजिस्टार को भी जांच में शामिल करके कमेटी जांच करेगी। वहीं अमित तेवतिया की शिकायत पर पुलिस जांच करेगी।

जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, विधायक नीरज शर्मा, पुलिस कमीशनर विकास अरोड़ा, डीसी विक्रम, एमसीएफ कमिश्नर जितेन्द्र दहिया, एचएसवीपी प्रशासक डॉ. गारिमा मित्तल, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जजपा के जिला अध्यक्ष राजेश भाटिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीटीएम नसीब कुमार, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स अमित कुमार सहित सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी और जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति के सदस्य बिजेन्द्र नेहरा व तेजपाल डागर आदी सदस्य मौजूद रहे।

## बैठक में भिड़े कांग्रेस और भाजपा विधायक



### नीरज शर्मा द्वारा समस्या रखने भाजपा विधायक ने जताया विरोध

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित हूडा कन्वेंशन हॉल में सोमवार को आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा और भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता के बीच गर्मागर्म बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को हस्तक्षेप करना पड़ा। जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के मुताबिक इस बैठक के दौरान कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा द्वारा अपने क्षेत्र की जीवन नगर कालोनी की समस्या का मुद्दा उठाया जा रहा था। उसी दौरान भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इसका विरोध शुरू कर दिया। नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बैठक विधायकों के द्वारा मुद्दा रखने के लिए नहीं है बल्कि आम जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए है। जिसके जबाव में नीरज शर्मा ने कहा कि वे भी आम जनता की समस्या को ही रख रहे हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच जोरदार बहस होने लगी। तभी डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि बैठक में विधायक अपनी एक एक समस्या रख सकते हैं। जिसका बाद मामला शांत हो गया।

## खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


डीसी विक्रम।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत श्रृंखला के तहत केंद्र सरकार की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सूक्ष्म उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। वोकल फॉर लोकल की नीति पर आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना (पीएम-एएफएमई) आत्मनिर्भर भारत अभियान आदि योजनाएं स्वरोजगार स्थापित करने में कारगर साबित हो रही है।

डीसी विक्रम ने विस्तृत जानकारी बताया कि इस योजना के तहत सरकार की ओर से नए व मौजूदा निजी एवं समूह सूक्ष्म उद्यमों को सहायता ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जो अधिकतम 10 लाख रुपए है। इस योजना के तहत नए व मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

डीसी विक्रम ने जिला फरीदाबाद के स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों, उद्योग एवं व्यापार संघों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया है कि वे केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## पुलिस नहीं कर पाई दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

### दुष्कर्म की शिकार युवती ने दिया बच्चे को जन्म

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**शहर** में दुष्कर्म के मामले आयेदिन हो रहे हैं। घटना के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन के बाद थोड़ी बहुत कार्रवाई शुरू होती है, लेकिन बाद में कई मामले ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला डबुआ थाना इलाके का सामने आया है। जहां पड़ौसी किरायेदार व्यक्ति ने एक युवती के संग दुष्कर्म किया और उसे डरा धमका कर शांत करवा दिया। सात माह की गर्भवती होने पर परिजनों को पता चला तो उन्होंने डबुआ थाने में शिकायत की। लेकिन शिकायत के बाद अब युवती की डिलीवरी तक हो गई, लेकिन आरोपी को पुलिस ने अभी तक नहीं पकड़ा।

**यह है पूरा मामला :** डबुआ कालोनी में रहने वाले एक युवक ने बताया कि वह यहां किराये पर पिछले 26 वर्षो से रहते हैं। उसके परिवार में उसकी मां की डेथ के बाद छह भाई व बहन और पिता है। जिसमें तीन भाई-बहनों की शादी हो चुकी थी। बाकि दो भाई और एक बहन अपने पिता के संग यहां रहता है। जनवरी माह में उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी शानू नामक अन्य जाति के युवक ने उसकी बहन के संग डरा धमका कर रेप किया और उसे जान से मारने की धमकी दे दी। आरोपी युवक के डर से युवती ने किसी को नहीं बताया। उसके भाई की शादी के लिए वह गांव चले गए। वहां से लौटे तो जुलाई माह में उसकी बहन को पेट में सूजन और दर्द होने की शिकायत होने लगी। जिस पर गत 26 जुलाई डॉक्टर को दिखाया गया तो पता चला कि वह गर्भवती है। उससे पुछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। जांच में पता चला कि वह सात माह की गर्भवती है। ऐसे में पुलिस को शिकायत दी गई। करीब एक हफ्ते तक मामले ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन उसके बाद आज तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस भी शांत हो गई। उसने बताया कि अब 26 सितम्बर की डेट थी, तो वह बीके लेकर आए। जहां उसकी बहन ने एक बेटे को जन्म दिया है। फिलहाल उसकी बहन की हालत ठीक है। लेकिन बच्चे को नर्सरी में भर्ती किया गया है। उसने बताया कि पुलिस से वह आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करता है। ताकि वह किसी अन्य की जिंदगी बर्बाद न करें।

# बीके अस्पताल : बीमारियों के इलाज के बदले मिल रही है चोट

### एक भी बाथरूम में नहीं मिली सफाई

कविता। फरीदाबाद



बाथरूम के बाहर लगा बोर्ड, खुली हुई पाइप और फिसल कर गिरने वाला मरीज नरेन्द्र।

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में मरम्मत के काम करने की आड़ में मरीजों को परेशान किया जा रहा है। सोमवार को पायनियर की तरफ से बीके सिविल अस्पताल में बाथरूमों का जायजा लिया गया। जहां पता चला कि सभी बाथरूम बंद किए गए हैं। जिसके कारण वार्डों में दुर्गंध आ रही है। वहीं यहां आए दिन गंदे बाथरुम की शिकायतें आ रही है। सोमवार को अवकाश के कारण यहां एक भी बाथरूम में साफ सफाई देखने को नहीं मिली।

पायनियर पड़ताल में पता चला कि चार दिन पहले यहां एक बुजुर्ग मरीज बाथरूम में गिर गया था। जिनके सिर और पैरों में चोट भी आई थी। तिमारदारों द्वारा शिकायत करने के बाद भी बाथरूमों में सफाई नहीं हुई।

**सभी पर नोटिस :** पिछले कुछ दिनों से बीके सिविल अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर से लेकर द्वितीय तल तक बने सभी बाथरूम बंद हैं। इसका कारण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा मरम्मत कार्य है। लेकिन अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण मरीजों के लिए बने शौचालय का इस्तेमाल करना उनकी मजबूरी बन गया है। ऐसे में गंदे बाथरूमों में पानी की समस्या होने के कारण वार्डों में दुर्गंध फैल रही है।

सोमवार को अवकाश के कारण बाथरूम पूरी तरह से गंदे थे। जिसमें ग्राउंड और प्रथम तल के बाथरूम पर तो अस्पताल प्रबंधन का नोटिस लगा था। लेकिन द्वितीय तल पर नोटिस नहीं था। जहां गंदगी देखने को मिली। वहीं अपातकालीन कक्ष के बाहर बाथरूमों की पाइप लाइन भी टूटी हुई और खुली हुई नजर आई, ऐसे में यहां इंफैक्शन का खतरा मंडरता नजर आया।

**फिसलने से लगी चोट:** नरेन्द्र ने बताया कि 13 दिनों से वह मेडिकल वार्ड में भर्ती है। यहां अपातकालीन से लेकर मेडिकल वार्ड तक के बाथरूम की हालत काफी खराब है। जिसके कारण वह चार दिन पहले मेडिकल वार्ड के बाथरूम में गिर गए थे। जिसकी शिकायत उन्होंने डॉक्टरों और अन्य लोगों को की, लेकिन इस शिकायत के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से गुहार लगाई है कि वह बाथरूमों की हालत में सुधार करें।

# सिग्नेचर ग्लोबल रियल एस्टेट कंपनी ऑफ ईयर से सम्मानित

### प्रदीप अग्रवाल को रियल एस्टेट पर्सन ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अफोर्डेबल** हाउसिंग में भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं।

कंपनी को रियल एस्टेट कंपनी ऑफ ईयर का पुरस्कार मिला और सिग्नेचर ग्लोबल के संस्थापक और अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल को वर्ष 2022 के लिए रियल एस्टेट पर्सन ऑफ द ईयर का पुरस्कार कंस्ट्रक्शन वीक इंडिया अवार्ड्स-2022 में मिला। प्रदीप अग्रवाल ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रदीप अग्रवाल, संस्थापक और अध्यक्ष, सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना पूरे सिग्नेचर ग्लोबल परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

यह रियल एस्टेट के क्षेत्र में कंपनी द्वारा अपनाई गई नवीन प्रक्टिसेस और हमारे द्वारा किए गए कार्यों की मान्यता है, जिसने न केवल ग्राहकों को संतुष्ट किया है, बल्कि इस आय वर्ग के लिए बढ़ती आवास समस्या का कॉस्ट इफेक्टिव समाधान भी प्रदान किया है। अग्रवाल ने आगे कहा, हम एक वैश्विक दृष्टिकोण के साथ 21 वीं सदी की रियल एस्टेट कंपनी हैं, और भारतीय मूल्यों के साथ पोषित हैं। हम एक ब्रांड के रूप में जाने जाते हैं जो वास्तविकता, विश्वसनीयता और जिम्मेदारी के लिए खड़ा है। हम अफोर्डेबल और मिड इनकम ग्रुप वाले आवास के माध्यम से लोगों की पहुंच के भीतर सपनों का घर बनाते हैं और अपने देश के आम आदमी को घर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की मौत पर शव रखकर परिजनों ने लगाया जाम



**फरीदाबाद।** पल्ला इलाके में एक युवक के शव को रखकर परिजनों ने जाम लगा दिया। जबकि पुलिस ने पहले ही पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने एक युवक के मुंह में सरिया घुसेड़ देने का मामला दर्ज कर रखा था। एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पल्ला थाना पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया और मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं और दो युवकों को गिरफ्तार किया है। **यह था मामला:** सूर्या विहार पार्ट दो निवासी रवीना ने पल्ला थाने में दी अपनी शिकायत में कहा कि उसका पति उदयवीर दिल्ली में फायर अलार्म लगाने का काम करता था। उसका पडोसियों से किसी बात को लेकर पुराना झगड़ा था। जिसके कारण गत 19 सितम्बर की रात को पडोस में रहने वाले महराज खान, राजा खान व रवि वर्मा ने उदयवीर को रोक कर मारपीट के दौरान एक सरिया उठाकर उसके मुंह में घुसेड़ दिया। इससे उसके गले व चेहरे पर काफी चोट आई। जिस पर वह लहुलुहान हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे छुड़ाया और अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पल्ला थाना प्रभारी योगेश कटारिया का कहना है कि पहले मारपीट व हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। अब मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। इस मामले में सलमान और सोएब नाम के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी लड़ाई में साथ थे। बाकी आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा सदन एवं लांयस क्लब फरीदाबाद सिटी 321ए द्वारा 48वां रक्तदान शिविर का आयोजन नीलम-बाटा रोड स्थित वैश्य भवन परिसर में किया गया। इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने किया। इस मौके पर लायन सुनील अग्रवाल, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, एस.रहमान, वरूण श्योकंद विशेष रूप से उपस्थित थे। इस शिविर में 155 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर के आयोजक एवं संस्था के अध्यक्ष सलीम अहमद ने आए हुए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुंवशी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। इस मौके स्व. शीतल प्रसाद शर्माजी की पुण्य तिथि के मौके पर उनके पुत्र एवं संस्था के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा द्वारा दो दिव्यांग जनों को ट्राईसाईकिल भेंट की। इस अवसर पर संस्था के महासचिव सुनील जुनेजा, उपप्रधान भुवनेश्वर शर्मा, राजू बजाज, गौरव अग्रवाल, रमेश छाबड़ा, सोनू, सचिव मोहम्मद इरफान, मतीन अहमद, मोहम्मद इदरीश, हकीमीन सैफी, मुकेश कपूर, भूपेन्द्र सिंह, रवि कांत भाटिया, निर्मल सिंह, मानस कपूर, रवि राजपाल, मनोज अलोहिया, महेश लोहिया, ओमप्रकाश छाबड़ा, सकिर मलिक, अवध किशोर, मास्टर मुन्नीलाल, विक्रम कटारिया, नरेन्द्र कटारिया, प्रधान वैश्य भवन ओ पी बंसल, आनंद गुप्ता, सरदार हरदयाल सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी माया की टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सौरव (20) एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को महिला थाना पुलिस ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से गुरुग्राम के वजीरपुर एरिया से रेड कर थाना एनआईटी के दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार किया है। पीडिता ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी से पिछले कुछ दिनों पहले ही दोस्ती हुई थी। आरोपी ने वारदात के संबंध में किसी को बताने पर अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने व परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी थी। महिला की शिकायत पर महिला थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी।

### 19 साल से फरार इनामी दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पीओ स्टाफ सेक्टर-14 प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने एक नाबालिंग लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अनजाम देने वाले, 19 वर्ष से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्णा उर्फ किशन (42वर्ष) बंगाली है। आरोपी वर्तमान में फरीदाबाद में संतनगर रेलवे स्टेशन के पास तथा मूल रुप से पश्चिम बंगाल के बहरमपुर का रहने वाला है। आरोपी को पीओ स्टाफ टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से रेड कर बहरमपुर पश्चिम बंगाल से थाना सेन्ट्रल के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2003 में एक 14 वर्ष की नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। नाबालिग लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना सेंट्रल में दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपी को अदालत के द्वारा 10 साल की सजा सुनाई गई थी। आरोपी जमानत पर आने के बाद अदालत में हाजिर नही हुआ। अदालत में हाजिर न होने पर बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ। जिस के चलते आरोपी पर 5000/-रु का ईनाम घोषित कर दिया गया।

### राजेश पायलट पार्क में किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** सेक्टर-9 रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन फ्रेंड्स एनक्लेव द्वारा राजेश पायलट पार्क में पौधारोपण कर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर एसोसिएशन के सरपरस्त एम.एम. नागपाल, प्रधान सुरेश खोसला, सचिव संजय मिढ्डा के अलावा एसोसिएशन के अन्य कई पदाधिकारी मौजूद थे। एमएम नागपाल व प्रधान सुरेश खोसला ने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर राजपाल गुप्ता, रवि, तरूण रोहिल्ला, मुकेश अग्रवाल, विक्की, मोहित, संदीप मास्टर, संजय गुप्ता, शैलेन्द्र पाठक, डीएन गुप्ता, अशोक कालरा, सलमान, राजपाल बंसल, जे.एन.खुराना, सिंगला जी सहित सैक्टर-9 वासी मौजूद थे।

### बुजुर्गों ने दी पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने गरीबों और किसानों के मसीहा पूर्व उप-प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर सेक्टर 12 स्थित टाऊन पार्क में बनी उनकी विशाल प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सभी बुजुर्गों ने ताऊ दवीलाल जिन्दाबाद, ताऊ देवीलाल अमर रहे के नारे लगाकर अपने प्यार को उनके प्रति समर्पित किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने कहा कि ताऊ देवीलाल जैसे मसीहा और उनके द्वारा भेजे गए दूत आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज के कारण ही आज उन्हें छत और रोटी-पानी नसीब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल महान नेता के साथ साथ सच्चे इंसान भी थे। जो किसी भी गरीब और वृद्व का दुख दर्द नहीं देख सकते थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने जीवनकाल में वृद्धों को ध्यान रखते हुए जगह जगह वृद्ध आश्रम खुलवाए। कृष्णलाल बजाज ने कहा कि चौधरी देवी लाल का महज नाम-मात्र लेने से ही हजारों की संख्या में बुजुर्ग एवं नौजवान उद्वेलित हो उठते हैं।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर किया जागरुक

**फरीदाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में कल मुजेसर एरिया में नशा तस्करों द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति की तोड़फोड़ की जाएगी, जिसके लिए डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी एनआईटी के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। फरीदाबाद पुलिस द्वारा इन नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इनके द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति को धराशाई किया जा रहा है। इस कार्रवाई में पुलिस का सहयोग करें।

# अंकिता की हत्या
## गुस्से में जनता


**उत्तराखंड** में युवा अंकिता भंडारी की हत्या पर शुरुआत में सरकार की प्रतिक्रिया ढीलीढाली रही। एक होटल में महिला रिसेप्निस्ट अंकिता भंडारी की हत्या ने एक बार फिर भारतीय राजनीति का विद्रूप चेहरा दिखा दिया है। पौड़ी जिले के वनान्तर रिजार्ट में काम कर रही लड़की की हत्या का आरोप तीन लोगों पर है जिसमें होटल के मालिक का लड़का भी शामिल है जो उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी का नेता है। मीडिया खबरों के अनुसार, आरोपी उसे वेश्यावृत्ति में धकेलना चाहते थे जिसका वह विरोध कर रही थी। कहा जाता है कि उसने विनोद आर्य के बेटे व मुख्य आरोपी पुलकित आर्य द्वारा छेड़छाड़ के प्रयास का विरोध किया था। भाजपा ने विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया है। शनिवार को अंकिता की लाश एक नहर से बरामद हुई। कोई आश्चर्य नहीं कि इस हत्या से जनता का गुस्सा न केवल हिमालयी राज्य, बल्कि सारे देश में भड़क उठा। एक लड़की का जीवन इसलिए छीन लिया गया कि एक राजनेता का बेटा उससे अपनी इच्छानुसार व्यवहार नहीं कर सका। उसने जबरन उसे चूमने तथा वेश्यावृत्ति कराने का प्रयास किया और बात न मानने पर छुटकारा पाने के लिए उसे नहर में धकेल दिया। अंकिता के परिवारी सदस्य न केवल गुस्सा हैं, बल्कि उनको उत्तराखंड अधिकारियों के निर्णयों व कार्रवाइयों पर संदेह है। अंकिता के रिश्तेदारों तथा अन्य लोगों ने श्रीनगर-केदारनाथ राजमार्ग पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उस रिजार्ट को नष्ट करने पर सवाल उठाए जहां पीड़िता काम करती थी। उनका आरोप है कि यह सबूत नष्ट करने का प्रयास है। उन्होंने पहले अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तक उसके अंतिम संस्कार से भी इनकार कर दिया था क्योंकि अंतरिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कहा गया था कि अंकिता की मौत डूबने से हुई थी।




विपक्ष ने परिवार का समर्थन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे 'सुनियोजित हत्या' बताते हुए कहा है कि विध्वंस की कार्रवाई सबूत मिटाने के उद्देश्य से की गई। विपक्ष ने पुलिस पर सुस्ती का आरोप भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट राजस्व पटवारी द्वारा दर्ज कराई गई। उत्तराखंड पुलिस प्रमुख अशोक कुमार ने इसमें कुछ गलत नहीं बताया है क्योंकि राज्य में 'राजस्व अधिकारियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की व्यवस्था है।' लेकिन असली समस्या यह है कि राजनेता अपने मूल कामों को भूल जाते हैं जिसमें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखना तथा कानून-व्यवस्था ठीक रखना शामिल है। इस लापरवाही के साथ ही विभिन्न आयोजन करने में उनकी दिलचस्पी बढ़ती जाती है। उदाहरणार्थ, अंकिता की हत्या के कुछ ही दिन पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपना जन्मदिन देहरादून में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उन्होंने इसे 'संकल्प दिवस' का नाम दिया। उनकी पार्टी का एक प्रमुख नारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' है। धामी व अन्य भाजपा नेता लड़कियों की शिक्षा और बेहतरी, महिला सशक्तीकरण, जेंडर न्याय, आदि के बारे में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं। इसके साथ ही संकल्प दिवस जैसे आयोजनों पर कुछ उपहार दिए जाते हैं। लेकिन एक लाख उपहार, अच्छी-अच्छी बातें व आयोजन वह काम नहीं कर सकते हैं जो गंभीर प्रशासन व अच्छी पुलिस व्यवस्था से हो सकता है। इस घटना को देखते हुए धामी राजनीतिक रूप से कमजोर हुए हैं। उनको समझना चाहिए कि अच्छी-अच्छी बातें करने तथा कांवरियों का सम्मान करने जैसी कार्रवाइयों से ज्यादा लाभदायक परिणाम नहीं प्राप्त होंगे। उनको सुशासन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

# ताइवान पर कब्जे की प्रतीक्षा में चीन

चीनी सेना अभी ताइवान पर हमले के लिए तैयार नहीं है। इसके लिए आवश्यक सैन्य आधुनिकीकरण में अभी कुछ और समय लगेगा।



**सोनल शुक्ला**
(लेखिका, विदेश नीति विशेषज्ञ हैं।)




युद्धकला सुन जू के अनुसार, 'सभी प्रकार के युद्ध धोखे पर आधारित हैं। इसलिए जब हम हमला करने में सक्षम हो तब दिखाना चाहिए कि ऐसा नहीं कर सकते हैं, अपनी शक्तियों का प्रयोग करते समय हमें निष्क्रिय दिखना चाहिए, जब हम निकट हों तो हमें दुश्मन को विश्वास दिला देना चाहिए कि हम बहुत दूर हैं और जब हम बहुत दूर हों तो दुश्मन को विश्वास दिलाना चाहिए कि हम निकट हैं।' इतिहास इस बात की गवाही देता है कि चीनी तभी हमला करते हैं जब उसकी उम्मीद बहुत कम होती है। तीसरा विश्व युद्ध शुरू करने के लिए 2022 उपयुक्त नहीं है। चीन अभी युद्ध के लिए तैयार नहीं है। उसके पास वर्तमान समय में आक्रमण के लिए समुचित उपकरण नहीं हैं और उसके सैन्य बल संयुक्त जल-थल अभियान के लिए तैयार नहीं हैं जो इस मामले में जरूरी होगा। इस वर्ष शी जिनपिंग अभूतपूर्व रूप से पार्टी की बीसवीं कांग्रेस में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास करेंगे और इसलिए वे अति-उत्साह छोड़ कर स्थायित्व प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

पुनः चुनाव के ठीक बाद शी के अधिकार को चुनौती देने वाला कोई नहीं होगा। ऐसे में उम्मीद की जाती है कि वे ज्यादा आक्रामक विदेश नीति अपनाएंगे तथा चीन के निकट स्थिति विवादों में ज्यादा हस्तक्षेप करेंगे। ताइवान तथा भारत के साथ सीमा विवाद उनके केन्द्र में हैं। वे प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के खिलाफ ज्यादा आक्रामक दिखना चाहते हैं। अमेरिकन कांग्रेस सेमीकंडक्टर चिप्स पर एक विधेयक पास करने की तैयारी कर रही है और यह भी ताइवान पर बढ़ते टकराव का संकेत है। पेंटागन ने अनुमान लगाया है कि चीन अगले दो साल तक ताइवान पर हमला नहीं करेगा। सीआईए निदेशक ने चेतावनी दी है कि इस दशक में आगे बढ़ने पर ताइवान पर हमले का जोखिम भी बढ़ जाएगा।

ताइवान का एकीकरण शी के लिए व्यक्तिगत विरासत का मामला तथा उनके 'चीनी सपने' का आवश्यक अंग है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी महाशक्ति के रूप में 'चीनी राष्ट्र के महान पुनर्जीवन' के लिए काम कर रही है। इसलिए ताइवान पर कब्जा करना संभवतः उनके तीसरे कार्यकाल में संभव है। यदि ऐसा न हो सके तो यह उनके चौथे कार्यकाल में निश्चित माना जा रहा है। शी ने चीनी सेना के आधुनिकीकरण को 2035 के बजाय 2017 में ही करने का निर्णय किया जिसके अनुसार आधुनिकीकरण के प्रमुख लक्ष्य 2027 तक निश्चित रूप से प्राप्त कर लिए जाएंगे। इस प्रकार यदि पहले नहीं तो इस दशक के अंतिम अर्धांश में ताइवान पर हमले की संभावना है। लेकिन ताइपेई व बीजिंग या वाशिंगटन के साथ बढ़ती दुश्मनी के कारण दुर्घटनावश युद्ध की संभावना को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि इसकी संभावनायें कम हैं। शी पुतिन द्वारा की गई गलती नहीं दुहराना चाहते हैं। इस प्रकार वे चीन के पूरी तरह तैयार होने से पहले हमला नहीं करेंगे ताकि ताइपेई पर निश्चित रूप से थोड़े ही समय में कब्जा कर सकें।

अमेरिकी सेना के जनरल डगलस मैक्आर्थर ने ताइवान को 'न डूबने वाला विमानवाहक पोत तथा पनडुब्बी अड्डा' बताया है। इसका बीजिंग तथा वाशिंगटन के लिए असाधारण रणनीतिक व सुरक्षा संबंधी महत्व है। इससे महत्वपूर्ण रूप से फिलीपीन्स सागर, पूर्वी व दक्षिणी चीन सागर के बीच के समुद्र तथा पश्चिमी प्रशांत पर नियंत्रण रखा जा सकता है जो जापान से इंडोनेशिया तक फैला हुआ है। इसके साथ ही ताइवान दूसरी द्वीपीय श्रृंखला है जो अमेरिकी सैनिक अड्डे गुआम की सीमा में आता है। ताइपेई पर बीजिंग के नियंत्रण से चीनी सैनिक शक्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा फिलीपीन सागर में उसकी निगरानी व कार्रवाई क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अमेरिकी सेना की वहां कार्रवाई क्षमता घटेगी, अमेरिकी नौसैनिक व वायुसैनिक कार्रवाइयों की क्षमता प्रभावित होगी। इससे वह विवादित द्वीपों पर चीनी हमले की स्थिति में अपनी रक्षा संधि से जुड़े जापान, दक्षिण कोरिया व फिलीपीन्स की रक्षा करने में कमजोर हो जाएगा। ताइवान पर नियंत्रण न होने पर अमेरिका व चीन के बीच टकराव की स्थिति में वाशिंगटन चीन के सतही राडार सिस्टमों व लड़ाकू जहाजों को नष्ट कर देख जो फिलीपीन सागर में चुपचाप प्रवेश करने का खतरा पैदा करेंगे।

लेकिन ताइवान पर नियंत्रण से चीन को द्वीप के पूर्वी तट पर हाइड्रोफोन तैनात करने में सुविधा होगी। वर्तमान समय में बीजिंग के नियंत्रण वाले प्रथम प्रायद्वीप की तुलना में यहां समुद्र ज्यादा गहरा है। इन हाइड्रोफोनों को नष्ट करना कठिन होगा जो हजारों मील दूर से आने वाले अमेरिकी लड़ाकू जहाजों की स्थिति बता देंगे। इसलिए ताइवान पर चीन का कब्जा 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। अमेरिकी युद्धपोतों का पता लगने के बाद वे चीनी पनडुब्बियों का आसान निशाना बन सकते हैं जो फिलीपीन के समुद्र में आजादी से भ्रमण कर सकेंगी। इससे अमेरिका प्रशांत महासागर में अपने हितों की रक्षा करने में अक्षम हो जाएगा। ताइवान पर चीनी कब्जे के बाद उत्तर-पूर्वी एशियान की जहाजरानी सेवाओं पर चीनी नियंत्रण का खतरा मंडराने लगेगा।

सबसे बड़े सेमीकंडक्टर चिप सप्लायर तथा नैनो चिप्स पर लगभग एकाधिकार रखने वाला ताइपेई वाशिंगटन व बीजिंग के लिए अत्यधिक आर्थिक व तकनीकी महत्व का क्षेत्र है। इसलिए ताइपेई पर नियंत्रण से बीजिंग की अंतरिक्ष, सैनिक व आर्थिक प्रगति में भारी तेजी आएगी। इसके साथ ही वह पश्चिम के तकनीकी-औद्योगिक समुच्चय को भारी नुकसान पहुंचा सकेगा। बीजिंग द्वारा टकराव की स्थिति में अपनाई जाने वाली 'सलामी स्लाइसिंग' प्रमुख रणनीति है। इसका अर्थ विवादित क्षेत्र में अनियमित रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराना तथा इसके बाद स्थाई कब्जे या स्थाई उपस्थिति की स्थिति पैदा करना है। मध्यवर्ती रेखा के अस्तित्व से इनकार तथा बार-बार इसे पार करने के माध्यम से चीन वाइवान के एडीआईजेड क्षेत्र का उल्लंघन करता है। वह ताइवान जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय समुद्र के बजाय चीनी नियंत्रण वाला क्षेत्र मानता है और इस द्वीप के निकट सैनिक अभ्यास करता है। ऐसा कर तथा नाकेबंदी के माध्यम से बीजिंग नई स्थितियों को सामान्य बनाना चाहता है।

मजेदार बात है कि इस बार बीजिंग ने वाशिंगटन पर ही 'एक चीन नीति' की सलामी स्लाइसिंग का आरोप लगाया है। अमेरिका ताइवान से अपने संबंधों पर एक इंच भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। उसने दोनों देशों के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने की व्यापारिक पहल की है तथा द्वीप पर अनेक उच्च पदस्थ अधिकारी व राजनेता जाते रहते हैं। हालांकि, 'रणनीतिक अस्पष्टता' की नीति में भी अनेक समस्यायें हैं। बाइडेन ने तीन बार घोषणा की है कि यदि हमला होता है तो अमेरिका सैनिक हस्तक्षेप करेगा। ताइवान रिलेशन्स एक्ट, 1979 अब अमेरिका का घरेलू कानून है। इसके अनुसार बीजिंग द्वारा बल प्रयोग की स्थिति में वह ताइवान की रक्षा करेगा। महत्वपूर्ण है कि ताइवान की रक्षा के लिए न जाना वाशिंगटन के अपने हितों के भी विरुद्ध है। बीजिंग द्वारा हमले के परिदृश्य में उसके कमजोर बिंदुओं को सटीक लाजिस्टिक्स के रूप में पहचाना गया है जो हमले के जल-थल रूप के लिए महत्वपूर्ण है। पीएलए के पास उभयचर वाहनों तथा जटिल लाजिस्टिक मिशनों व सैनिक परिवहन विमानों के लिए प्रशिक्षित सैनिकों की कमी है। शी ने निर्देश दिए हैं कि चीनी रक्षा उद्योग खासकर ऐसे हथियार तैयार करे जिनका प्रयोग ताइपेई के बचाव में आने वाले अमेरिकी या अन्य मित्र देशों की सेनाओं के खिलाफ किया जा सके। इन आयुधों में एकदम सटीक व मारक मिसाइलें व क्रूज़ मिसाइलें, समन्वित वायु रक्षा प्रणालियां व उपग्रह-मारक मिसाइलें तथा इनके समर्थन में नाभिकीय हथियारों का भारी भंडार शामिल हैं।

वाशिंगटन ताइवान को एंटी-शिप मिसाइलों व हवा से हवा में मार करने वाले आयुधों की सप्लाई कर इस असमान युद्ध के लिए तैयार कर रहा है। ताइवान ने अपने रक्षा रणनीति में परिवर्तन कर इसे 'पोरकूपीन रणनीति' में बदला है जिसमें माइनों, छोटी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों, नागरिक सुरक्षा तथा गुरिल्ला प्रतिरोध शामिल हैं। यह अनुमान लगाना कठिन है कि हमले की स्थिति में अमेरिका की सहभागिता किस स्तर की होगी, लेकिन इसके सैनिक हस्तक्षेप होने की संभावना है। हमले के लंबा चलने की संभावना है। इससे निपटने के लिए ताइवान को सैनिक, खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामग्रियों की सप्लाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि वह चीन को लंबे समय तक रोक सके। लेकिन युद्ध में अंततः आम ताइवानी जनता की सहभागिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। दुनिया में ताइवान वाशिंगटन तथा बीजिंग के लिए सबसे कठिन समस्या है। लंबे समय तक चलने वाला युद्ध चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विभीषिका सिद्ध हो सकता है। इससे राजनीतिक अस्थिरता पैदा होगी जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा शी के नेतृत्व के लिए समस्यायें पैदा कर सकती है।

# डिजिटल स्वास्थ्य सेवा हेतु बेहतर कनेक्टिविटी

**नितेंद्र सिसोदिया**
(लेखक, चिकित्सा क्षेत्र से संबद्ध हैं)

डिजिटल स्वास्थ्य वितरण सेवा लोकप्रियता प्राप्त कर रही है, लेकिन ग्रामीण भारत में इसका विस्तार कनेक्टिविटी पर निर्भर करेगा। अधिकांश उद्योगों और जीवन-दायरों की तरह, भारत में स्वास्थ्य सेवा भी कई स्तरों पर डिजिटलीकरण के दौर से गुजर रही है। भले ही सरकार ने अपने ऐतिहासिक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया है, जिसे कि अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) नाम दिया गया है, मगर स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत निजी क्षेत्र भी धीरे-धीरे डिजिटलीकरण को अपना रहा है। कम से कम मेट्रो शहरों और बड़े शहरों में कुछ छोटे शहरों के अलावा, कई निजी और साथ ही तृतीयक देखभाल प्रदान करने वाले सार्वजनिक अस्पताल हाल के दिनों में किसी न किसी प्रकार के डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना (या उन्नयन) और संसाधनों और कर्मियों को आवंटित करने में लगे हुए हैं। इसमें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में रोगी डेटा का प्रबंधन करने के लिए अस्पताल सूचना प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड्स (ईएमआर), आदि के संदर्भ में स्वास्थ्य सेवा आईटी अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन भी शामिल होगा। इसी तरह, रोगी भी अधिक डिजिटल प्रौद्योगिकी-प्रेमी स्वास्थ्य देखभाल रिसीवर के रूप में विकसित हो रहे हैं, स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों का उपयोग न केवल वे नैदानिक रिपोर्ट और डॉक्टरों के नुस्खे को संग्रहीत करने के लिए, बल्कि अपॉइंटमेंट लेने, परामर्श करने, घर-आधारित निदान और परीक्षण सुविधाओं का उपयोग करने और दवाओं का ऑर्डर करने के लिए भी कर रहे हैं। डिजिटल हेल्थ रिकार्ड रखने से रोगी को डाक्टरों से संपर्क करने तथा उनसे विचार-विमर्श में आसानी होती है। एनडीएचएम कार्यक्रम को 2020 में छह केंद्र शासित प्रदेशों में पायलट परियोजना के बतौर लॉन्च किया गया था, जब तीन प्रमुख रजिस्ट्रियां जैसे हेल्थ आईडी, हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर), हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री (एचएफआर) और डेटा एक्सचेंज के लिए डिजिटल ढांचा विकसित और कार्यान्वित किया गया था। इस सफलता के आधार पर, कार्यक्रम का सितंबर 2021 में देशव्यापी रोलआउट में विस्तार किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा), स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री, आभा ऐप, हेल्थकेयर पेशेवर रजिस्ट्री और एकीकृत स्वास्थ्य इंटरफेस (यूएचआई) जैसे प्रमुख घटकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

शुरू करने के एक साल के भीतर, स्वास्थ्य सेवाओं के इस डिजिटलीकरण कार्यक्रम ने काफी सफलता दर्ज की है। एबीडीएम वेबसाइट के अनुसार 12 सितंबर, 2022 तक, 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर बनाए गए हैं, जिसमें 1,44,371 स्वास्थ्य सुविधाएं और 69,312 स्वास्थ्य पेशेवर पंजीकृत हैं, साथ ही सात लाख से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऐप डाउनलोड हैं। इस साल जुलाई तक, 32 निजी संस्थाओं सहित 52 डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं / अनुप्रयोगों को एबीडीएम के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अलावा, जुलाई के अंत तक, एबीडीएम सैंडबॉक्स, जो कि डिजिटल ऐप या स्वास्थ्य उत्पाद को वास्तविक उपयोग के लिए प्रसारित किए जाने से पहले, एकीकरण के प्रयोग का डिजीटल स्थान है, में 919 हेल्थटेक इनोवेटर्स थे। जबकि 24 करोड़ से अधिक आभा नंबर पहले ही भारत की आबादी का एक-छठा हिस्सा हो सकते हैं, मगर सच्चाई यह है कि स्वास्थ्य सेवा वैल्यू चैन का एक बड़ा हिस्सा सरकार द्वारा संचालित एबीडीएम अभियान से बाहर है।

सरकार के अपने आंकड़ों के मुताबिक करीब 12 लाख स्वास्थ्य सुविधाओं में से महज 1.4 लाख सुविधाएं ही एबीडीएम मंच से जुड़ी हैं। इसी तरह, आज 50 लाख हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स में से केवल 69,000 का मंच से जुड़ना पुनः एक नगण्य संख्या है। इससे स्पष्ट है कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण से जोड़ना जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बिना इसका देशव्यापी विस्तार असंभव है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के अनुसार, ग्रामीण भारत के केवल 65 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कंप्यूटर थे। और तथ्य यह है कि 65 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण भारत में अभी भी इंटरनेट नहीं है। हालांकि, राष्ट्रव्यापी एबीडीएम की शुरुआत को केवल एक वर्ष ही हुआ है। उम्मीद है कि इंटरनेट और डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए एक देशव्यापी बुनियादी ढांचे की नींव अगले 25 वर्षों में एक बेहतर इंटरनेट-संपन्न भारत सुनिश्चित करेगी। यह संभावना है कि शुरू में दर्जा एक और दर्जा -दो श्रेणी वाले शहरों में स्वास्थ्य सुविधाएं डिजिटल राह अपनाएंगी। समूची वैल्यू चैन में सभी हितधारकों को राज्यों में नियामकों व एजेंसियों, सेवा प्रदाताओं, अस्पतालों, चिकित्सा पेशेवरों, नैदानिक प्रयोगशालाओं, स्वास्थ्य सेवा सॉफ्टवेयर व्रिक्रेताओं, डिजिटल सहमति समाधान प्रदाताओं, ईएचआर/ ईएमआर/ पीएचआर समाधान प्रदाताओं, हार्डवेयर निर्माताओं और बीमा कंपनियों , सभी के हितों का ध्यान रखने के लिए आम सहमति तक पहुंचने की आवश्यकता है। यह देखते हुए कि 75 प्रतिशत से अधिक बाह्य मरीजों और 60 प्रतिशत भर्ती मरीजों को निजी सुविधाओं में इलाज मिलता है, ऐसे में निजी खिलाड़ियों को पर्याप्त रूप से प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

भारत में आज भी सरकारी अस्पतालों के बजाय निजी स्वास्थ्य सेवाओं का वर्चस्व है तथा उनका विस्तार हो रहा है। निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए तदनुसार, उपयुक्त पीपीपी मॉडल तैयार करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, रोगी रिकॉर्ड निर्माताओं और सॉफ्टवेयर प्रदाताओं को इंटरऑपरेबल सिस्टम जैसे कि फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर डिजाइन करने के लिए आश्वस्त होने की जरूरत है। इसी तरह, अस्पतालों को अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा। महत्वपूर्ण रूप से, कानूनी ढांचे के साथ-साथ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से डेटा की गोपनीयता और गोपनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए। पहले ही, भारत ने अद्भुत संख्या में हेल्थटेक स्टार्टअप्स का उदय देखा है। आईओटी की दुनिया में, कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग और रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) का आगमन न केवल बेहतर नैदानिक निर्णय लेने और उपचार के निजीकरण को उत्प्रेरित कर रहे है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान, सस्ती दवा की खोज, रोग निगरानी, यहां तक कि बीमारियों की भविष्यवाणी के मामले में भी, अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। इसलिए, डिजिटलीकरण हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण तंत्र में काफी सुधार कर रहा है।

देश भर में डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया विशाल कोविड -19 टीकाकरण अभ्यास इस सुधार की मिसाल है, यहां तक कि हम एबीडीएम पर काम करना और उसमें सुधार करना जारी रखे हैं। उम्मीद है कि वर्तमान समय में स्वतंत्रता का अमृत काल मनाने वाले भारत में 2047 तक, स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क कहीं अधिक कुशलता प्रभावी ढंग से डिजिटल हो जाएगा। इससे हम सभी नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## आप की बात

### हैवानियत पर लगाम

**देश** में हैवानियत हद पार करने लग गई है। देश में, प्रदेशों में और स्थानीय प्रशासनों के पास संवैधानिक शक्ति से लबरेज विशाल अमला होने के बावजूद आखिर क्यों कानून व्यवस्था डगमगा रही है ? महिलायें, युवतियां और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं आये दिन हो रही हैं। अब तो बालक भी इस तरह की जघन्य घटना का शिकार हो गया। दिल्ली में 12 वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म, मारपीट व बेहोश होने की घटना सामने आई है। महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करके रिपोर्ट मांगी है। सरकार कतिपय लोगों में बढ़ती हैवानियत पर शीघ्र संज्ञान ले और इसकी रोकथाम के लिए उचित व सख्त कदम उठाये। अगर कहीं प्रशासनिक चूक या लापरवाही हो रही है तो उसमें भी सुधार करने के प्रयास करे ताकि लोगों में हैवानियत खत्म हो और इंसानियत जागे। जनता में इंसानियत जगाने के लिए केवल कानून लागू करने वाली एजेंसियों व पुलिस प्रशासन के साथ ही धर्मगुरुओं, समाजसुधारकों तथा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से बुजुर्गों को अपनी भूमिका निभानी होगी।

–**शकुंतला महेश,** इंदौर

### नशे का अवैध व्यापार

**दिल्ली** पुलिस ने गिरफ्तार अफगानी मूल के दो तस्करों की निशानदेही पर मुम्बई के बन्दरगाह से 345 किग्रा हेरोइन बरामद किया। नशीले पदार्थो की यह खेप पिछले वर्ष कंटेनर में रखकर अफगानिस्तान, ईरान और दुबई के रास्ते नावा शेवा बन्दरगाह मुम्बई मंगाई गई थी। इसे मुलेठी की जड़ों के ऊपर लेप लगाकर भेजा गया था। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1750 करोड़ रुपये आंकी गई। इन्हीं अफगान तस्करों की निशान देही पर 312.5 किलोग्राम मेथामफेटामाइन और 10 किलोग्राम हेरोइन लखनऊ से बरामद की गई। भारत में ड्रग्स तस्कर वर्षो से सक्रिय हैं जो सीमापार से पंजाब, कश्मीर, उत्तरपूर्व क्षेत्रों, समुद्री रास्ते, ड्रोनों द्वारा मादक पदार्थों को सीमा के अंदर बैठे एजेंटों के पास पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जिसका उपयोग आतंकवाद और अराजकता फैलाने के लिये उपयोग हो रहा है। लेकिन हमारे देश की सक्रिय सुरक्षा व्यवस्था का जाल दिनोंदिन मजबूत हो रहा है। सरकार को चाहिए कि विदेशी तत्वों के इशारे पर नाचने वाले देशद्रोही तत्वों का पता लगाकर उन्हें सख्त सजा देने की ओर ध्यान दे।

–**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### बेटियों का संपूर्ण विकास

**बेटियों** को अपने सर्वांगीण विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना आज के दौर में समाज और सरकार का प्रमुख दायित्व है। लैंगिक आधार पर बेटियों से कोई भेदभाव पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर नहीं होना चाहिए। उनकी रूचि के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं उस क्षेत्र में उन्नति करने के संसाधन उन्हें सरकार और समाज द्वारा मुहैया करवाए जाने चाहिए। बेटियों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनकर सरकार और समाज को समानता का वातावरण निर्मित करने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। बेटियों के सपने तभी पूरे हो सकते हैं जब हम उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कौशल विकास संबंधी उनकी मूलभूत जरूरतों को उन्हें अच्छे से प्रदान कर सकेंगे। सुदूर इलाकों में बेटियों को कुरीतियों एवं अंधविश्वासों से बचाने के संबंध में भी जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। बाल विवाह पर भी रोक लगना चाहिए। भ्रूण हत्या हमारे समाज के लिए एक अभिशाप के समान है। महिला विकास के लिए भ्रूण हत्या पर पूरी तरह से रोक लगना भी आवश्यक है।

–**ललित महालकरी,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पीएफआई** पर देशव्यापी छापों के बाद केवल केरल में दयनीय स्थिति क्यों दिखी ? यह केरल के लिए काला दिन है।

– **प्रकाश जावड़ेकर**
भाजपा नेता



**पीएफआई** द्वारा केरल में बुलाई हड़ताल में पूर्व-नियोजित हिंसा दिखी। राज्य में संगठित व हिंसक हस्तक्षेप हुआ है।

– **पिनाराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री



**यदि** हिंदुस्तान के हिंदू तथा मराठी हिंदू मामला अपने हाथ में ले लें तो ये बदमाश कहां मुंह छिपाएंगे ?

– **राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख

# स्मार्ट युवा आज की आवश्यकता: योगी

## जंगल कौड़िया में महंत अवेद्यनाथ महाराज स्टेडियम का सीएम ने किया लोकार्पण

● महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में प्रेक्षागृह का भी लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**शारदीय** नवरात्र के पहले दिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सोमवार को जंगल कौड़िया के रसूलपुर चकिया में 10.16 करोड़ रुपये की लागत से बने महंत अवेद्यनाथ महाराज स्टेडियम और महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय में 5.80 करोड़ रुपये से निर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर प्रदेश के शक्ति एवं सामर्थ्य का प्रदर्शन करते हैं। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार हर गांव में खेल मैदान, विकास खंड स्तर पर स्टेडियम, बड़ी संख्या में स्पोर्ट्स कॉलेज बनवाने तथा बड़े पैमाने पर खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ा रही है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के निर्माण में हमारे खिलाड़ियों का योगदान भी सुनिश्चित हो। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय और स्टेडियम विकास के कई आयामों समेत राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जुड़ने और खेलों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं।

नवरात्र के पहले दिन सभी नागरिकों के जीवन में मंगल की प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि शैलपुत्री के आराधना के पावन अवसर पर इस स्टेडियम का लोकार्पण शक्ति व सामर्थ्य के प्रति श्रद्धा निवेदित करने का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार बिना भेदभाव समाज के हर तबके को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पीएम मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से जनसेवा के विभिन्न आयामों को लेते हुए सेवा पखवाड़ा शुरू किया गया है। इसी क्रम में 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई और यह सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि आज यहां के समारोह में 700 दिव्यांगजन को उनके लिए जरूरी उपकरण दिए गए हैं, यह समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और वंचितों के उत्थान की सोच रखने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। योगी ने कहा कि सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था से आज देश-दुनिया के हर निवेशक प्रदेश में निवेश को इच्छुक हैं। पूरे प्रदेश में विकास की नई कहानी दिखती है। जबकि सात-आठ साल पहले यहां उद्योगों के बंद होने की स्थिति थी। उन्होंने कहा कि एक साल में यहां विद्यार्थियों की संख्या 1400 हो गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि किसी शिक्षण संस्थान के खोलने का क्या लाभ होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के मंच पर नई पहचान के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें युवाओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। इस भागीदारी को मजबूत करने के लिए स्मार्ट युवा आज की आवश्यकता है। युवाओं को स्मार्ट बनाने के लिए सरकार उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर ले जा रही है। इसी सिलसिले में प्रदेश में दो करोड़ युवाओं को टैबलेट, स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने के कार्य को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

# आरक्षी के 534 पदों पर होगी पुरुष व महिला खिलाड़ियों की भर्ती

● उत्तर प्रदेश भर्ती बोर्ड ने प्रारंभ की भर्ती की प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खिलाड़ियों** के लिए उप्र पुलिस में सेवायोजन का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। सीएम योगी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड ने आरक्षी के 534 पदों पर खिलाड़ियों की भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से शीघ्र ही सूचना जारी कर दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के मुताबिक कुल 534 पदों में 335 पुरुष और 199 महिला खिलाड़ियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस चयन में केवल खिलाड़ियों की खेल विषयक दक्षता व प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन के आधार पर ही चयन किया जाएगा एवं न्यूनतम अर्हता के रूप से नेशनल खेल, नेशनल चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर), फेडरेशन कप नेशनल (जूनियर/सीनियर), अखिल भारतीय अन्तर राजकीय चैम्पियनशिप (सीनियर), अखिल भारतीय अन्त विश्वविद्यालय टूर्नामेंट, विश्व खेल (अंडर-19), राष्ट्रीय विद्यालयखेल (अंडर-19) और अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में से किसी एक खेल में प्रतिभाग कने का प्रमाण पत्र देने का अनिवार्य होगा। इस चयन प्रक्रिया में खेल की विभिन्न विधाओं में पुरुष तथा महिला अभ्यर्थियों के पद निर्धारित किए गए हैं। वाटर स्पोर्ट्स में 42, वालीबाल में 10, वास्केट बाल में 13, हैंडबाल में 12, कबड्डी में 10, फुटबाल में 20, टेबिल टेनिस में चार, बैडमिंटन में छह, क्रासकंट्री में आठ, हाकी में 20, तीरंदाजी में 12, जिम्नास्टिक में12, भारोत्तोलन में10, बुश में 9, जूडो में 10, बाक्सिंग 11, एथलेटिक्स 57, तैराकी में 21, ताइक्वांडो में 8, शूटिंग में 14, साइक्लिंग में 6 और कुश्ती में 20 पदों पर पुरुष अभ्यर्थियों की भर्ती आरक्षी के पद पर होगी। इसी प्रकार वालीबाल में 10, वास्केट बाल में 10, कबड्डी में 10, टेबिल टेनिस में 2, बैंडमिंटन में 4, क्रासकंट्री में 6, हाकी में 12, तीरंदाजी में 10, भारोत्तोलन में 8, बुधु में 6, जूडो में 10, बाक्सिंग में 8, एथलेटिक्स में 46, तैराकी में 10, ताइक्वांडो में 8, शूटिंग में 8, साइक्लिंग में 4 और कुश्ती में 18 पदों पर महिला अभ्यर्थियों की भर्ती आरक्षी के पद पर की जाएगी। भर्ती बोर्ड के मुताबिक इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 22 वर्ष निर्धारित की गई है तथा कुशल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष परिस्थितियों में डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा न्यूनतम आयु सीमा में 2 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

# लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर उत्पादन निगम के 18 कार्मिक बर्खास्त

● निगम के अलावा दूसरे विभाग में भी कर रहे थे नौकरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य उत्पादन निगम के 18 कार्मिकों की लम्बे समय से बगैर सूचना या अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है। इस मामले में पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने जब विभागीय समीक्षा की तो उनको बताया गया कि निगम में अनेक अधिकारी एवं कार्मिक कई वर्षों से बगैर सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। उन्होंने नौकरी से त्याग पत्र भी नहीं स्वीकृत कराया है और न ही कोई सूचना दी है। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि इन कर्मियों को निगम से बाहर किया जाए ताकि दूसरे योग्य और बेरोजगार व्यक्ति को नौकरी दी जा सके। इस मामले में जो कर्मचारी बिना सूचना गायब थे उन्होंने किसी दूसरे विभाग में नौकरी कर ली और उत्पादन निगम में भी काम कर रहे हैं। ऐसे में निगम ने उन्हें नोटिस देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए अब बर्खास्त किया है।

अध्यक्ष के निर्देश के बाद 39 कार्मिकों ने त्याग पत्र स्वीकृत कराया एवं 71 लाख रुपये बंधपत्र के तहत जमा हुए। जिन कार्मिकों को बर्खास्त किया गया है उनमें बबिता (प्रवक्ता) हरदुआगंज, कुमारी ललितेश (रसायनज्ञ श्रेणी-2) हरदुआगंज, प्रशान्त पाण्डेय (टीजी-2) अनपरा, प्रदीपकुमार (टीजी-2) पनकी, अरूण कुमार सिंह (श्रमिक) अनपरा, दूधनाथ (श्रमिक) अनपरा, साधना बाथम (अनुसेवक) पनकी, रज्जनलाल (श्रमिक) पनकी, संतोष कुमार (श्रमिक) ओबरा, संजय कुमार (धावक) पनकी, दशाराम (श्रमिक) अनपरा, मुन्ना प्रसाद गुप्त (रसायनज्ञ श्रेणी-2) ओबरा, प्रवीन सिंह (रसायनज्ञ श्रेणी-2) ओबरा, अशोक कुमार (टेक-2) ओबरा, सुनील जॉर्ज (श्रमिक) हरदुआगंज, उरूज अहमद (श्रमिक) पारीछा, सुनील कुमार (श्रमिक) ओबरा एवं अमर सिंह (सहायक) पनकी हैं।

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे का उद्देश्य व्यवस्थायें सुनिश्चित कराना: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कार्य की प्रगति का पर्यवेक्षण नियमित रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे को लेकर किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य केवल गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की सूचना संकलित किये जाने के उद्देश्य से कराया जा रहा है न कि किसी प्रकार की जॉच आदि से संबंधित है। उन्होंने कहा कि मदरसों की शिक्षा को गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप बनाना राज्य सरकार का उद्देश्य है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात सोमवार को विधानसभा स्थित कक्ष कार्यालय में प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कराये जाने की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान कही। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने मदरसों में एनसीईआरटी पुस्तकों के वितरण के विषय में निर्देश दिये कि मदरसों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को डयरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से खातों में धनराशि अंतरित कर दी जाए। जिससे छात्र-छात्रायें सुविधानुसार किताबों का क्रय कर सकें। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा को बेहतर बनाने एवं उसके आधुनिकीकरण की दिशा में यह निर्णय अत्यन्त महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि मदरसे के कुछ प्रतिभाशाली बच्चे जिन्होंने एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें सम्मानित किया जाए ताकि अन्य बच्चों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न हो और मदरसों के बच्चों में आगे बढ़ने व पढ़ने की प्रेरणा जगाई जा सके। मदरसों की शिक्षा के आधुनिकीरण से छात्र एवं छात्रायें राज्य सरकार की मंशा के अनुसार डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस व उच्च पदों पर चयनित हो सकेंगे। उन्होंने मदरसें के बच्चों को एनसीआरटी की पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मदरसों के सर्वे के संबंध में यथाशीघ्र सर्वे कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिये ताकि सर्वे से प्राप्त परिणामों के आधार पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करते हुए मदरसा शिक्षा को और बेहतर बनाया जा सके ताकि अल्पसंख्यक समाज के अधिक से अधिक छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित हो सकें। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव मोनिका एस.गर्ग, विशेष सचिव आनन्द कुमार, एवं विशेष सचिव अनिल कुमार, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण इन्दुमति, रजिस्ट्रार यूपी मदरसा शिक्षा परिषद के जगमोहन सिंह एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. इफ्तेखार अहमद जावेद, उपसचिव शकील अहमद सिद्दीकी उपस्थित थे।

## कुख्यात अपराधी को छुड़ाने के प्रयास के आरोप में पूर्व सपा विधायक गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कुख्यात** अपराधी को छुड़ाने के प्रयास के आरोप में झांसी के गरौठा से सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से तलाश में जुटी पुलिस ने सोमवार को दीपनारायण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बीती 16 सितंबर को कन्नौज से पेशी पर लाए गए कुख्यात लेखराज सिंह यादव को कस्टडी से छुड़ाने की कोशिश की गई थी। इस मामले में कन्नौज में पुलिस ने पूर्व विधायक दीपनारायण समेत 11 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया था। इसमें पुलिस लगभग सभी लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को पुलिस ने गैंगेस्टर के अभियुक्त लेखराज सिंह यादव को कन्नौज से झांसी कोर्ट में पेश किया था। पेशी के बाद कोर्ट गेट के पास उसे फरार कराने की कोशिश की गई। एक स्कार्पियो गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी को कई बार ओवरटेक किया। ओवरटेक करने वालों ने बाद में स्कार्पियो पुलिस की गाड़ी के आगे लगाकर उसे रोक दिया। कन्नौज पुलिस अपने बचाव में गाड़ी को लेकर मॉठ थाने में घुस गई। इस मामले की सूचना मिलने के बाद अधिकारी मॉठ थाने पहुंचे और पुलिस की गाड़ी को वापस कन्नौज लगाया गया। इस मामले में पहले पूर्व सपा विधायक दीपनारायण सिंह और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में 11 लोगों को पहले ही गिरफ़्तार किया जा चुका है। इनमें दीपनारायण के रिश्तेदार अनिरुद्ध यादव और बृजेंद्र यादव भी शामिल हैं।

## प्रदेश में संविदा कर्मियों की हालत दयनीय: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में नौकरियां न होने से बेरोजगार संविदा पर काम करने के लिए मजबूर हैं। संविदा पर काम कर रहे ज्यादातर संविदा कर्मियों को समय पर भुगतान न मिलना और कम वेतन मिलने की समस्या आम है, कुल मिलाकर उनकी स्थिति दयनीय है। प्रदेश की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस का दावा करती है लेकिन संविदा कर्मियों के मामले में अधिकारी फुल करप्शन के लक्ष्य के साथ बड़े घोटालों को अंजाम दे रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि ऐसे ही मामले को लेकर सुल्तानपुर जिले में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से संबंधित संविदा कर्मियों के एरियर भुगतान की जांच तीन सदस्यों की कमेटी से कराई, जिसमे गड़बड़ी पायी गई। इस मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठे थे। जांच में गलत भुगतान की जानकारी भी प्रकाश में आई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा। सरकार पीड़ितों की शिकायत को भी संज्ञान में नहीं ले रही है। राज्य सरकार के छह महीने पूरे होने पर खुशी मना रही है जबकि नौजवान, बेरोजगार रहने के लिए अभिशप्त एवं दाने दाने को मोहताज हैं। संविदा कर्मी महिलाओं की हालत और भी दयनीय है।

# पावर कारपोरेशन के चेयरमैन सहित सभी डिस्काम के एमडी तलब

● नियामक आयोग ने उपभोक्ता परिषद की याचिका का लिया संज्ञान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** राज्य विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आर पी सिंह ने विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका का संज्ञान लेते हुए पावर कारपोरेशन के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक व सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत नोटिस जारी करते हुए 21 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से नियामक आयोग में तलब किया गया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों के लिए यह निर्देश भी जारी किया है कि तत्काल बिना देरी किए हुए जिन भी विद्युत उपभोक्ताओं कास्ट डाटा बुक के विपरीत जाकर अधिक वसूली की गई है उन्हें पूरी धनराशि 21 अक्टूबर तक वापस किया जाए और सुनवाई के दिन पूरे मामले पर उपभोक्ताओं को वापस की गई धनराशि से अवगत कराया जाए। नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों को जारी नोटिस में कहा कि जिस प्रकार से बिजली कंपनियों ने आयोग आदेश का घोर उल्लंघन किया है वह रेगुलेटरी प्रोसेस के विपरीत अवमानना की श्रेणी में आता है जो माफ करने योग्य नहीं है यह किसी आदेश का उल्लंघन नहीं बल्कि कार्ड डाटा बुक का उल्लंघन है जो रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का एक कानून है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियों ने आयोग आदेश के विपरीत जाकर अपने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ईआरपी में जिस प्रकार से आयोग आदेश को हटाकर एक नियम विरुद्ध गलत आदेश उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डालने के लिए लागू कर दिया गया।

विद्युत उपभोक्ताओं का बड़े पैमाने पर शोषण किया गया है। किसानों के कनेक्शन के एस्टीमेट पर 18 प्रतिशत जीएसटी की वसूली नहीं करना था और उनके लिए जीएसटी शून्य है किसानों से भी नए कनेक्शन के स्टीमेट पर पर 18 प्रतिशत जीएसटी की वसूली की गई। अन्य विद्युत उपभोक्ताओं से जीएसटी के मद में 39 प्रतिशत तक वसूली की गई जो उत्पीड़न का सबसे बडा मामला है जिस प्रकार से बिजली कंपनियों ने उदाहरण के तौर पर 25 केवीए के ट्रांसफार्मर रुपया 56780 के विपरीत रुपया 74198 रुपए की वसूली की गई। इसी प्रकार अन्य मदों में भी अधिक वसूली की गई।

## प्रदेश में 31 अक्टूबर तक पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर रोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** ने आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में पुलिसकर्मियों के सभी प्रकार के अवकाशों पर 31 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी है। अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश डीजीपी मुख्यालय से स्वीकृत किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। डीजीपी मुख्यालय की ओर से इस संबंध में सभी डीजी, एडीजी, पुलिस आयुक्त, रेंज और जोन के प्रभारियों, पुलिस कप्तानों, एसपी रेलवे और पीएसी के सभी कंपनी कमांडेंट को आदेश पत्र प्रेषित कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि आने वाले त्योहारों को देखते हुए 31 अक्टूबर तक के लिए सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि अभी बीते रविवार की रात ही सीएम योगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों, रेंज, जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने शारदीय नवरात्रि, दशहरा, बाल्मीकी जयंती, बारावफात, दीपावली और छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान पुलिस को 24 घंटे अलर्ट मोड में भी रहने के निर्देश दिए थे।

# मिट्टी, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य को बचाएगी प्राकृतिक खेती: सूर्य प्रताप शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिलाकर प्रदेश की मिट्टी, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य के संरक्षण के कार्य को वृहद स्तर पर शीघ्र ही धरातल पर उतर जाएगा। यह बात सोमवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। श्री शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय भ्रमण दल दिनांक 28, 29 सितंबर तक हरियाणा प्रदेश के कुरुक्षेत्र में स्थित गुरुकुल प्रक्षेत्र पर अध्ययन की दृष्टि से जायेगा। इस भ्रमण दल में स्वयं कृषि मंत्री, गन्ना विकास मंत्री, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री, कृषि राज्य मंत्री, मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य कृषि, अपर मुख्य सचिव, गन्ना, कृषि एवं संबद्ध विभाग के समस्त निदेशकगण, निदेशक मंण्डी इत्यदि सम्मिलित होंगे। भ्रमण दल के साथ-साथ 20 से 25 कृषक भी 3 दिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु 28 सितम्बर को गुरुकुल के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के मार्गदर्शन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित गम्भीरता से कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती कृषि बोर्ड की स्थापना करने जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सुनीं जन शिकायतें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय पर लगभग दो दर्जन जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना साथ ही तत्काल ही निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधिकारियों से बात की। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। कई लोगों की समस्याओं का जनता दर्शन के दौरान ही निस्तारण भी कराया गया।

## बचपन कैंसर जागरूकता कार रैली को आजरवाना करेंगे उप मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** कैंसर पीड़ित बच्चों के दु:ख-दर्द बांटने के साथ ही उनको बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए तत्पर कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी के तत्वाधान में मंगलवार को लखनऊ से जागरूकता कार रैली निकाली जाएगी। कैनकिड्स किड्सकैन सोसायटी की स्टेट लीड डॉ योगिता भाटिया ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह साढ़े आठ बजे अपने निवास राजभवन कालोनी से कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी भी उपस्थित रहेंगे। यह रैली पूर्वांचल के अधिकतर जिलों में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करते हुए 28 सितम्बर को एम्स गोरखपुर पहुंचेगी। एम्स गोरखपुर में प्रो सुरेखा किशोर द्वारा कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए उपचार केंद्र का शुभारम्भ किया जायेगा । ज्ञात हो कि कैनकिड्स किड्सकैन एक राष्ट्रीय सोसायटी है जो कि देश में बच्चों के कैंसर के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही बेहतर उपचार की सुविधा मुहैया कराने और सुदृढ़ीकरण को लेकर 53 शहरों और 22 राज्यों में 125 से अधिक कैंसर केन्द्रों के साथ काम कर रही है।

## सपा मुख्यालय में मनाई गई अग्रसेन जायंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सोमवार को महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाराजा अग्रसेन की चित्र पर माल्यार्पण कर देश और प्रदेशवासियों को बधाई दी है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने अपने शासन काल में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया।

## प्रमुख समाजसेवी राम उजागर यादव समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, उसकी समावेशी विचारधारा एवं देश की जनता और राहुल गांधी की नफरत, बेरोजगारी, महंगाई जैसे तमाम मुद्दों को लेकर की जा रही भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर प्रमुख समाजसेवी राम उजागर यादव, आशीष यादव, सीमा मोहन और भारी संख्या में अपने अन्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सभी कांग्रेस पार्टी की सदस्तया ग्रहण कराई। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि सदस्यता ग्रहण कराते हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस सर्वधर्म समभाव की पार्टी है। देश और प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए वह केवल कांग्रेस सरकार में ही हुए। आज पूरा प्रदेश बेरोजगारी, महंगाई का दंश झेल रहा है पूरे देश की निगाह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर लगी हुई है।

# वृद्धावस्था पेंशन के आधार सत्यापन में पश्चिमी यूपी सबसे आगे

● प्रदेश में कुल 53.15 लाख लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण पूरा, शीर्ष 5 जिलों में 4 जिले पश्चिम उप्र के

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना में आधार सत्यापन की प्रक्रिया को अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। अब तक इस अभियान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले बाकी क्षेत्रों की तुलना में सबसे आगे चल रहे हैं। आधार सत्यापन के मामले में शीर्ष 5 जिलों में से 4 जिले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हैं। इनमें भी फिरोजाबाद सबसे ऊपर है।

फिरोजाबाद में आधार प्रमाणीकरण संख्या 49257, बिजनौर में 41856, अमरोहा 24155, हापुड़ में 10613 है। इसके अलावा फिरोजाबाद में लाभार्थियों की संख्या 57124 है बिजनौर में 52841, अमरोहा में 30691 और हापुड़ में 13737 है। कुल मिलाकर इन जिलों में आधार सत्यापन पूरा हो चुका है। प्रदेश में आधार प्रमाणित पेंशनरों की संख्या कुल 37.49 लाख हैं। इसके अलावा आधार प्रमाणीकरण से बचे लाभार्थियों की संख्या 15.55 लाख है। प्रदेश में कुल लाभार्थियों की संख्या 56 लाख हैं। उत्तर प्रदेश में वृद्ध जनों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए समाज कल्याण विभाग के आला अधिकारी टीम बनाकर घर घर जाकर सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। आधार प्रमाणीकरण का कार्य कराने से लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में सुविधा होगी। निकट भविष्य में लाभार्थियों के बैंक आधार सीडिंग खाते में धनराशि भेजी जा रही है जिससे बैंक का खाता अथवा आईएफएससी कोड में परिवर्तन होने पर लाभार्थियों को पेंशन की धनराशि मिलने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। आधार प्रमाणीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सही व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त हो तथा लाभार्थियों को दोहरा भुगतान से रोका जा सके एवं अधिक से अधिक वृद्धजन इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हो सके। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि वृद्धवस्था पेंशन योजनान्तर्गत वेबसाइट पर जाकर अपने जिले विकास खंड, नगर निकाय, ग्राम पंचायत, नगरीय वार्ड को सेलेक्ट कर अपने ग्राम तथा नगरीय वार्ड की पेंशन सूची से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर ज्ञात कर सकते हैं। लाभार्थी पेंशन पोर्टल पर जाएं और लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैश होती है उसे क्लिक कर वृद्धास्था पेंशन का चयन करते हुए रजिस्ट्रेशन नम्बर, मोबाइल नम्बर और बैंक अकाउण्ट नम्बर डालते ओटीपी के माध्यम से अपना मोबाइल नम्बर पेंशन के साथ दर्ज कर लें। लाभार्थी का नाम पेंशनर सूची में व आधार में समान है तो रजिस्ट्रेशन के साथ आधार का प्रमाणीकरण आसानी से हो जायेगा। जिन लाभार्थियों का नाम उनके आधार कार्ड से भिन्न है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत सहायक के माध्यम से आधार कार्ड की फोटोकॉपी पर लाभार्थी का मोबाइल नम्बर अथवा किसी निकट सम्बन्धी का मोबाइल नम्बर जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करायें, जिससे जिला स्तर से आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# घटतौली मिलने पर तौल लिपिकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गन्ना** एवं चीनी आयुक्त संजय आर. भूसरेड्डी ने सोमवार को पेराई सत्र 2022-23 के लिए मिलगेट एवं गन्ना क्रयकेन्द्रों पर घटतौली पर अंकुश लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि गन्ना क्रयकेन्द्र संचालित होने से 15 दिन पूर्व तौल लिपिकों के लाइसेंस संबंधित जिला मजिस्ट्रेट से बनवाकर चीनी मिलों को उपलब्ध कराये जाएं। क्रयकेन्द्र पर गन्ना तौल करते समय तौल लिपिकों को लाइसेंस के साथ-साथ पहचान-पत्र भी अनिवार्य रूप से अपने पास रखना होगा। घटतौली में दोषी पाये गये तौल लिपिकों के लाइसेंस निलंबन एवं उनके निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जायेगी इसके साथ ही घटतौली पाये जाने पर सम्बन्धित चीनी मिल के साथ-साथ तौलन यन्त्र विनिर्माता कम्पनी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के निर्देश भी दिये गये है। आयुक्त श्री भूसरेड्डी ने बताया कि तौल लिपिकों के पाक्षिक स्थानान्तरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाये जाने के लिए स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानान्तरण किया जायेगा तथा निर्गत स्थानान्तरण सूची को विभागीय वेबसाइट एवं सोशल मीडिया पर अपलोड कर प्रसारित भी कराया जायेगा साथ ही जिन तौल लिपिकों को लाइसेंस जारी किया जायेगा। उनका डाटाबेस फोटो सहित विभागीय वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जायेगा। विगत 5 वर्षों में जिन तौल लिपिकों के लाइसेंस निरस्त किये गये हो अथवा दण्डित किया गया हो उन तौल लिपिकों के लाइसेंस निर्गत न किये जाने हेतु भी निर्देश दिये गये है। चीनी मिलगेट पर न्यूनतम 10 टन क्षमता वाले मैनुअल काँटे लगाये जाने हेतु चीनी मिल अध्यासी को निर्देशित किया गया है।

## इंटौजा ट्रैक्टर ट्राली हादसा के बाद अटरिया इलाके में हुआ गमगीन माहौल

# ...जब एक साथ टिकौली गांव में पहुंची दस लाशें, तो मच गया कोहराम

संवाददाता। सीतापुर

**हे भगवान** ये तूने क्या किया, सीतापुर के टिकौली गांव के वांषिदों को दुख बांटने भी नहीं दिया। नवरात्रि के पहले दिन रात में लड़कियों और महिलाओं के 10 षव जब एक साथ पहुंचे, तो गांव वाले एक दूसरे का दुख भी नहीं बांट पाए। बांटे भी तो कैसे, घर-घर से चीत्कारे उठ रही थी, करूणरूदन से पूरा इलाका गूंजा हुआ था, किसी की प्यारी-दुलारी बेटी हमेषा के लिए उनसे दूर जा चुकी थी तो किसी की पत्नी का साथ हमेषा के लिए छूट चुका था। हृदय विदारक यह मंजर देखकर हर किसी का कलेजा कांप जा रहा था। परिवारीजन तो बेहोष हो जा रहे थे। जिन्होंने मनौती का आयोजन किया था, व देवरानी-जेठानी और दोनों की बेटियां भी हादसे में मारी गई। दरअसल टिकौली गांव के इन लोगो को यह कतई भी भान नहीं होगा कि सोमवार को जिस टैऊक्टर ट्राली से वह इंटौजा के उनई गांव स्थित दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने के लिए जा रहे है, फिर लौटकर कभी नहीं आएगे। इन्हें यह पता होता कि घर से कुछ ही दूर आगे मौत उनका इंतजार कर रही है तो वह षायद कभी नहीं जाते। आपको बता दें कि सीतापुर अटरिया के टिकौली गांव निवासी चुन्नी लाल उर्फ चुन्नन पत्नी कोमल परिजनों और गांव वालों के साथ सोमवार को इंटौजा के उनई गांव स्थित दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने के लिए नवरात्रि के पहले दिन टैऊक्टर ट्राली से निकले थे। उनके साथ गांव के अन्य 46 लोग भी दर्षन पूजन के लिए निकले थे। उनकी टैऊक्टर ट्राली इंटौजा के असनहा स्थित गद्दीपुरवा में उस समय हादसे का षिकार हो गई जब बेकाबू ट्रक ने टैऊक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टैऊक्टर-ट्राली सड़क किनारे बड़े

**● उनई के दुर्गा मंदिर में मनौती मांगने ट्रैक्टर-ट्राली से गए थे, टिकौली गांव में एएसपी एनपी सिंह, एसडीएम ए.के. सिंह पहुंचे, सीओ यादुवेन्द्र यादव पुलिस बल के साथ गांव में रहे मुस्तैद**

तालाब में पलट गई और उस पर सवार सभी श्रद्धालु ट्राली के नीचे दब गए। जिनमें 10 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में तीन लड़कियां और 7 महिलाएं षामिल है। यह सभी टिकौली गांव के ही रहने वाले है जिनमें दो परिवार की मां-बेटी भी है, मृतकों में रामरतन मौर्य की 48 वर्षीया पत्नी सुषमा और 21 वर्षीया बेटी रूचि, चुन्नीलाल की 45 वर्षीय पत्नी कोमल, 13 वर्षीया बेटी आयुषी उर्फ बिट्टो, राजकिषोर मौर्या की 54 वर्षीया पत्नी मालती, सुखलाल मौर्या की 50 वर्ष की पत्नी सुखरानी, छोटेलाल मौर्या की 46 वर्षीय पत्नी केतकी, पवन गुप्ता की 13 वर्षीय बेटी अंषिका, रामखेलावन पांडेय की 40 वर्षीय पत्नी सुनीला और बाबू अवस्थी की 48 वर्षीय पत्नी अन्नपूर्णा षामिल है। हादसे की जानकारी पाते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताते हुए मृतको के परिजनों को 4-4 लाख रूपये सहायता राषि देने की घोषणा की है। उधर हादसा देख गद्दीपुरवा के पूर्व प्रधान जुहूर के नेतृत्व में गांव के लोगो ने तालाब से 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कुछ देर बाद एसडीआरएफकी टीम भी मौके पर पहुंच गई। टैऊक्टर ट्राली चालक नरेष पाल जब मौके से लोगो के षव निकलने लगे तो वह भाग गया। सूचना मिलते ही इटौंजा के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र कुमार अपनी टीम के साथ पहुंच गये। राहत कार्य ग्रामीणों की मदद से शुरू किया। तीन शव को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक हादसे की शिकार ट्राली तालाब मे गिरते ही सभी उसके नीचे दब गये थे। बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा था। किसी तरह पुलिस व ग्रामीणों ने ट्राली के नीचे से लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक 37 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। करीब 3 बजे तक राहत कार्य चलता रहा। अंतिम शव दोपहर में करीब पौने 2 बजे एसडीआरएफ ने निकाला। इसके बाद डेढ़ घंटे तक पूरे तालाब में सर्च अभियान चलता रहा। वहीं ट्रैक्टर व ट्रॉली को बाहर निकालने के लिए पुलिस ने जेसीबी मंगाई थी। सोमवार रात जब टिकौली गांव में एक साथ 10 षव पहुंचे तो करूण रूदन से इलाका गूंज उठा। चुन्नी लाल मौर्या की पत्नी कोमल और बेटी आयुषी जो कोछ भराई के कार्यक्रम में घर से निकली थी, मां बेटी सहित जेठानी सुषमा और भतीजी रूचि की लाषे जब घर पहुंची तो चुन्नीलाल और भाई रामरतन बेहोष हो गए। इनके घरों की देहरी हमेषा के लिए सूनी हो गई। गांव में षव आने से पहले ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, एसडीएम सिधौली ए.के. सिंह, सीओ यादवेन्द्र यादव व अन्य पुलिस के अधिकारी मौजूद थे। इन सभी षवों का मंगलवार को अन्तिम संस्कार किया जाएगा।

# चोरी की घटनाओं में संलिप्त आठ चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर



**चोरी, लूट** करने वाले अपराधियों पर पुलिस का षिकंजा कसता जा रहा है, क्षेत्रों में हो रही चोरियों को लेकर पुलिस ने एक्षन लेना षुरू कर दिया है। इसको लेकर सीतापुर के पुलिस अधीक्षक घुले सुषील चन्द्रभान ने जनपद में चोरी की हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए टीमें गठित कर घटनाओं का अनावरण कर सलिप्ति अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने के निर्देष मातहतों को दिए थे। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस ने चोरी की घटनाओं में लिप्त 8 षातिर चोरों को गिरफ्तार कर खुलासा किया है। एसपी आफिस में खुलासा करते हुए एडिषनल एसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि 8 षातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से करीब 4 लाख कीमत के सोने, चांदी के जेवराज, अवैध षस्त्र बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि जो अभियुक्त पकड़े गए उनमें संजय वर्मा पुत्र मनोहर लाल सेमरापुरवा थाना मानपुर, सलीम पुत्र मंगू पलियापुरवा थाना रामपुरकलां, योगेन्द्र कुमार पुत्र जिंदर उर्फ पिंकू, अनिकेत उर्फछोटू अंकित पुत्र लोनिया नरेन्द्रपुर थाना सदरपुर, रामचन्द्र उर्फ छोटू पुत्र दीनबंधु लोनिया देवमन बेलवा थाना सकरन, सुषील चौहान पुत्र सोने लाल वेमन बेलवा थाना सकरन, सकटू पुत्र षैलेन्द्र उर्फगया प्रसाद षिवपुर थाना सदरपुर, टिंकू उर्फ तेजप्रताप पुत्र बराती गुरैंचा थाना सदरपुर के निवासी है जिन्हें नसीराबाद से गिरफ्तार किया है। यह सभी थाना कोतवाली नगर, मिश्रिख, संदना, रामपुर कला, सिधौली, मछरेहटा, बाराबंकी आदि क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में सलिप्तता स्वीकारी है। जिस सम्बंध में पहले से ही थाना कोतवाली नगर, मिश्रिख, सदंना, रामपुरकला, मछरेहटा में मुकदमें पंजीकृत है। एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि मिश्रिख सीओ सुषील कुमार यादव के नेतृत्व में स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह, कास्टेबल उमेष मिश्रा, रवि वर्मा, गुरूपाल, अनुराग पांडेय, सोहनलाल, अनुराग पांडेय, सोहनपाल, राहुल कुमार, दानवीर चड्ढा सहित संदना थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विषम्भरदयाल सिंह, दीनानाथ यादव, रजनीष वर्मा, हेड कास्टेबल अरूण कुमार सिंह, परवेज, रंजीत कुमार ने अपराधियों को पकड़ा है।

## छात्रों की सकारात्मक सोंच में सहायक सेल्फी विद कैंपस अभियानः अजय

**सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीतापुर अवध द्वारा जिले के विभिन्न कॉलेज कैम्पसों में सेल्फी विद कैम्पस यूनिट अभियान चलाकर कॉलेज कार्यकारिणी का गठन किया गया। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी सीतापुर जिले द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान के तहत संगठन द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षिक कौंशल को विस्तार अथवा विकसित करने के लिए सभी कॉलेजों में कालेज कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। एबीवीपी सीतापुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला की उपस्थिति में जिले के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोली व राधा कृष्ण सत्य प्रभा शिक्षा संस्थान इण्टर कॉलेज महोली एवं सीतापुर के आरएमपी इण्टर कालेज में कालेज कार्यकारिणी का गठन किया गया। उन्होनें छात्र-छात्राओं को इस अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि आज का युग आधुनिक युग है, आज हर विद्यार्थी सोशल मीडिया के सहयोग से अपनी हर बात समाज तक पहुंचा सकता है, विद्यालय से प्राप्त अपने अनुभवों को अपने शिक्षकों के साथ सेल्फी के माध्यम से सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है।

# मेमो ट्रेन चालू कराने के लिए होगा प्रयासः राजेश वर्मा



**सीतापुर।** सीतापुर जंक्षन पर पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएषन के द्विवार्षिक अधिवेषन का आयोजन किया गया जिसका षुभारम्भ मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेष वर्मा ने दीप जलाकर किया। सांसद का एसोसिएषन के पदाधिकारियों ने फूल-माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में गोरखपुर मंडल, इज्जतनगर मंडल, लखनऊ मंडल संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। अधिवेषन को सम्बोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग संसदीय समिति के चेयरमैन सांसद राजेष वर्मा ने कहा कि पहले कहीं ओबीसी के कार्यालय नहीं हुआ करते थे लेकिन अब हर जगह ओबीसी के रेल कर्मचारियों के लिए कार्यालय का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा है कि ओबीसी रेल कर्मचारियों की समस्याओं को हर समय हम उठाते रहेगें। सांसद राजेष वर्मा ने इससे पहले जंक्षन पर 100 फिट ऊंचे बने ध्वज का लोकार्पण किया व दो लिफ्टों का फीता काटकर षुभारम्भ किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लिफ्ट व ओबीसी कार्यालय भवन की लागत लगभग करीब 1 करोड़ है। इस दौरान रेलवे की वरिष्ठ मंडल मानसी मित्तल, वरिष्ठ विद्युत इंजीनियर धर्मेन्द्र यादव, डीसीएम मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज कुमार सिंह, सीतापुर रेलवे अधीक्षक ए.के. षुक्ला, पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएषन के अध्यक्ष सीपी वर्मा, जोनल महामंत्री एसबी यादव, षाखा अध्यक्ष सुरेष वर्मा, षाखा मंत्री अनुरूद्ध यादव, जोनल अध्यक्ष रामहस्ख यादव, एसबी यादव, पुरूषोत्तम यादव, वीरेन्द्र यादव, भाजपा नेता संतोष सिंह, अनिल सिंह, राजेष षुक्ला, पूनम मिश्रा सहित तमाम रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### घायल बच्चों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएं चिकित्सकःडीएम



**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की सुबह तहसील व ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम बाजपेई में कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चों की मृत्यु एवं तीन बच्चों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन बाजपेई गांव पहुंचेए जहां अफसरों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन.प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ में हैं। डॉक्टरों की निगरानी में घायल बच्चों का समुचित इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इस दौरान एडीएम संजय सिंहए एएसपी अरुण सिंहए एसडीएम ;सदरद्ध श्रद्धा सिंहए डीपीआरओ सोम्यशील सिंहए प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह मौजूद रहे। इसके बाद डीएम.एसपी ओयल स्थित जिला अस्पताल पहुंचेए जहां उन्होंने ग्राम बाजपेई में कच्ची दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल एडमिट बच्चों के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली। डीएम ने मौके पर मौजूद सीएमओ व सीएमएस को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए।

### धूमधाम से मनाया गया मीना का जन्मदिन



**निघासन.खीरी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही विकास क्षेत्र रमियाबेहड़ में विद्यालय के बच्चों की उपस्थिति में मीना राजू मंच से संबंधित कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा धूमधाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मीना का जन्मदिन मनाया गया ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष बालिका शिक्षा एअंधविश्वासए रूढ़िवादिता आदि के प्रति जागरूक करने के लिए तथा विभिन्न जीवन कौशल के विकास हेतु 24 सितंबर को मीना का जन्मदिन मनाया जाता है। मीना का काल्पनिक पात्र यूनिसेफके द्वारा बनाया गया है। यूनिसेफदुनिया भर मे बच्चों की शैक्षिक गतिविधियां और समग्र विकास हेतु कार्य करता है। विद्यालय में पावर एंजेल नैंसीए कोषाध्यक्ष कविता और सचिव नैंसी चक्रवर्ती के द्वारा अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशफाक खान ग्राम प्रतिनिधि रईस अहमद व शिक्षक अभिभावक संघ के सदस्य उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश की देखरेख में संपन्न कराया गया ज्ञात हो कि ओम प्रकाश बालिका शिक्षा के अंतर्गत सेल्फएस्टीम और बॉडी कॉन्फिडेंस के जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर भी हैं। कार्यक्रम के अवसर पर बालिका शिक्षा को बड़ावा देनेए बालिकाओं को मुख्यधारा में जोड़ने तथा आउट ऑफबच्चों को नामांकन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से मीना मंच के सदस्यों प्रियाए कविताए रोशनीए शालिनीए रक्षा राजपूतए अनामिकाए छायाए जीनतए शबनम को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और ग्राम प्रधान के द्वारा के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विशेष रूप से इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश की तारीफकी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक सखारामए अनुदेशक कपिल कुमार मौर्य और केशवराम मौर्य ने विशेष रुप से सहयोग प्रदान किया। साथ ही विद्यालय के छात्रों बादलए अमनए शोभितए आदित्यए अजीतए अदनान आदि ने भी सहयोग किया।

### रोटरी क्लब बरेली साउथ द्वारा आयोजित विराट दशहरा मेला 6, 7 और 8 अक्टूबर को

**बरेली ।** क्लब मेला प्रांगण में लगाया जा रहा है । मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है । मेले में 7 अक्टूबर को गायन प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर वर्ग में किया जा रहा है । गायन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों का ऑडिशन आज चौपला रोड स्थित रोटरी भवन में ऑडिशन में दोनो वर्गो के 80 प्रतिभागी ने भाग लिया ।गायन प्रतियोगिता के आयोजन में श्रीमती नेहा भारतीय, सोनाली अग्रवाल, मंजू धीरवानी, प्रसून अग्रवाल, नुपुर अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मिली अग्रवाल, स्वस्ति जैसवाल, प्रीति जिंदल, नीलू मेहरोत्रा,रचना जसोरिया और जूही अग्रवाल ने जज की भूमिका निभाई । कार्यक्रम का संचालन श्री अनिल अग्रवाल ,अजय जसोरिया और अनूप अग्रवाल ने किया । गायन प्रतियोगिता में कपिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विभोर भरतरिया, राजीव बुबना, संदीप मेहरा का सहयोग रहा ।

# पेज एक का शेष

## सोनिया ने मांगी लिखित...

समझा जा रहा है कि यहां उन्होंने दिल्ली लौटने की तैयारी कर रहे खड़गे से माफी मांगी। गहलोत के वफादार विधायकों ने खड़गे और माकन को यह संदेश पहुंचाया कि 19 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन होने तक राज्य के मुख्यमंत्री के बारे में कोई फैसला नहीं लिया जाना चाहिए और जो भी कदम उठाया जाए, वह गहलोत से मशविरे के बाद ही उठाया जाए। उन्होंने यह मांग भी रखी कि वर्ष 2020 में सचिन पायलट द्वारा बगावत करने पर संकट की घड़ी में पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे विधायकों में से ही किसी एक को मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। वर्ष 2018 के राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद गहलोत और पायलट मुख्यमंत्री पद को लेकर आमने-सामने आ गए थे। उस समय मामला किसी तरह सुलझा लिया गया, लेकिन जुलाई 2020 में पायलट ने अपने वफादार 18 विधायकों के साथ गहलोत के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। फिलहाल, पार्टी पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन दिल्ली लौटकर पूरी रिपोर्ट सोनिया गांधी को दी। सोनिया गांधी के साथ करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद सोनिया गांधी ने दोनों पर्यवेक्षकों से पूरे संकट पर लिखित रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट मंगलवार को सौंप दी जाएगी। माकन ने पार्टी के प्रस्ताव के लिए शर्तें तय करने के लिए गहलोत के वफादारों की आलोचना की और इसे हितों का टकराव करार देते हुए अनुशासनहीनता बताया। माकन ने जयपुर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के 75 साल के इतिहास में कभी भी कोई सशर्त प्रस्ताव नहीं रहा। संकल्प केवल एक पंक्ति का दस्तावेज होता है। सब कुछ कांग्रेस अध्यक्ष को बताया जाता है और फिर निर्णय लिया जाता है।

माकन ने गहलोत का नाम लिए बिना कहा कि जो कल चुनाव लड़ रहे हैं, वे पार्टी अध्यक्ष बन सकते हैं। यदि उन्हें प्रस्ताव पर फैसला करना है, तो यह हितों का टकराव होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) को आयोजित नहीं किया जा सका और गहलोत समर्थक विधायकों और मंत्रियों ने अलग बैठक कर अनुशासनहीनता का प्रदर्शन किया। मालूम हो कि रविवार रात जयपुर में एआईसीसी के पर्यवेक्षक पार्टी विधायकों का इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं आए। उन्होंने कहा कि गहलोत की सहमति के बाद सीएलपी बैठक रखी गई थी और उनके अनुरोध के अनुसार जगह और समय निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत के प्रति वफादार विधायक और मंत्री पार्टी नेतृत्व के लिए शर्तें नहीं रख सकते।उन्होंने कहा कि विधायकों, मंत्रियों के कुछ प्रतिनिधियों ने आकर तीन मांगें रखीं। उनकी शर्त है कि 19 अक्टूबर के बाद सीएलपी नेता चुने जाएं और उसके बाद कोई फैसला लिया जाए। ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि जो लोग 19 अक्टूबर के बाद प्रस्ताव पेश कर रहे हैं, वह स्वयं निर्णय लेंगे और यह हितों के टकराव के समान होगा। इससे पहले, राजस्थान के मंत्री और प्रमुख गहलोत-वफादार नेता शांति धारीवाल ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह पार्टी के विधायकों से पक्षपातपूर्ण तरीके से बात कर रहे थे और सचिन पायलट के लिए प्रचार कर रहे थे। मंत्री ने आगे कहा कि हम सोनिया गांधी के सिपाही हैं। पिछले 50 साल में मुझ पर एक बार भी अनुशासनहीनता का आरोप नहीं लगा। यदि पार्टी महासचिव और प्रभारी पार्टी के खिलाफ बगावत करने वालों को मुख्यमंत्री बनाने के लिए एक मिशन के साथ आए हैं, तो विधायक नाराज होंगे ही। सोनिया गांधी ने संकट को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ गहन मंत्रणा की है। उन्हें आनन-फानन में दिल्ली पहुंचने का फरमान सुनाया गया था। माना जाता है कि गहलोत से कमलनाथ के अच्छे रिश्ते हैं और संकट सुलझाने की जिम्मेदारी उन्हें दी जा सकती है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा, मेरी अध्यक्ष पद में कोई रुचि नहीं है। मैं सिर्फ सोनिया गांधी को नवरात्र की शुभकामनाएं देने के लिए आया हूं।

## क्या कांग्रेस अध्यक्ष पद...

करने के प्रयासों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। सूत्रों ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के एक से अधिक सदस्यों ने सोनिया गांधी से शीर्ष पद के लिए गहलोत के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार का चयन करने का आग्रह किया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया है कि सीडब्ल्यूसी सदस्यों ने कहा है कि उन पर विश्वास करना और उन्हें पार्टी की जिम्मेदारी देना अच्छा नहीं होगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को उनकी उम्मीदवारी पर पुनर्विचार करना चाहिए। इन सदस्यों ने सोनिया गांधी से एक और ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने का आग्रह किया है जो वरिष्ठ के साथ-साथ गांधी परिवार के प्रति वफादार भी हो। राजस्थान संकट सामने आने के बाद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर एक शब्द भी नहीं कहा है, जबकि सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह स्पष्ट है कि जब तक वह सोनिया गांधी की उम्मीदों के मुताबिक संकट का समाधान करने में सक्षम नहीं होंगे, तब तक कांग्रेस आलाकमान द्वारा उन्हें माफ किए जाने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि अशोक गहलोत के वफादार विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार चल रहा है। गहलोत ने सीएलपी की बैठक न कर पूरे राजस्थान संकट को जिस तरह का मोड़ दिया, उससे सोनिया गांधी बहुत नाराज बताई जा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि यदि गहलोत को दौड़ से बाहर कर दिया जाता है, तो कांग्रेस आलाकमान शीर्ष पद के लिए दिग्विजय सिंह या मुकुल वासनिक जैसे नेताओं को आगे बढ़ा सकता है। उधर, पार्टी के शीर्ष पद की दौड़ में शामिल शशि थरूर 30 सितंबर को नामांकन दाखिल करेंगे।

## अमेरिका-पाकिस्तान में...

अमेरिकी संसद को दी एक अधिसूचना में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के रख-रखाव के लिए संभावित विदेश सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी देने का निर्णय किया है। मंत्रालय ने दलील दी थी कि इससे इस्लामाबाद को वर्तमान तथा भविष्य में आतंकवाद के खतरों से निपटने की क्षमता बनाए रखने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से बातचीत में पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान बेड़े के रख-रखाव के लिए पैकेज देने के अमेरिका के फैसले पर भारत की ओर से चिंता प्रकट की थी।

## भारत के प्रति रुख पर...

मंत्री ने कहा कि ऐसे समूह देश के बाहर जीतने की कोशिश करते हैं और बाहर से भारत की राय व धारणाएं बनाने की कोशिश करते हैं। हमें इसको लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। चुनौती देना जरूरी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि अधिकांश अमेरिकियों को यह नहीं पता होगा कि भारत में किस तरह की बारीकियां और जटिलताएं हैं, इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि बैठे न रहें, दूसरों को मुझे निर्देशित करने का मौका नहीं देना है।

## अंकिता हत्याकांड का मुकद्मा...

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकरण की तेजी से जांच करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है और इसमें संलिप्त लोगों को शीघ्रता से सजा दिलाने के लिए उच्च न्यायालय से मामले के लिए फास्ट ट्रैक अदालत गठित करने का अनुरोध किया जाएगा। पौडी जिले के यमकेश्वर के गंगा भोगपुर में वनतारा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता की कथित रूप से रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य, ने अपने दो कर्मचारियों, प्रबंधक सौरभ भास्कर और सहायक प्रबंधक अंकित गुप्ता के साथ मिलकर ऋषिकेश के निकट चीला नहर में धकेल कर हत्या कर दी थी। इससे पहले, अंकिता की गुमशुदगी के मामले में 23 सितंबर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था जिन्होंने पूछताछ में उसकी हत्या की बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर अंकिता का शव 24 सितंबर को चीला नहर से बरामद किया गया। मुख्य आरोपी पुलकित हरिद्वार के पूर्व भाजपा नेता विनोद आर्य का पुत्र है। विनोद पूर्व में दर्जाधारी राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि, घटना के सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आर्य को तत्काल पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दूसरी ओर, पौडी के अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि अंकिता के शव की अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट एम्स, ऋषिकेश से प्राप्त कर उसके परिजनों को दिखा दी गई है। हालांकि, यह पता नहीं चल पाया है कि उस रिपोर्ट में क्या है। इससे पहले, प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से पहले अंकिता के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई थी जबकि मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया था। गौरतलब है कि रविवार को अंकिता के परिजनों ने अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट न आने तक उसकी अंत्एष्टि न करने की बात कही थी। अंकिता के लिए इंसाफ मांग रहे स्थानीय लोगों ने भी रविवार को कई घंटे तक ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध कर दिया था। मुख्यमंत्री के मामले में कडी कार्वाई करने का आश्वासन देने पर शाम को अंकिता के परिवार ने अलकनंदा नदी के तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## मां का आरोप, बेटी का...

और बेटी के अंतिम संस्कार की बात उन्हें तब पता चली जब उन्हें घाट चलने के लिए कहा गया। देवी ने कहा कि उन्होंने पहले ही कह दिया था कि अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक अंतिम संस्कार न किया जाए लेकिन सरकार ने जबरदस्ती अंतिम संस्कार करवा दिया। हत्या के आरोपियों के लिए फांसी की सजा की मांग करते हुए अंकिता की मां ने कहा कि उन्हें अपने बेटे की सुरक्षा की भी चिंता है क्योंकि आरोपी रसूखदार लोग हैं। त्वरित गति से जांच करने के लिए लक्ष्मणझूला में कैंप कर रही एसआईटी ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसका गहनता से निरीक्षण किया और साक्ष्य इकटठा किए। एसआईटी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, घटनास्थल से भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सीडीआर जैसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य इकटठा कर उनका विश्लेषण और अध्ययन किया जा रहा है जबकि प्रकरण के गवाहों और रिजॉर्ट के कर्मचारियों से पूछताछ जारी है। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया गया है जबकि रिजॉर्ट में घटना के दिन ठहरने वाले अतिथियों की सूची प्राप्त करके गहनता से जांच की जा रही है। इसके अलावा, आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेने की कार्यवाही की जा रही है।

## रूस के स्कूल में गोलीबारी...

उदमुर्तिया के गवर्नर अलेक्जांद्र ब्रेचालोव ने बताया कि बंदूकधारी ने स्वयं को भी गोली मार ली। गवर्नर ने बताया कि जिस स्कूल में हमला हुआ है, उसमें पहली से 11वीं कक्षा तक के छात्रों को पढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। इझेवस्क में करीब 6,40,000 लोग रहते हैं। यह मध्य रूस के यूराल पर्वतीय क्षेत्र के पश्चिम में स्थित है। गोलीबारी की यह घटना इझेवस्क शहर में स्कूल संख्या 88 में हुई। यह शहर मॉस्को से 960 किलोमीटर दूर पूर्वी क्षेत्र के उदमूर्तिया क्षेत्र में स्थित है। रूस के नेशनल गार्ड ने कहा कि कजांतसेव ने असली गोली चलाने के लिए दो गैर-घातक हैंडगन का इस्तेमाल किया।

## कुल्लू में दिल्ली व नोएडा...

राष्ट्रपति भवन ने द्रौपदी मुर्मू के हवाले से ट्वीट में कहा कि कुल्लू में हुए सड़क हादसे में छात्रों सहित कई लोगों के निधन के समाचार से मुझे गहरा दु:ख हुआ है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति गहन शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया।

## लखनऊ में ट्रैक्टर-ट्राली...

गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वहीं जिलाधिकारी ने बताया कि 37 लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। गंगवार ने बताया कि इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार-चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इटौंजा थाना क्षेत्र के गद्दीन गांव के पास सोमवार की सुबह हुए इस दर्दनाक हादसे की खबर पूरे गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई गांव के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस के पहुंचने से पहले ही गांव वालों ने तालाब से कई लोगों को बाहर भी निकाल लिया था। मौके पर बड़ी क्रेन को बुलाकर तालाब में गिरे ट्रैक्टर और ट्राली को बाहर निकलवाया गया। हादसे के बाद जब हादसे की खबर अटरिया सीतापुर पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। हादसे में जान गंवाने वाली सभी 10 महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सरकार ने जिन ट्वीट के...

उनके मुताबिक, केंद्र ने कई अकाउंट को बंद करने को कहा, जो उसके कारोबार को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि कई बड़ी हस्तियों के अकाउंट ट्विटर पर हैं। दातार ने यह दलील भी दी कि अनुपयुक्त प्रतीत होने वाले ट्वीट को ब्लॉक करने के बजाय, राजनीतिक सामग्री वाले अकाउंट को ही ब्लॉक करने को कहा जा रहा है। उन्होंने दिल्ली में हुए किसानों के प्रदर्शन का जिक्र किया और दावा किया कि मीडिया में प्रसारित की गई सामग्री को ट्विटर पर ब्लॉक करने को कहा गया था। उन्होंने दलील दी , किसानों के प्रदर्शन के दौरान मुझसे अकाउंट ब्लॉक करने को कहा गया था। टीवी और प्रिंट मीडिया खबरें प्रकाशिताप्रसारित कर कर रही हैं। मुझे (ट्विटर को) अकाउंट ब्लॉक करने को क्यों कहा जा रहा है? दातार ने उच्चतम न्यायालय बनाम श्रेया सिंघल मामले का जिक्र किया और कहा कि अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश जारी करने से पहले ट्विटर जैसे मध्यस्थों को नोटिस जारी किया जाना और उनका पक्ष सुनना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसलिए उन्होंने दावा किया है कि मंत्रालय द्वारा जारी किया गया इस तरह का आदेश उच्चतम न्यायालय के फैसले और संबंद्ध अधिनियम (सूचना प्रौद्योगिकी ब्लॉक कार्वाई नियम 6 और 8) के खिलाफ है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने अकाउंट ब्लॉक करने के लिए दिए गए एक आदेश का उदाहरण दिया, जिसमें ट्विटर को 1,178 अकाउंट ब्लॉक करने को कहा गया था। दातार ने दलील दी कि ट्विटर जिन ट्वीट को अनुपयुक्त समझता है उसे खुद ही ब्लॉक कर देता है। उन्होंने खालिस्तान का समर्थन करने वाले ट्वीट को ट्विटर द्वारा ब्लॉक किए जाने का उदाहरण भी दिया। बहरहाल, उच्च न्यायालय ने सुनवाई 17 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी।

## गुलाम नबी आजाद ने...

आजाद ने कहा कि उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली संभव नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। मैंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-जी को नहीं मना सकता। अगर कोई मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी को मना सकता है, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए। यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। मेरा मोदी-जी पर इस तरह का कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल संसद ही अनुच्छेद 370 को बहाल कर सकती है, लेकिन हमें बहुमत की जरूरत होगी। आजाद ने कहा, जब मोदी जी और अमित शाह जी ने संसद में मतदान कराया तो उन्हें 86 फीसदी वोट मिले। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करके जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने दशहरे की छुट्टी के बाद फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। आजाद ने कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है कि उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से मामले की सुनवाई करेगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने 26 अगस्त को कांग्रेस से पांच दशक से अधिक समय पुराना अपना नाता तोड़ लिया था। पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद समेत कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक प्रमुख नेताओं ने आजाद के समर्थन में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# जब नामांकन पत्र दाखिल करूंगा, तब देखिएगा मुझे कितना समर्थन मिला है : शशि थरूर

**भाषा।** पलक्कड़ (केरल)

**कांग्रेस** के नेता शशि थरूर ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए उनके पास पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष पद के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उम्मीदवारी को लेकर असमंजस के बीच थरूर ने पलक्कड़ के पट्टामबी में भारत जोड़ो यात्रा से इतर राहुल गांधी से भी मुलाकात की।




थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी के बारे में पूछे जाने पर पत्रकारों से कहा, जब मैं नामांकन पत्र दाखिल करूंगा तब आप देखिएगा मुझे कितना समर्थन मिला है। यदि मुझे अधिकांश राज्यों के पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलता है तो मैं चुनाव मैदान में रहूंगा। देश के अलग-अलग हिस्सों से अनेक लोगों ने मुझसे चुनाव लड़ने का अनुरोध किया है। थरूर ने कहा कि वह चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं, लेकिन 30 सितंबर को नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख के बाद ही सबकुछ स्पष्ट होगा। कांग्रेस की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 24 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्रों की जांच की तिथि एक अक्टूबर है, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर है। अगर जरूरत पड़ी तो मतदान 17 अक्टूबर को होगा। मतों की गिनती 19 अक्टूबर को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव में प्रदेश कांगेस कमेटी के 9000 से अधिक प्रतिनिधि मतदान करेंगे।



गुजरात के अहमदाबाद शहर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर स्थानीय कार्यकर्ताओं व नेताओं के साथ

# पीओके के बारे में निर्णय 1971 के युद्ध के दौरान ही लिया जाना चाहिए था : राजनाथ

**संवाददाता।** शिमला



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुद्दे के बारे में फैसला 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ही कर लिया जाना चाहिए था। सिंह ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बडोली में शहीदों के परिवारों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। सिंह ने कहा, "हमने हाल ही में 1971 के युद्ध में जीत की स्वर्ण जयंती मनाई। 1971 के उस युद्ध को इतिहास में याद रखा जाएगा, क्योंकि वह युद्ध संपत्ति, कब्जे या सत्ता के बदले मानवता के लिए लड़ा गया था। उन्होंने कहा, एक ही अफसोस है। पीओके पर फैसला उसी समय हो जाना चाहिए था।

सिंह ने हमीरपुर जिले के नादौन में भी ऐसे ही एक कार्यक्रम में भाग लिया। रक्षा मंत्री ने कांगड़ा में, देश को आत्मनिर्भर बनाने के केंद्र के दृढ़ संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नजरिए को साकार करने के लिए किए गए उपायों के कारण हुई प्रगति को रेखांकित किया। सिंह ने कहा, पहले, भारत को एक रक्षा आयातक के रूप में जाना जाता था। आज, यह दुनिया के प्रमुख 25 रक्षा निर्यातकों में से एक है। आठ साल पहले रक्षा निर्यात लगभग 900 करोड़ रुपए था जो अब 13,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है। हमें उम्मीद है कि 2025 तक रक्षा निर्यात 35,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा और 2047 के लिए निर्धारित 2.7 लाख करोड़ रुपए के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि भारत ने कभी भी किसी देश पर हमला नहीं किया है और न ही उसने एक इंच विदेशी भूमि पर कब्जा किया है। उन्होंने देश को आश्वासन दिया कि अगर भारत में सद्भाव को बिगाड़ने का कोई प्रयास किया जाता है, तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन इसे कायर या युद्ध से डरने वाला समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। ऐसे समय, जब हम कोविड-19 से निपट रहे थे, हमें चीन के साथ उत्तरी सीमा पर तनाव का सामना करना पड़ा। गलवान की घटना के दौरान हमारे सैनिकों के साहस ने साबित कर दिया कि कितनी भी बड़ी ताकत क्यों न हो, भारत कभी नहीं झुकेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का गठन और सैन्य मामलों के विभाग की स्थापना राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए उठाए गए कुछ प्रमुख कदम हैं। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के दरवाजे लड़कियों के लिए खोल दिए गए हैं वहीं सशस्त्र बलों में महिलाओं को स्थाई कमीशन दिया जा रहा है। हमने युद्धपोतों पर महिलाओं की तैनाती के लिए भी मंजूरी दी है। सिंह ने जोर दिया कि सरकार एक नए भारत का निर्माण कर रही है, जो हमारे सभी शांतिप्रिय मित्र देशों को सुरक्षा और विश्वास की भावना देगा तथा बुरे इरादे वालों को धूल चटाएगा।उन्होंने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों के बारे में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई रणनीति ने उनकी कमर तोड़ दी है, जो देश की एकता और अखंडता को चोट पहुंचाने की कोशिश करते हैं। जब युद्ध के काले बादल मंडराते हैं और राष्ट्रीय हितों पर हमले होते हैं, तो सैनिक ही उस हमले का जवाब देते हैं और देश की रक्षा करते हैं। यह नायकों का सर्वोच्च बलिदान है जो लोगों को जीवित रखता है। उन्होंने कहा, जनरल सैम मानेकशॉ, जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा, जनरल जैकब, जनरल सुजान सिंह उबान और एयर मार्शल लतीफ के नामों को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा, जिन्होंने भारत को शानदार जीत दिलाई। युद्ध में भारतीय सैनिकों में हिंदू, मुस्लिम, पारसी, सिख और एक यहूदी शामिल थे। यह सर्वधर्म समभाव के प्रति भारत के विश्वास का प्रमाण है। ए सभी वीर सैनिक अलग-अलग मातृभाषा वाले और अलग-अलग राज्यों के थे। वे भारतीयता के एक मजबूत और साझा धागे से बंधे हुए थे। सिंह ने युद्ध नायकों के परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि देश उन वीर जवानों के बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल हमेशा लोगों, खासकर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे, क्योंकि उनमें अनुशासन, कर्तव्य के प्रति समर्पण, देशभक्ति और बलिदान के गुण हैं, तथा वे राष्ट्रीय गौरव और विश्वास के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा, "पृष्ठभूमि, धर्म और पंथ मायने नहीं रखते, मायने सिर्फ यही रखता है कि हमारा प्यारा तिरंगा लगातार लहराता रहे। सिंह ने इस अवसर पर देश की सेवा में अपने प्राणों का बलिदान करने वाले प्रदेश के वीर सैनिकों के परिवारों को सम्मानित किया।

## अगर गहलोत को बदला गया तो कांग्रेस को नुकसान होगा: धारीवाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वफादार विधायकों की शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल के घर हुई बैठक का रविवार देर रात एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें धारीवाल यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि अगर अशोक गहलोत को बदला गया, तो कांग्रेस को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि किसी भी तरह अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने रहें। धारीवाल ने कहा कि आलाकमान में बैठा हुआ कोई आदमी यह बता दे कि अशोक गहलोत के पास कौन से दो पद हैं, जो उनसे इस्तीफा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनके पास केवल मुख्यमंत्री का पद है और जब दूसरा पद मिलगे तब कोई बात उठेगी। धारीवाल ने वीडियो में यह कहते हुए दिखाई दिए कि आज क्या बात उठ गई, आज आप इस्तीफा मांगने के लिए तैयार हो रहे हो। जिस षड्यंत्र से पंजाब खोया...राजस्थान भी खोने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपन लोग संभल जाएं तो राजस्थान बचेगा वरना राजस्थान भी हाथ से जाएगा। धारीवाल वीडियो में यह भी कहते दिखे कि, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने पहले दिन ही मना कर दिया था कि उनका कोई लेना देना नहीं है इस पद से.. मैं जहां पर हूं वहां प्रसन्न हूं।

# भारत का समग्र विकास आरएसएस का लक्ष्य: मोहन भागवत



**भाषा।** शिलाँग

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि भारत का समग्र विकास ही उनके स्वयंसेवी संगठन का लक्ष्य है। भागवत ने इस पर्वतीय राज्य के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन रविवार को एक जनसभा में कहा, आरएसएस का लक्ष्य समाज को संगठित करना है ताकि भारत चहुंमुखी विकास कर सके। आरएसएस व्यक्तिगत स्वार्थों को त्यागकर देश के लिए बलिदान करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता पर आधारित सदियों पुराने मूल्यों में निहित आस्था देश के लोगों को बांधने वाली शक्ति है।भागवत ने कहा, भारतीय एवं हिंदू एक समानार्थी भू-सांस्कृतिक पहचान है। हम सभी हिंदू हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीयों ने देश के प्राचीन इतिहास से बलिदान की परंपरा सीखी।उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज विभिन्न विदेशी भूमि पर गए और उन्होंने जापान, कोरिया, इंडोनेशिया और कई अन्य देशों को भी यही मूल्य दिए। भागवत ने कहा कि भारत ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न देशों में टीके भेजकर मानवता की सेवा की और वह आर्थिक संकट में श्रीलंका के साथ खड़ा रहा।उन्होंने कहा, जब भारत शक्तिशाली बनता है तो हर नागरिक शक्तिशाली बनता है। भागवत पूर्वोत्तर राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान आरएसएस के विभिन्न पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों के नेताओं से मुलाकात करेंगे।

## तमिलनाडु में संघ के सदस्यों की परिसंपत्तियों पर हमले के सिलसिले में 14 लोग गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं हिंदू संगठनों से संबद्ध व्यक्तियों की परिसंपत्तियों पर विस्फोटक पदार्थ फेंकने के सिलसिले में कुल 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार ऐसी घटनाओं के सिलसिले में कुल 19 मामले दर्ज किए गए थे। कोयंबटूर, सलेम, इरोड, डिंडीगुल, तूतीकोरिन, कन्याकुमारी एवं मदुरै में कुछ खास परिसंपत्तियों पर मिट्टी के तेल से भरी बोतलें फेंकी गई थीं और वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। पिछले सप्ताह पोपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के विरूद्ध राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के छापे के बाद भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्यों के परिसरों एवं वाहनों को निशाना बनाया गया। भाजपा ने इन घटनाओं के लिए पीएफआई को जिम्मेदार ठहराया है। सोमवार को पुलिस ने कहा कि कोयंबटूर के पोल्लाची में तीन व्यक्तियों समेत कुल 14 लोगों को संबंधित जिलों में मिट्टी के तेल से भरी बोतलें फेंकने की घटनाओं के सिलसिल में गिरफ्तार किया गया है। सलेम , इरोड, डिंडीगुल और मदुरै में भी गिरफ्तारियां की गई हैं।

# यूएई के वायुसेना प्रमुख ने वायुसेना प्रमुख से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायुसेना के कमांडर और वायु रक्षा मेजर जनरल इब्राहिम नासिर मोहम्मद अल अलावी ने सोमवार को वायुसेना प्रमुख वी आर चौधरी से मुलाकात की। दोनों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। यह जानकारी वायुसेना ने दी।दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों ने आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर भी बात की।वायुसेना ने ट्वीट किया, यूएई वायुसेना और वायु रक्षा के कमांडर मेजर जनरल इब्राहिम नासिर मोहम्मद अल अलावी ने आज एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी से मुलाकात की। दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों ने मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों और क्षेत्रों पर चर्चा की। भारतीय वायुसेना के ट्विटर हैंडल ने भी दोनों देशों के वायु सेना प्रमुखों की मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं।इस बीच, भारतीय वायुसेना ने एक अन्य ट्वीट में सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) को उसके 100वें स्थापना दिवस पर बधाई दी। उसने ट्वीट किया, एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और सभी वायु योद्धा सैन्य अभियंता सेवाओं के सभी कर्मियों को उनके 100वें स्थापना दिवस के मौके पर बधाई देते हैं।

**राजीव गांधी हत्याकांड मामला**

# नलिनी की याचिका पर केंद्र और तमिलनाडु को कोर्ट का नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रही नलिनी श्रीहरन की समय से पहले रिहाई की मांग से जुड़ी याचिका पर सोमवार को केंद्र और तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने केंद्र और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी करते हुए याचिका पर उनका जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने मामले में दोषी ठहराए गए आर पी रविचंद्रन की याचिका पर भी नोटिस जारी किए।

नलिनी ने मद्रास उच्च न्यायालय के 17 जून के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें समय पूर्व रिहाई के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया गया था और दोषी ठहराए गए ए जी पेरारीवलन की रिहाई को लेकर उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लेख किया था। उच्च न्यायालय ने 17 जून को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में दोषी श्रीहरन और रविचंद्रन की याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य के राज्यपाल की सहमति के बिना उनकी रिहाई का आदेश दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने उनकी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि उच्च न्यायालयों के पास संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत ऐसा करने की शक्ति नहीं है। उच्चतम न्यायालय के पास अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्ति है।संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष अदालत ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था। पेरारिवलन जेल में 30 साल से ज्यादा की सजा काट चुके थे। तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी रैली के दौरान 21 मई, 1991 की रात को एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी।

# नारायण राणे के बंगले में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**● शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) और तटीय नियमन क्षेत्र नियमों का उल्लंघन किया गया है**

**उच्चतम** न्यायालय ने मुंबई के जुहू इलाके में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बंगले में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त करने के लिए बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को निर्देश देने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) और तटीय नियमन क्षेत्र नियमों का उल्लंघन किया गया है। एफएसआई वह अधिकतम अनुमति प्राप्त फ्लोर क्षेत्र होता है, जिसपर किसी भूखंड पर निर्माण किया जा सकता है।उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका राणे परिवार के स्वामित्व वाली कालका रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने दायर किया था। याचिका न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति ए.एस. ओका की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिसने इसपर विचार करने से इनकार कर दिया।उल्लेखनीय है कि 20 सितंबर को उच्च न्यायालय ने कहा था, इसमें कोई दो राय नहीं है कि याचिकाकर्ता ने मंजूरी प्राप्त योजना और कानून के प्रावधान का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन करते हुए व्यापक स्तर पर अनधिकृत निर्माण किया। इससे पहले, बीएमसी ने उच्च न्यायालय से कहा था कि वह केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे के जुहू स्थित बंगले पर अनधिकृत निर्माण को वैधता प्रदान करने की दूसरी अर्जी पर विचार करने को इच्छुक है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि यदि बीएमसी का रुख स्वीकार कर लिया गया तो शहर में कोई भी व्यक्ति पहले व्यापक स्तर पर अनधिकृत निर्माण करेगा और फिर उसे वैधता प्रदान करने का अनुरोध करेगा। उच्च न्यायालय ने कालका रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें बीएमसी को नगर निकाय के पूर्व के आदेशों से प्रभावित हुए बगैर दूसरी अर्जी पर फैसला करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। बीएमसी ने निर्माण में नियमों का उल्लंघन किए जाने का जिक्र करते हुए जून में पहली अर्जी खारिज कर दी थी। कंपनी ने जुलाई में दूसरी अर्जी दायर कर दावा किया था कि वह निर्माण कार्य के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से को वैधता प्रदान करने का अनुरोध कर रही है।


तेजपुर में दुर्गा पूजा के अवसर पर मूर्तिकार देवी दुर्गा की मूर्ति का निर्माण करते हुए

# भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए ममता का रुख नरम: माकपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों-अपराधियों के गठजोड़ को बचाने के प्रयास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना रुख नरम कर लिया है। माकपा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचारियों-अपराधियों का गठजोड़ बनकर रह गई है। पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी के संपादकीय में एक प्रेसवार्ता में दिए गए ममता बनर्जी के बयान को उद्धृत करते हुए कहा गया कि उन्होंने (ममता ने) हाल ही में कुछ नई खोज की हैं। इसमें कहा गया है कि आरएसएस और नरेंद्र मोदी में सदगुणों का मिलना संकेत करता है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख इस गठजोड़ को बचाने के लेकर बेताब हैं। संपादकीय में कहा गया कि संघ-भाजपा के साथ उनके इस तरह के तालमेल से चकित नहीं होना चाहिए, क्योंकि पहले भी ममता बनर्जी केंद्र की अटल बिहारी वाजपेई सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं।

पश्चिम बंगाल में भाजपा के हाथों हार के बाद सियासी जमीन फिर से हासिल करने के प्रयास के बीच वाम दल ने तृणमूल कांग्रेस पर यह हमला किया। फिलहाल भाजपा पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी दल है। संपादीयक में, बनर्जी को संवाददाता सम्मेलन में यह कहते हुए उद्धृत किया गया है कि आरएसएस बुरा नहीं है। संपादकीय में कहा गया, इसी तरह उन्होंने एक और आविष्कार किया, वह इस बात में विश्वास नहीं करतीं कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेसियों के दुरुपयोग के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ है।

## विहिप की गरबा आयोजन स्थलों पर गैर हिंदुओं का प्रवेश रोकने की मांग

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को मांग की कि नवरात्र उत्सव के दौरान गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति पहचानपत्र की जांच के बाद ही दी जानी चाहिए और गैर-हिंदुओं को आयोजन स्थलों में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विहिप की विदर्भ इकाई ने इस संबंध में महाराष्ट्र सरकार और नागपुर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है।सोमवार से शुरू हुए देवी दुर्गा के नौ दिवसीय उत्सव के दौरान पारंपरिक गरबा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।विहिप के विदर्भ क्षेत्र के सचिव गोविंद शेंदे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विदर्भ में विभिन्न संगठनों और मंडलों द्वारा कई गरबा और डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जहां लड़कियां, महिलाएं और परिवार बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। शेंदे ने कहा कि गरबा और डांडिया केवल मनोरंजन नहीं बल्कि आराधना का एक तरीका है।

# गुजरात में प्रधानमंत्री की चुनावी रैलियों पर होने वाले खर्च को पार्टी के खर्च में जोड़ा जाए: भाजपा

**संवाददाता।** अहमदाबाद

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को राज्य की दो दिवसीय यात्रा शुरू करने वाले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के साथ हुई बैठकों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव रैलियों पर होने वाले खर्च को पार्टी के खर्च में जोड़ने की मांग की जबकि कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया में और पारदर्शिता लाने का अनुरोध किया।गुजरात के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने व राजनीतिक प्रतिनिधियों से मिलने के लिए गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर है।गांधीनगर में सीईसी से मिलने वाले पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे गुजरात भाजपा के उपाध्यक्ष गोरधन जदाफिया ने कहा कि सीईसी के साथ बैठक के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा ने मतदान का समय बढ़ाने की मांग की। जदाफिया ने संवाददाताओं से कहा, हमने मांग की कि सीईसी श्रम आयुक्त या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी को मतदान के दिन कारखाने के श्रमिकों के लिए आधे दिन की छुट्टी घोषित करने का निर्देश दें ताकि ए कर्मचारी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। इससे मतदान में भी वृद्धि होगी। गुजरात में इस साल दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे भाजपा के एक और नेता परिन्दु भगत ने कहा कि भाजपा ने यह मांग भी की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों पर होने वाले खर्च को उम्मीदवारों के बजाय पार्टी के खर्च में जोड़ा जाना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक बाबरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछली कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए सीईसी से चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# विश्व पटल पर आज भारत का रुख काफी मायने रखता है : जयशंकर

भाषा। वाशिंगटन



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि विश्व पटल पर आज भारत काफी मायने रखता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से भारत के रुख को महत्व दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सत्र से इतर जयशंकर ने न्यूयॉर्क में कई विश्व नेताओं से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इन बैठकों में मिली प्रतिक्रिया के आधार पर वह उक्त बात कह सकते हैं। जयशंकर ने भारत एवं अमेरिका के फ्रेंडशिप काउंसिल एंड फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायसपोरा स्टडीज़ (एफआईआईडीएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ बातचीत में कहा कि आज विश्व पटल पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं उनकी नीतियों की वजह से भारत के रुख को गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने न्यूयॉर्क में उनकी बैठकों के संदर्भ में कहा, आज हमारा रुख मायने रखता है, हमारे विचार मायने रखते हैं...इनमें आज बड़े मुद्दों से निपटने की क्षमता है। मेरा मानना है कि पिछले छह दिन में की गई वार्ताओं से यह बात प्रमुखता से सामने आई है। यूक्रेन के एक सवाल पर जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया की स्थिति ऐसी है कि एक बड़े संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस संघर्ष के कई पहलू हैं और शायद उनमें से कुछ से (पहले) निपटा जा सकता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लॉस एंजिलिस और ह्यूस्टन तक के भारतीय-अमेरिकी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने के लिए न्यूयॉर्क में चार दिन तक रुकने के बाद विदेश मंत्री अमेरिकी राजधानी वाशिंगटन पहुंचे। वाशिंगटन यात्रा के दौरान जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात कर सकते हैं। वह कॉरपोरेट क्षेत्र और थिंक-टैंक समुदाय के लोगों से भी बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, एक राजनयिक के तौर पर मेरे अभी तक के कार्यकाल में शायद सबसे बड़ा बदलाव जो मैंने देखा और मुझे इसका हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला, वह भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में आया बदलाव है। मंत्री ने कहा कि भारतीय-अमेरिकी दोनों देशों के बीच एक पुल के तौर पर इस बदलाव का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध को मजबूत करने में भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक बड़ी भूमिका है और इसके बारे में जितना बोला जाए कम हैं। जयशंकर ने कहा, भारत, अमेरिका के संबंध केवल सरकारी नीतियों की वजह से नहीं, बल्कि भारतीय-अमेरिकियों की वजह से भी बदले हैं।

## जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता व समृद्धि का अभिन्न अंग : हैरिस

भाषा। तोक्यो

**अमेरिका की** उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को तोक्यो पहुंचने के कुछ ही देर बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यहां आई हैं। आबे की जुलाई में हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। आबे को श्रद्धांजलि देने यहां पहुंचीं हैरिस के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भी साथ आया है। हैरिस ने अकासका पैलेस में कहा, जापान और अमेरिका के बीच गठबंधन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता व समृद्धि का अभिन्न अंग है। किशिदा ने कहा कि आबे ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# बांग्लादेशः हिंदू श्रद्धालुओं से भरी नौका पलटने से जान गंवाने वालों की संख्या हुई 50

भाषा। ढाका

**पश्चिमोत्तर** बांग्लादेश के सदियों पुराने मंदिर में हिंदू श्रद्धालुओं को ले जा रही एक नौका के रविवार को पलटने के बाद सोमवार तक हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव से पूर्व महालया के मौके पर हिंदू श्रद्धालु बोदेश्वरी मंदिर की ओर जा रहे थे, तभी देश के उत्तर-पश्चिमी पंचगढ़ जिले में कोरोटो नदी में, उन्हें ले जा रही नौका पलट गई। स्थानीय थाना प्रभारी अधिकारी सुजॉय कुमार के मुताबिक, अधिकारियों ने 25 और लोगों के शव बरामद किए हैं, जिससे इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

## पश्चिमी लीबिया में प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया के बीच झड़प, पांच लोगों की मौत

**काहिरा।** पश्चिमी लीबिया में प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया के बीच एक बार फिर झड़प होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें 10 वर्षीय एक लड़की भी शामिल है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी शहर ज़ाविया में प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया के बीच रविवार को यह झड़प हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की आपात सेवाओं ने बताया कि पांच लोग इस झड़प में मारे गए और कम से कम 13 अन्य नागरिक घायल हुए है। गौरतलब है कि अगस्त में भी राजधानी त्रिपोली में हुई ऐसी झड़पों में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## जर्मन चांसलर ओलाफ कोरोना वायरस से संक्रमित

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। उनके प्रवक्ता स्टेफेन हेबेस्ट्रेट ने सोमवार को बताया कि कोरोना वायरस जांच में वह संक्रमित पाए गए। उनके अनुसार चांसलर को इस संक्रमण के हल्के लक्षण है और उन्होंने तत्काल खुद को सबसे अलग कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि शोल्ज ने इस सप्ताह के अपने सारे सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है लेकिन उनकी सरकारी बैठकों में डिजिटल तरीके से भाग लेने की योजना है। शोल्ज रविवार को खाड़ी देशों की दो दिवसीय यात्रा से लौटे थे। उससे पहले वह न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में थे। इस सप्ताह शोल्ज इस वायरस से संक्रमित होने वाले एकमात्र सरकारी अधिकारी नही हैं।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4SAY0691, | DL4CND0142, | DL2CW8840, |
| DNK3154, | DL9CP7572, | DL10CF0455, |
| NOREG50, | DL1CL1191, | DL8SAG3660, |
| DL8SAK0559, | DL8CK3680, | HR20L6470, |
| HR51J8204, | DL4CS8864, | DL8SC0568, |
| DL8SN3595, | JH18A4117, | DL6SV9554, |
| DL8SZ5646, | DL4SBF3258, | DL1SL3875, |
| DL6SJ3175, | DL3SAB7966, | DDX2439, |
| DL8SM9736, | DL4SAE1982, | DL6SR4326, |
| DL6SY4857, | KL01P6607, | DL8SS9456, |
| CH03J5556, | DL4SK8010, | DL8SAH5611, |
| DL8SP4333, | JH05M7915, | DL9SQ7367, |
| DL4SY4958, | DL8SN4038, | DL2SG9544, |
| HR10E1513, | DL9SH8264, | DL4SBF1411, |
| DL9CR0291, | DL8SAE2495, | DL8SAC8396, |
| MH013310, | DL1SP0144, | DL4SAS9108, |
| DL8SS6101, | DL5SQ4848, | DL5S8475, |
| DL8SG4374, | DL7SAH2457, | DL3CAQ2038, |
| DL8SL7752, | DL8ST3488, | DL4CAA7191, |
| DL8SAF2662 | DL2FGW0019, | DL4CAD1937, |
| DL4SS3636, | DL2CN0182, | DL1CF4175, |
| DL8SAJ1107, | DL1LD4255, | DL9CB9346, |
| DL5SN0487, | NOREG43, | DL1CAA7398, |
| HP398966, | DL2FAS0600, | DL9CR2033, |
| DL8SAF5608, | DL3SAB1171, | DL1LC8456, |
| DL7SAX1432, | DL9CN5973, | DL3SAQ8674, |
| DL1SL7695, | DL8CE7146, | CH03N9629, |
| DL8SNA3429, | DL1K0009, | DL4SAM8782, |
| HR31C6305, | DL1LG1361, | DL4SAF7783, |
| MP33BA2998, | DL3CAP5097, | DL7SB0552, |
| DL8CN0559, | DL8SZ9556, | DL4SN9346, |
| DL8CN3424, | DL6SV2990, | DL4ST5784, |
| DL8CF5102, | NOREG44, | WB01U3685, |
| DL8CN5125, | DL6SP3339, | DL3CAU1130, |
| DL4SAE4248, | DL3SAL3129, | PJS9010, |
| DNK9828, | DL2CZ7138, | DL9CB8656, |
| HR51B0875, | DL6CH9136, | DL8CB6333, |
| DL8SAC5933, | DL9CP6643, | DL9CG2138, |
| DL4SBD1814, | DL6CE8039, | DL9CF6555, |
| DL3SS0554, | DL3CAJ8696, | DL4CS5778, |
| DL4CAG0111, | DL10CF0816, | DL2CV4778, |
| DL2CK9714, | DL8CNB1546, | DL13C0230, |
| DL6CD1479, | DL4CK0251, | DL2FR0036, |
| DL6CG9288, | BR09U0942, | DL3CBV2783, |
| DL3CAP1417, | UP65Q0554, | PB46D3711, |
| DL3CAQ5394, | UA07D3642, | DL7SAQ0736, |
| DL2F0786, | DL7SN9949, | HR26AL5152, |
| DL7SR3554, | DL8ST6416, | DL5CC0073, |
| DL6SZ6577, | DL8ST8784, | HR26AA9097, |
| DL6SK1325, | DL7ST8891, | DL9CN4410, |
| DL3SBA3225, | HR13B8765, | DL9CF6463, |
| DL1SN2054, | NOREG45, | DL2CE7663, |
| DL2CAF4479, | DL5CD1525, | HR26AK6195, |
| NOREG42, | DL2FAQ0444, | DL9CE5998, |
| DL3CAK3689, | DL5CB9285, | DL4SAM5044, |
| DL3CAQ2578, | DL7SF6929, | DL4SBD1129, |
| DL8CJ1146, | DL4SAE2579, | DL4SY3475, |
| DL8SK1441, | DL4SBE8066, | DL3SR7866, |
| DL8SAG4470, | UP14G5674, | DL1SQ1117, |
| RJ1443M6130 | DL6SK2455, | DL6SK6500, |
| DL8SW0794, | DL8SD4314, | DL9CP3255, |
| DL2SC0437, | JH01M6460, | DL4SAM2451, |
| DL9SD7083, | DL6SW2014, | DL5SL1461, |
| DL8SAJ2375, | DBQ4114, | DL4SBH2143, |
| HR20D1210, | DL4ST0021, | DL5SJ2636, |
| DL9SA1577, | DL3SR9177, | DL6SY3633, |
| DL8SAJ5416, | DL5SP7789, | DL8SNB2328, |
| UP21F7842, | DL6SL0457, | DL8SAE0277, |
| MH12BJ1006, | DL6SQ1546, | DL8ST2565, |
| CH03A1498, | DL6SA5419, | DL7SV4505, |
| DL1SG2630, | DL6SF3775, | DL9SJ5918, |
| DL2SE4623, | DL4CS3996, | DL8SQ6374, |
| DL8CF4977, | HR26Z5434, | DL4SQ3859, |
| DL7CF4397, | DL3CAK2508, | DL7SAG5626, |
| DL8CF4779, | HR26AG2147, | DL8SN4586, |
| DL2CAD2946, | DL3CQ5378, | DL8SAB6958, |
| DL3CAL3341, | DL9CQ4519, | DL3SM4261, |
| DL8CN2583, | DL9CG3600, | DL8ST7990, |
| DL5CD1743, | DL9CG5758, | DL4SNB4240, |
| DL7CE6551, | CHSN013262 | PB19B8722, |
| DL4CAA2813, | DBB4896, | DL9CN5372, |
| DL8SX0547, | AS01Z3063, | DL3CZ7037, |
| CH03A6784, | BR24A6607, | DL4SAH0050, |
| DL4SAG9583, | DL1SP7389, | DL4CS1531, |
| DL1SB0083, | MP21M2083, | UP16P1462, |
| DL8SAG8772, | DL8SAF1051, | HR70C3810, |
| MP07KE0044, | DL4ST7985, | DL2FFS0008, |
| DL4SH9466, | DL8ST9371, | DL3CAR2222, |
| HR12G8672, | DL8SAK0495, | DL3CBU3465, |
| HR12A8168, | DL8SC9669, | DL7CB5994, |
| DL8SW7337, | DL4SAW6304, | DL2CAA1043, |
| DL8SH0694, | DL1CZ7668, | DL8CH4871, |
| DL8SAE6730, | NOREG47, | DL2FGM0111, |
| DL8S8040, | DL4CN7203 | DL4CNE9088, |
| DL9CK6085, | DL3CBA0426, | DHC1016, |
| DL4CM6952, | DL4CAF7298, | UP32DU4423, |
| DL3CAM1212, | DL8CG9998, | DEY24, |
| DL9CQ1615, | DL3CAB8078, | DL3CAJ7240, |
| HR26AL6038, | DL4CNB5020, | DL7CK7470, |
| DL8CNB0994, | DL3CW2374, | HR51AH2676, |
| DL8CL4020, | DE072, | UP14C1600, |
| DL2CR3722, | DL7CE7309, | DL3CAJ6196, |
| DL7CE7100, | MH06AB1177, | DL4CNA4882, |
| HR26AC8937, | DL7CD0429, | DL3CAE4790, |
| DL3CAA6032, | DL9CG3318, | HR51S1251, |
| DL4CC7160, | DL3CAY3238, | HR08J4500, |
| PB08AF2540, | DL2CP6185, | DL2CK0811, |
| DL2SL2937, | DL3CL0904, | HR13E0575, |
| DL3SAG2536, | DL9CH0772, | HR10H3883, |
| DL5S1630, | DL4SAN4054, | MP21G0628, |
| DL6SS8356, | DL4SL1096, | PB10BY1942, |
| DL3CL6859, | DL4SZ8459, | HR24C1641, |
| DL7CG1523, | DL1LF7089, | HR26X4947, |
| DL5CB3559, | DL9CJ2854, | HR26BG2721, |
| UP76J7654, | DL3CAG6945, | HR51AP0660, |
| DL7CE2536, | DL1LF9569, | HR26AE0345, |
| DL2CAC8220, | DL2CZ8537, | HR26AE9925, |
| DL3SF8584, | DL4SAB3881, | MH04CD9234 |
| DL7SN1499, | DL8SAJ6143, | RJ17CA0062, |
| DL7SX6014, | DL8SNB0268, | MH02PA8985, |
| DL7SAY6430, | DL7SAC2658, | HR03L9933, |
| DL9CM6542, | DL8SAH5685, | HR26AH1909, |
| DL9SH3330, | DL4SAU4864, | RJ19C1544, |
| DEF7267, | DL9SL2103, | AP10P0630, |
| HR26AE0397, | DL8SH7555, | HR70A9654, |
| DL9SB9495, | DL7ST7900, | DL3FZ0042, |
| DL7S6080, | DL6SS6622, | HR55T9249, |
| DL8SL3235, | DL7CB6040, | HR26AJ0715, |
| DL6ST2727, | DL9CJ4293, | HR37B0294, |
| DL7CC5484, | DL2CE8694, | DL1VA6131, |
| DL6CE8986, | NOREG48, | HP12D2054, |
| DL8CN8038, | DL6CD9004, | HR01L8684 |


# उत्तर कोरिया की धमकी के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने शुरू किया सैन्य अभ्यास

भाषा। सियोल

**अमेरिका और** दक्षिण कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर सोमवार को सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। दोनों देशों के बीच पांच वर्ष में यह इस तरह का पहला सैन्य अभ्यास है। इससे एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने अभ्यास के संभावित जवाब के रूप में छोटी दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। उत्तर कोरिया आने वाले दिनों में और परीक्षण कर सकता है क्योंकि वह अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यासों को देश पर आक्रमण करने के अभ्यास के तौर पर देखता है और अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए तैयार किए गए हथियारों का प्रदर्शन करता रहता है। दक्षिण कोरिया की नौसेना के बयान में कहा गया है कि चार दिन के इस अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के उकसावे का जवाब देने के लिए सहयोगियों के ठोस संकल्प को प्रकट करना और संयुक्त नौसैन्य अभ्यास की क्षमता में सुधार करना है। बयान के अनुसार 20 से अधिक अमेरिकी और दक्षिण कोरियाई नौसैन्य जहाजों इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। इनमें परमाणु ऊर्जा से संचालित विमान वाहक यूएसएस रोनाल्ड रीगन, एक यूएस क्रूजर और दक्षिण कोरियाई व अमेरिकी विध्वंसक पोत शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि अमेरिका और दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान व हेलीकॉप्टर भी प्रशिक्षण में हिस्सा लेंगे।

## द.कोरिया के राष्ट्रपति ने देश की मीडिया पर अमेरिका के साथ सबंध खराब करने का लगाया आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने देश की मीडिया पर अमेरिका के साथ सबंध खराब करने का सोमवार को आरोप लगाया। गौरतलब है कि टीवी प्रसारक मुन्हवा ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एमबीसी) ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें यून कथित तौर पर अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों तथा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का अपमान करते दिख रहे हैं। वीडियो पिछले सप्ताह उनकी न्यूयॉर्क यात्रा का है, जहां वह संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे थे। यून ने सोमवार को कनाडा यात्रा सम्पन्न करने के बाद कहा कि मीडिया दक्षिण कोरिया की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। तथ्यों से परे ऐसी खबरों से गठबंधन को नुकसान पहुंच सकता है। यून ने कहा कि खबरों के पीछे का सत्य सामने आना चाहिए। वही, कंजर्वेटिव पीपल पावर पार्टी ने एमबीसी के खिलाफ कार्वाई की चेतावनी भी दी है। वीडियो में आवाज स्पष्ट नही है। हालांकि यून को कथित तौर पर फिर भी कुछ अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। वीडियो साझा करते हुए एमबीसी ने लिखा, क्या यह बाइडन के लिए बहुत आपत्तिजनक नही होगा...... एमबीसी के वीडियो के प्रसारित होने के बाद यून के कई प्रतिद्वंद्वियो ने उनकी आलोचना की और इससे एक बड़ी भूल करार दिया है। यून के कार्यालय ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वह (यून) अमेरिकी कांग्रेस या बाइडन के बारे मे बात नही कर रहे थे। यून की प्रवक्ता किम यून हे ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह (यून) दक्षिण कोरिया की विपक्ष नियंत्रित नेशनल असेंबली के 10 करोड़ डॉलर के योगदान की उनकी योजना को अस्वीकार करने को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे थे।

## बलूचिस्तान में हेलीकॉप्टर हादसे में पाक सेना के छह अधिकारियों की मौत

**इस्लामाबाद।** दक्षिण पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सेना के छह अधिकारियों की मौत हो गई। सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना की तरफ से कहा गया कि रविवार रात प्रांत के हरनाई इलाके के खोस्त में एक उड़ान अभियान के दौरान यह हादसा हुआ। सेना ने कहा कि दो पायलटों समेत हेलीकॉप्टर में सवार छह कर्मियों की हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना क्यों हुई, इसकी कोई वजह नहीं बताई गई है। यह दुर्घटना एक अगस्त को बलूचिस्तान में इसी तरह की घटना के एक महीने से अधिक समय बाद हुई है। तब पाकिस्तान सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक लेफ्टिनेंट जनरल सहित उसमें सवार सभी छह कर्मियों की मौत हो गई थी। सेना के मुताबिक, वह हादसा खराब मौसम के कारण हुआ था।

## दक्षिण कोरिया में शॉपिंग मॉल में आग लगी, सात की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के डायजियोन शहर में सोमवार को एक शॉपिंग मॉल के भूतल में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डायजियोन दमकल मुख्यालय के एक अधिकारी गो सेउंग-चिओल ने बताया कि दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के बाद हताहतों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर लगी और तेजी से भूतल में फैल गई। गो ने कहा कि 500 से अधिक दमकल कर्मी और 90 वाहनों को आग बुझाने के लिए तैनात किया गया और शाम तीन बजे उसपर काबू पा लिया गया। हालांकि इमारत में अभी धुआं भरा हुआ है।

## टिकट रिफंड अनुरोध का दो से तीन दिन में निपटान किया जाएगा: एअर इंडिया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने पात्र ग्राहकों के टिकट का पैसा लौटाने की प्रक्रिया में लगने वाले समय को घटाकर दो से तीन दिन करने का दावा किया है। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान कई एयरलाइन के लिए टिकट का पैसा वापस लौटाना एक परेशानी का मुद्दा था। कंपनी ने दावा किया कि सरकार से एयरलाइन का नियंत्रण लेने के बाद शुरू के कुछ महीनों में 150 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के 2.5 लाख से अधिक मामलों का निपटान किया गया है। विमानन कंपनी के अनुसार, वेबसाइट पर दर्ज धनवापसी के वैध अनुरोध का दो से तीन दिनों के भीतर निपटान किया जाएगा।

## गोल्डी सोलर विस्तार करेगा

**नई दिल्ली।** गोल्डी सोलर ने अपने बिजनेस के विस्तार से जुड़ी योजनाओं के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम के निवेश से जुड़े प्लान का ऐलान किया है। गोल्डी सोलर भारत में क्वालिटी को लेकर सबसे सजग क्वालिटी ब्रांड है। हेट्रोजंक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस प्रोडक्ट में कार्बन मॉड्यूल सीरीज का कम इस्तेमाल किया गया है और इसकी दक्षता काफी अधिक है। गोल्डी सोलर का लक्ष्य मॉड्यूलए सेल और कच्चे माल निर्माण क्षमताओं के साथ एंड-ट-एंड और वर्टीकल इंटीग्रेटेड कंपनी बनना है। इस प्लान के अनुरूप कंपनी गुजरात में सेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना है। इसके बाद कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाकर 5 गीगावाट करेगी। इसके साथ ही साथ कंपनी की विभिन्न पदों पर 4,500 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति करने की योजना है। गोल्डी सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने कहा कि बिल्कुल जमीनी स्तर पर रोजगार पैदा करने के लिए गोल्डी सोलर की प्रस्तावित विनिर्माण इकाई के आसपास के जनजातीय इलाकों से 25 प्रतिशत वर्कफ ोर्स की भर्ती की योजना है।


## कर कटौती योजना से ब्रिटिश पाउंड चार दशक के निचले स्तर पर आया

**लंदन।** ब्रिटेन की नई सरकार द्वारा करों में कटौती और खर्च को बढ़ावा देने की योजना सामने आने के बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ब्रिटिश पाउंड में तेज गिरावट हुई। पाउंड सोमवार को शुरुआती कारोबार में 1.0349 प्रति अमेरिकी डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया, हालांकि बाद में इसमें थोड़ा सुधार हुआ और यह 2.3 प्रतिशत कमजोरी के साथ 1.0671 प्रति डॉलर के भाव पर था। इस तरह पाउंड, डॉलर के मुकाबले चार दशक के निचले स्तर पर है।

# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

भाषा। मुंबई

**●सेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़का, आईटी शेयर लाभ में**



**घरेलू शेयर** बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भारी गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 953.70 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। कई देशों के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि और वैश्विक बाजारों में मंदी की बढ़ती आशंका के चलते विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू बाजारों में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने का भी निवेशकों की धारणा पर प्रभाव पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह 953.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,145.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,060.68 अंक तक गिर गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 311.05 अंक यानी 1.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,016.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 5.49 प्रतिशत की गिरावट हुई। टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तरफ एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, विप्रो और नेस्ले के शेयर लाभ के साथ बंद हुए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, कमजोर वैश्विक संकेतों और रुपए में लगातार गिरावट के कारण निफ्टी लगातार चौथे कारोबारी सत्र में नुकसान में रहा। उन्होंने कहा, उच्च मुद्रास्फीति और वैश्विक मंदी की आशंका लगातार बढ़ने के कारण इक्विटी समेत जोखिम वाली वैश्विक संपत्तियों में सोमवार को बड़ी बिकवाली दर्ज की गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि की वजह से डॉलर में तेजी, सुस्त आर्थिक वृद्धि और सतर्क निवेशकों की बढ़ती मांग वैश्विक शेयर बाजारों में उथल-पुथल पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, इन सबके बीच रुपए में गिरावट, बांड प्रतिफल बढ़ने और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार नुकसान में रहे। केवल आईटी क्षेत्र लाभ में रहे। इसका कारण यह संभावना है कि वैश्विक मंदी की आशंका का ज्यादातर असर कीमत के रूप में आ चुका है। बीएसई का मिडकैप 3.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 2.84 प्रतिशत टूट गए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्केई, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में बंद हुए। यूरोपीय शेयर बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था।

# काला धन कानून के तहत नोटिस पर अनिल अंबानी के खिलाफ 17 नवंबर तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं: अदालत

भाषा। मुंबई

**बंबई उच्च** न्यायालय ने आयकर विभाग को निर्देश दिया है कि वह रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी के खिलाफ 17 नवंबर तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न करे। आयकर विभाग ने अंबानी को काला धन कानून के तहत नोटिस भेजकर पूछा था कि आखिर उन पर मुकदमा क्यों न चलाया जाए। आयकर विभाग ने आठ अगस्त, 2022 को अंबानी को दो स्विस बैंक खातों में रखे 814 करोड़ रुपए से अधिक के अघोषित धन पर नोटिस जारी किया था और आरोप लगाया कि उन्होंने कथित रूप से 420 करोड़ रुपए की कर चोरी की। विभाग ने अंबानी (63) पर कर चोरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने जानबूझकर भारतीय कर अधिकारियों को अपने विदेशी बैंक खाते के विवरण और वित्तीय हितों के बारे में नहीं बताया।



अंबानी ने इस महीने की शुरुआत में नोटिस को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें दावा किया गया कि काला धन कानून 2015 में लागू किया गया था, जबकि कथित लेनदेन 2006-2007 और 2010-2011 के हैं। अंबानी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रफीक दादा ने कहा कि अधिनियम के प्रावधान पिछली तारीख से प्रभावी नहीं हो सकते। आयकर विभाग की ओर से पेश अधिवक्ता अखिलेश्वर शर्मा ने याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगा। न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की खंडपीठ ने इसकी अनुमति दी और याचिका पर सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की। अदालत ने कहा, आयकर विभाग अगली तारीख तक याचिकाकर्ता (अंबानी) के खिलाफ कारण बताओ नोटिस के तहत कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करेगा। पीठ ने आयकर विभाग को अंबानी की इस दलील का जवाब देने को भी कहा कि काला धन कानून के प्रावधान पिछली तारीख से लागू नहीं हो सकते।

# एसएंडपी को उम्मीद, चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी

भाषा। नई दिल्ली

**एसएंडपी** ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है। साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मुद्रास्फीति 2022 के अंत तक छह प्रतिशत के ऊपर रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति की अधिकतम सीमा छह प्रतिशत तय की है। हालांकि महंगाई लगातार इस स्तर से ऊपर बनी हुई है। एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने आर्थिक पूर्वानुमानों में कहा कि अगले साल भारत की वृद्धि को घरेलू मांग में सुधार का समर्थन मिलेगा। बयान में कहा गया, हमने भारत के वृद्धि पूर्वानुमान को वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए 7.3 प्रतिशत और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है, हालांकि इसमें कमी का जोखिम बना हुआ है। उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ती नीतिगत ब्याज दरों ने भी कई अन्य एजेंसियों ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद के वृद्धि अनुमान में कटौती की है। इस महीने की शुरुआत में, फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया था, जो इससे पहले 7.8 प्रतिशत था। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने भी अपने अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया था। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपने पूर्वानुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

## निर्यात बढ़ाने के लिए जीसीसी बाजारों में प्रदर्शनी, अन्य कार्यक्रम आयोजित करेगा फियो

**दुबई।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने भारत से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बाजारों में प्रदर्शनी समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। जीसीसी का गठन मई, 1981 में किया गया था। इसके सदस्य देश सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हैं। फियो के अनुसार, जीसीसी को भारत का निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 44 प्रतिशत बढ़कर 43.9 अरब डॉलर रहा, जो 2020-21 में 27.8 अरब डॉलर था। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2021-22 में जीसीसी में हमारा निर्यात प्रदर्शन शानदार रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के अलावा, सऊदी अरब को हमारे निर्यात में 49 प्रतिशत, ओमान को 33 प्रतिशत, कतर को 43 प्रतिशत, कुवैत को 17 प्रतिशत और बहरीन को निर्यात में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में हमने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रदर्शनी, बीटूबी (कंपनियों के बीच) प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, संवाद सत्र और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं। ए कार्यक्रम भारत के निर्यात को बढ़ाने के लिए आयोजित किए जाएंगे। फियो के सदस्य सुपर सोर्सिंग दुबई (एसएसडी) कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए हैं।

## विदेश व्यापार नीति को मार्च 2023 तक बढ़ाने का फैसला

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने इस समय लागू विदेश व्यापार नीति (2015-20) को छह और महीनों के लिए, बढ़ाने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अमित यादव ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा विदेश व्यापार नीति को मार्च 2023 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। इसकी अवधि 30 सितंबर को ही समाप्त होने वाली थी। यादव ने कहा कि उद्योग संगठनों एवं निर्यात संवर्धन परिषदों जैसे विभिन्न क्षेत्रों से मौजूदा व्यापार नीति को ही फिलहाल बनाए रखने का अनुरोध किया गया था। संगठन मौजूदा हालात में नई विदेश व्यापार नीति लागू करने के पक्ष में नहीं थे। विदेश व्यापार की गतिविधियों से जुड़े तमाम संगठनों का मानना है कि वैश्विक चुनौतियों और रुपए की स्थिति में आ रहे उतार-चढ़ाव को देखते हुए, अभी मौजूदा नीति को ही जारी रखना सही होगा। उनका कहना है कि नई विदेश व्यापार नीति को नए वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू किया जाना चाहिए। इससे पहले उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय ने कहा था कि सितंबर के अंत तक वह नई विदेश व्यापार नीति जारी कर देगा।

## कंपनियां 2023 में कर्मचारियों के वेतन में कर सकती है 10.4 प्रतिशत की वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में कंपनियां अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद के बीच वर्ष 2023 में कर्मचारियों के वेतन में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन पीएलसी के भारत में वेतन वृद्धि के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार वेतन में 2023 के दौरान 10.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। यह आंकड़ा फरवरी के वेतन में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से अधिक है। वही, 2022 के दौरान वेतन में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अध्ययन के तहत देश में 40 से अधिक उद्योगों की I,300 कंपनियों के आंकड़ो का विश्लेषण किया गया है। इसमे कहा गया कि 2022 की पहली छमाही मे नौकरी छोड़ने की दर 20.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर रही।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public at large that our client's customer Mrs. Annu is the owner of property no. 5-d (old no. 5-e), area measuring 42 sq. Yards, with all roof rights, out of khasra no. 826, situated in the area of Village Nawada, and the colony known as Omvihar, Phase-1, Uttam Nagar, Delhi-110059 vide sale deed dated 05.07.2022as doc no. 16083 from Mr. Rinku Sharma S/o Jagjit Mohan Sharma who acquired the same vide GPA (notary), ats & will dated 10.05.2009 from Mrs. Monika Maggo who acquired the same vide GPA (notary), ats & will dated 22.02.2008 from Mr. Bhagwan Dass, Mr. Lajpat Rai and Mr. Madan Gopal, who acquired the same vide Mr. Bhagwan Dass, Mr. Lajpat Rai and Mr. Madan Gopal as doc no. 1340 the said property is being mortgage with M/s Aavas financiers limited "(formerly known as Au Housing Finance Ltd.) At office no. 707 7th Floor, Vikram Tower, Delhi, Rajendra Place hence this notice is hereby given that all the above said GPA's are active and not revoked till date and any person, banks or financial institution/s, or any parties, having any claim, charge, interest, title, demand, rights, of whatsoever nature in respect of or against the said property by way of inheritance, share, transfer, mortgage, possession, howsoever nature, are hereby required to make the sameknown in writing with documentary support to the undersigned within 7 days from the date of publication, failing which the said claim of such person/s, if any will be considered as waived and settled.

**Mr. Samir Kumar / Lalit Kumar (Advocate)**
**M/s. Excel Law Group**
**Office at address: 87-D, on 3' Floor, Pocket-2, Sector-6, Dwarka, New Delhi.**
**Mbl-8130395390/91**

# अयोध्या में शुरू हुई 3डी तकनीक पर दुनिया की पहली रामलीला

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

**●योगी सरकार बनने के बाद भव्य रामलीला की हुई शुरुआत**

**●पात्रों के रूप में दिखेंगे बीजेपी सांसद और बॉलीवुड एक्टर**

**●5 अक्टूबर तक चलेगी अयोध्या की रामलीला डीडी यूपी पर होगा लाइव टेलीकास्ट**

**●पात्रों के वस्त्र और आभूषण हैं लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र**



**योगी** सरकार ने सत्ता में आने के बाद से ही अयोध्या के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। यहां एक तरफ भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, तो वहीं विकास एवं सुंदरीकरण के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला भी गतिमान है। इसके अलावा दीपोत्सव के जरिए इस प्राचीन नगरी के गौरव की पुनर्स्थापना का कार्य भी हो रहा है। वहीं शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन से अयोध्या की बहुविख्यात रामलीला भी शुरू हो गयी है। इसमें फिल्मी कलाकारों और भाजपा सांसदों द्वारा विभिन्न पात्रों की भूमिका निभायी जाएगी। सबसे खास बात यह है कि इस साल अयोध्या की रामलीला में दुनिया में पहली बार 3डी तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। लक्ष्मण किला मंदिर परिसर में रामलीला का मंचन 5 अक्टूबर तक होगा।

**विभिन्न किरदारों के रूप में दिखेंगी नामी हस्तियां, कोई बनेगा शबरी, कोई नारद मुनि:**अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मालिक बाबी के मुताबिक, कई कलाकार अयोध्या पहुंच कर रिहर्सल कर रहे हैं। इस बार रामलीला में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव %निरहुआ% भी दिखेंगे। इसके अलावा महाभारत सीरियल के %शकुनी मामा% गुफी पेंटल रामलीला में नारद मुनि की भूमिका निभा रहे हैं। गिरजा शंकर राजा दशरथ तो फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री शबरी की भूमिका में दिखाई देंगी। मशहूर कलाकार राकेश बेदी और रजा मुराद जैसी कई हस्तियां अयोध्या की रामलीला में विभिन्न पात्रों के रूप में नजर आएंगी। रावण की भूमिका शाहबाज खान निभा रहे हैं।

**3डी तकनीक है खास** :अयोध्या में इस साल की रामलीला 3डी तकनीक पर प्रस्तुत की जाने वाली दुनिया की पहली रामलीला बन गयी है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मालिक बाबी के अनुसार वीआईपी गैलरी के लिए 3डी चश्मे की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि रामलीला के मंच पर एलईडी स्क्रीन लगी है, उस पर रामायण काल के बैकग्राउंड को 3डी पर प्रस्तुत किया जा रहा है। जिससे रामलीला का सजीव मंचन श्रद्धालुओं को दिखे। इसके अलावा इस बार रामलीला में प्रभु श्रीराम और माता सीता के वस्त्र व आभूषण भी लोगों के लिए विशेष आकर्षण हैं। प्रभु श्रीराम के वस्त्र विशेष तौर पर नेपाल के जनकपुर के डिजाइनरों ने तैयार किये हैं, जबकि असली सोने से निर्मित माता सीता के आभूषणों को मुंबई के डिजाइनरों ने तैयार किया है।

**11 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था** :इस साल फिल्मी कलाकारों से सजी अयोध्या की रामलीला का तीसरा संस्करण है। इसका आयोजन सीएम योगी आदित्यनाथ और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के सहयोग से हो रहा है। रामलीला स्थल पर करीब 11 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। जहां 2020 में 16 करोड़ और 2021 में 22 करोड़ श्रद्धालुओं ने अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चैनल व सोशल मीडिया, यूट्यूब पर देखा, वहीं इस साल इसे 50 करोड़ दर्शकों तक पहुंचाने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या की रामलीला प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक यूपी दूरदर्शन पर लाइव टेलीकास्ट की जाती है। इसके पहले शनिवार को कलाकारों ने रिहर्सल में काफी मेहनत की।

**रावण दहन के दिन कई मंत्री और फिल्म एक्टर रहेंगे मौजूद :** सुभाष मालिक बाबी ने बताया कि रामलीला स्थल पर रावण दहन के दिन कई मंत्री और फिल्म कलाकार मौजूद रहेंगे, जिसमें आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अंकित शर्मा, गोविंद नामदेव और भजन गायक अनूप जलोटा के अलावा प्रोड्यूसर करण राजदान अपनी फिल्म %हिंदुत्व% की स्टारकास्ट के साथ शामिल होंगे। रामानन्द सागर के लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में सीता माता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया इस वर्ष रावण दहन के मौके पर अयोध्या में मौजूद रहेंगी।

## एटा में सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार

**एटा।** एटा जिले की अलीगंज कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव को हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर आरोपों के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी ।अलीगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) विक्रांत त्रिवेदी ने बताया कि डकैती, हत्या के प्रयास और एक महिला के उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में कोतवाली में पिछले वर्ष 18 सितंबर को दर्ज मामले में यादव की गिरफ्तारी की गई है। यादव काफी समय से फरार थे ।हालांकि विनोद यादव की गिरफ्तारी अलीगंज पुलिस ने तब की जब वह सीओ सकीट सुनील कुमार त्यागी के यहां जुगेंद्र सिंह यादव के कुर्क आवास पर चस्पा किए गए नोटिस में अपने बयान दर्ज कराने गया था। पुलिस ने उसे वहां बयान दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस बात की पुष्टि सीओ सकीट ने की है। पुलिस के अनुसार, समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, विनोद के चाचा हैं। पुलिस विभिन्न आपराधिक मामलों में रामेश्वर और जुगेंद्र की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। जुगेंद्र की पत्नी रेखा यादव एटा की जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। वह और उनके पति गिरोहबंद अधिनियम के तहत मामला दर्ज होने के बाद से फरार हैं। रामेश्वर यादव जेल में बंद हैं।

# छोटे मामलों में सत्र न्यायालय को जमानत खारिज करने की जरूरत नहीं: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक आदेश में कहा कि सत्र न्यायालय को छोटे-मोटे मामलों में न्यायिक मंथन किए बगैर जमानत की अर्जी खारिज करने की जरूरत नहीं है ।बुलंदशहर के रुद्र दत्त शर्मा नाम के एक व्यक्ति पर दर्ज एक आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत की अर्जी पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुरेश कुमार गुप्ता ने यह टिप्पणी की। शर्मा पर भादंसं की धारा 147।353 (दंगे से जुड़े आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया था ।याचिकाकर्ता के वकील की दलील सुनने और इस मामले के तथ्यों पर गौर करने के बाद अदालत ने कहा, इस मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए मेरा विचार है कि अकसर यह देखा गया है कि छोटे-मोटे मामलों में भी सत्र न्यायालय, न्यायिक मंथन किए बगैर और नियमित तौर पर जमानत की अर्जी खारिज कर देता है। अदालत ने कहा, यह बहुत खेदजनक है। इस तरह की जमानत अर्जी पर सत्र न्यायालय द्वारा विचार किया जाना चाहिए और निर्णय दिया जाना चाहिए। यह अग्रिम जमानत का एकदम सही मामला है और इसलिए जमानत मंजूर की जाती है। अदालत ने अमन प्रीत सिंह बनाम सीबीआई के मामले का भी हवाला दिया जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि कोई व्यक्ति जो किसी गैर जमानतीा संज्ञेय अपराध में आरोपी है, यदि जांच के दौरान उसे हिरासत में नहीं लिया गया है तो ऐसे मामले में यह उचित है कि उसे जमानत पर रिहा किया जाए क्योंकि जांच के दौरान उसे गिरफ्तार नहीं किया जाना या हिरासत में उसे पेश नहीं किया जाना उसे जमानत पर रिहा होने का पात्र बनाने के लिए पर्याप्त है। गत 16 सितंबर को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी थी कि उसका मुवक्किल निर्दोष है और उसे मौजूदा मामले में झूठा फंसाया गया है। याचिकाकर्ता की उम्र 60 वर्ष है और मामले में उसकी कोई भूमिका नहीं है। याचिकाकर्ता के खिलाफ जिस अपराध का आरोप लगाया गया है, उसमें दो वर्ष तक के कारावास की सजा का प्रावधान है।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल दो गौ-तस्कर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर जिले में बिंदकी कोतवाली पुलिस और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने मुठभेड़ में घायल दो गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे मुखबिर की सूचना पर बिंदकी कोतवाली पुलिस और एसओजी प्रथम की टीम आलमगंज प्रतापपुर गांव के पास पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही गौ-तस्करों ने गोलीबारी शुरू कर दी और जवाबी कार्वाई में गौ-तस्कर अंसार और शाकिब उर्फ चींटा पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जबकि एक अन्य तस्कर फरार हो गया। एसपी ने बताया कि पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के पास से दो तमंचा, कारतूस, एक मोटर साइकिल, गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और एक गाय बरामद की है। उन्होंने बताया कि अंसार के विरुद्ध गंभीर अपराधों के आठ मुकदमे दर्ज हैं और शाकिब के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं।

## जमीन पर जबरन कब्जे के विरोध में किसान और उसके बेटे ने आत्मदाह की कोशिश की

**शाहजहांपु।** शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में सोमवार को एक निजी ऊर्जा कंपनी के अधिकारियों द्वारा जमीन पर कथित रूप से जबरन कब्जा करने के विरोध में एक किसान और उसके बेटे ने आत्मदाह का प्रयास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक किसान ने आरोप लगाया कि उसने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी, मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। खुटार थाने के प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि विजौरा बिजोरिया गांव के कुलविंदर सिंह (53) और उनके पिता रतन सिंह (85) ने अपने खेत पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने माचिस छीनकर उनकी कोशिश को नाकाम कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार तथा राजस्व विभाग की टीम भेजी गई थी। टीम की मौजूदगी में ही किसान ने तेल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे पुलिस ने विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों किसानों को बंडा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से रतन सिंह को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। बंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर रिजवान खान ने बताया कि खुद पर मिट्टी का तेल उड़ेलते वक्त तेल कुलविंदर सिंह और रतन सिंह की आंखों के साथ-साथ मुंह के रास्ते पेट में चला गया जिससे उनका रक्तचाप बढ़ गया है। कुलविंदर ने बताया कि उनके खेत में एक निजी कंपनी के अधिकारियों ने बिना बताए केबल डाल दी। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। कुलविंदर ने दावा किया कि सोमवार को नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ आ गए और जबरन खेत पर कब्जा करवा रहे थे। कुलविंदर ने कहा कि इसी के चलते उन्होंने और उनके पिता ने आत्मदाह का प्रयास किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो युवकों की मृत्यु

**प्रयागराज।** जिले के यमुना पार करछना थाना क्षेत्र के बरांव लाला का पुरा गांव में सोमवार को दुर्गा पूजा पंडाल का लाउडस्पीकर लगाते समय हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो युवकों की मृत्यु हो गई। करछना के क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि करंट की चपेट में आने से दोनों युवक खंभे से नीचे गिर पड़े जिन्हे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। चौहान ने कहा कि मृतकों की पहचान शिवम केसरवानी (18) और राहुल वर्मा (18) के रूप में हुई है। उन्होने कहा कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए है।

## युवक ने किया भाभी से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**सहारनपुर ।** सहारनपुर जिले के देवबंद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा कथित तौर पर चाकू दिखाकर अपनी भाभी से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि देवबंद थाने में पीड़िता ने रविवार देर शाम तहरीर देकर अपने देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।उन्होने कहा कि तहरीर मे थाना भवन के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व देवबंद क्षेत्र के एक गांव मे हुई थी। उसने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसके दो अविवाहित देवर उस पर गलत नजर रखने लगे थे।राय ने बताया कि महिला ने दावा किया कि देवर ने 15 दिन पहले भी उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की तो उसने यह बात अपने पति को बताई, लेकिन पति ने उल्टे उसे ही डांट फटकार चुप कर दिया। पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि विगत 24 सितंबर को उसका पति, सास ओर ससुर मजदूरी पर गए हुए थे, पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि विगत 24 सितंबर को उसका पति, सास ओर ससुर मजदूरी पर गए हुए थे, इसी बीच उसका एक देवर कमरे मे घुस आया ओर चाकू का डर दिखाकर उससे दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि उसने जब यह बात अपने पति, सास, ससुर को बताई तो उसकी ससुराल वाले आरोपी देवर को लेकर फरार हो गए। महिला ने अपने मायके वालों को बुलाकर रविवार शाम थाना देवबंद पहुंचकर तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्पोर्ट्स प्रशिक्षक की ट्रेन से गिरकर मौत

**इटावा।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर कानपुर टूण्डला संभाग में इटावा जिले के इकदिल एवं भर्थना रेलवे स्टेशन के मध्य संगम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मेरठ के मोदी स्पोर्ट एकेडमी में प्रशिक्षक पद पर तैनात एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार वह भारतीय बास्केट बॉल के चयनित रेफरी थे। इटावा के पुलिस अधीक्षक (नगर) कपिल देव सिंह ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर कानपुर टूण्डला संभाग मे इटावा जिले के इकदिल एवं भर्थना रेलवे स्टेशन के मध्य 24-25 सितंबर की दरमियानी रात संगम एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई थी। मरने वाले की शिनाख्त मेरठ के यशवर्धन राणा (25) रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि यशवर्धन राणा मेरठ मे मोदी स्पोर्ट एकेडमी मे प्रशिक्षक पद पर तैनात थे तथा भारतीय बास्केट बॉल के चयनित रेफरी थे। वह कानपुर के चौधरी हरमोहन सिंह यादव पैरामेडिकल कॉलेज में 23 से 29 सितंबर तक आयोजित 61वीं उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रेफरी के तौर पर हिस्सा लेने संगम एक्सप्रेस ट्रेन से मेरठ टीम के साथ कानपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि राणा ट्रेन के एस-पांच कोच मे थे तथा एस-तीन एवं एस-सात कोच मे बास्केट बॉल टीम यात्रा कर रही थी। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह ट्रेन के कानपुर स्टेशन पर पहुंचने पर कोच में यशवर्धन राणा के नहीं होने पर खोजबीन की गई। खोजबीन मे पता चला कि इटावा जिले की भर्थना स्टेशन के पास रात्रि में रेल लाइन किनारे एक शव पड़ा मिला है। इस सूचना पर बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान की।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार सिपाही समेत चार लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर क्षेत्र में सोमवार को दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराने से एक पुलिस कांस्टेबल समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मेरठ से हरिद्वार जा रहे लोगों से भरी एक कार मंसूरपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में मेरठ में तैनात कांस्टेबल कुलदीप मिश्रा (30) तथा तीन अन्य लोगों मनीष (26) अमन गौतम (25) तथा एक गौतम (25) तथा एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में घायल एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## हादसे में दम्पति की जान गई

**बदायूं ।** जिले के उझानी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली और कार की टक्कर में एक दम्पति की मौत हो गई तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित किशोर श्रीवास्तव ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात बदायूं के उझानी क्षेत्र के बरामयखेड़ा गांव के पास एक कार और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। इस घटना में वेद प्रकाश (23) तथा उसकी पत्नी रूबी (21) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में मुकेश और अंश नामक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि वेद प्रकाश अपनी पत्नी को पास के गांव गुराई स्थित अपनी ससुराल से विदा कराकर अपने घर परौली गांव लौट रहा था।

# बुन्देलखण्ड की बेटियों की तकदीर बदलने की मुहिम

## मंडलायुक्त ने नवेली-बंदेली अभियान को लेकर लिए बांदा डीएम की सराहना की

**आलोक निगम।** बांदा





**पूर्व** प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी पढाओए बेटी बचाओ के तहत ष्नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् अभियान का शुभारम्भ 25 दिसम्बर 2021 में इसी 300 शैय्या युक्त महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ थाए जिसमें 11 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया गया था और केक काटा तथा सोहर भी गाये गए थे। आज उसी क्रम में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपीसिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विपिन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सवष् कार्यक्रम उपरोक्त स्थल पर सम्पन्न हुआ ।आज शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव का आयोजन उपरोक्त स्थल पर सम्पन्न हुआए जिसमें 10 बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर तथा सोहर गीत गाकर हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चियों की माता श्रीमती आरती पालए श्रीमती सनैना देवीए श्रीमती आरतीए श्रीमती पूनमए श्रीमती डालीए श्रीमती चन्द्रकलीए श्रीमती कोमलए श्रीमती शिवरानीए श्रीमती बबिता देवीए श्रीमती माया की नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ महिला जिला अस्पताल में मनाया गया और जन्म प्रमाण देकर माताओं को सम्मानित किया गया ।आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल आर0पी0सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाधिकारी बांदा द्वारा चलाये जा रहे नवेली.बुन्देली कार्यक्रम जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। उनके द्वारा जनपद में जनता के लिए अन्य विभिन्न प्रकार के नवाचार कार्यक्रम चलाये जा रहे हैंए जो समाज के लिए बहुत उपयोगी एवं लाभ परक हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस योजना से हमारी बुन्देलखण्ड की बेटियां आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनेगीं। उन्होंने सभी मातृ शक्तियों से अनुरोध किया कि अब अपने घरों के साथ.साथ लोंगो को जागरूक करें और अच्छी शिक्षा.दीक्षा देकर स्वावलम्बी बनायें। पुलिस उप महा निरीक्षक विपिन मिश्रा, जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ष्नवेली.बुन्देलीष् कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बालक.बालिकाओं के बीच बढ रहे लैंगिग भेदभाव को कम करना तथा बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से लाभान्वित कराना। अभिभावकों का बालिकाओं के प्रति सम्मान बढानाए कन्या भ्रूण हत्या पर नियंत्रण करना और जनपद के लैंगिक अनुपात में सुधार करना और आम.जनमानस में जागरूकता फैलाना। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0 श्री संजय सिंहए जिलाधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेलए पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दनए ज्वाइंट मजिस्टेªट प्रशिक्षु आई0ए0एस0 श्री जगत साईए नगर मजिस्टेªट श्री राजेश वर्माए उप जिलाधिकारी सदर सुरभि शर्माए तहसीलदार सदर पुष्पकए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती वन्दना गुप्ताए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरूष श्री एस0एन0मिश्राए महिला अधीक्षिका श्रीमती सुनीता सिंहए जिला प्रोबेसन अधिकारी मीनू सिंहए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रिन्सी मौर्या सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्रोच के प्रोत्साहन की मुहिम

**लखनऊ।** समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली इनोवेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ वीवो ने आज एक देशव्यापी पहल वीवो इग्नाइटश् को शुरू किया है। इस पहल के जरिए वीवो का उद्देश्य प्रॉब्लम.सॉल्विंग एप्रोच के साथ पूरे भारत में स्टूडेंट्स को सशक्त बनाने और देश के जरूरी मुद्दों पर बात करने के लिए सबसे उपयुक्त और आवश्यक वैज्ञानिक विचारों को एकीकृत कर लागू करने के लिए सही टेक्नोलॉजी को विकसित करना है। वीवो इंडिया के बिजनेस स्ट्रैटेजी हेड पैघम दानिश ने कहा वीवो में हम बेहतरीन और सरल उत्पादों और अनुभवों के जरिए दुनिया में खुशी लाने के लिए समर्पित हैं। इस विचार के अनुरूप वीवो के साथ हमारा लक्ष्य महत्वाकांक्षी युवाओं के मन में प्रॉब्लम.सॉल्विंग एप्रोच को प्रोत्साहित करना है। साथ ही देश से जुड़े अहम मुद्दों पर बात करने के लिए उन्हें अपने तकनीकी और रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसे जला कर मारने के जुर्म एक व्यक्ति को उम्रकैद

**संभल।** संभल की जिला अदालत ने 11 वर्षीय एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसे जलाकर मारने के जुर्म में आज एक व्यक्ति आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उसपर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र कुमार यादव ने बताया की नखासा थाना क्षेत्र में 21 नवंबर 2019 को जब 11 वर्षीय यह नाबालिग लड़की घर में अकेली थी, तब उसके पड़ोसी जीशान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यादव के अनुसार जब लड़की ने उसकी शिकायत घर वालों से करने की बात कही, तो जीशान ने उसके ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा दी। अधिवक्ता के मुताबिक वारदात के समय लड़की की मां दवा लेने बाहर गई थी। उन्होने बताया कि लड़की को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा बाद में तबियत बिगड़ने पर उसे सफदरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव के मुताबिक लड़की के परिजनो की तहरीर पर नखासा थाने में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले की सुनवाई पास्को एक्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने सोमवार को जीशान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उसपर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

# पंड्या को आराम, शाहबाज लेंगे स्थान


● दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टी20 टीम घोषित, अय्यर शामिल, कोविड से नही उबरे शमी, हुड्डा भी बाहर

भाषा। नई दिल्ली
















**कोविड**-19 से उबरने में नाकाम रहने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जबकि बंगाल के हरफनमौला शाहबाज अहमद को हार्दिक पंड्या की जगह टीम में शामिल किया गया है। पंड्या को आराम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 28 सितंबर से तिरुवनंतपुरम में शुरू हो रही है। ऑलराउंडर दीपक हुड्डा भी पीठ की जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। राष्ट्रीय चयन समिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करने के लिए तैयार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, शमी कोविड-19 से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें और समय की जरूरत है और इसलिए वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से बाहर हो जाएंगे। उमेश यादव दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के लिए शमी के विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे। हालांकि यह पूछे जाने पर कि पंड्या के स्थान पर शाहबाज को क्यों चुना गया है, सूत्र ने कहा, क्या कोई तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर है जो हार्दिक की जगह ले सकता है। राज बावा को बहुत कम अनुभव है और इसलिए हमने उन्हें अनुभव दिलाने के लिए भारत ए टीम में रखा। उसे निखरने के लिए समय की जरूत है। मुझे कोई दूसरा नाम बताओ? हुड्डा के भी श्रृंखला से बाहर होने के कारण चयनकर्ताओं ने शायद सोचा होगा कि एक बल्लेबाज बेहतर विकल्प रहेगा। सूत्र ने कहा, शाहबाज एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर है जो बाएं हाथ का अच्छा स्पिनर भी है। वह बैकअप की तरह है अगर अक्षर को 10 दिन में छह टी20 अंतरराष्ट्रीय के कारण किसी मैच में आराम की जरूरत पड़ी तो। इस दौरान देश भर में यात्रा करनी होगी। माना जा रहा है कि चयनकर्ता और बीसीसीआई के आला अधिकारी हाल के दिनों में चोट के इतने मामलों से नाखुश हैं। सूत्र ने कहा, कार्यभार प्रबंधन पर इतना जोर दिया जा रहा है। फिर भी इतने सारे मामले सामने आ रहे हैं। अब हुड्डा की पीठ में जकड़न है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह टी20 विश्व कप से पहले फिट हो जाएगा। भारत के शीर्ष खिलाड़ी टी20 विश्व कप की तैयारी में व्यस्त हैं और ऐसे में शिखर धवन की अगुवाई वाली एकदिवसीय टीम में बहुत सारे चेहरे वे होंगे जो जिम्बाब्वे में खेले थे लेकिन कुछ नए खिलाड़ियों को भी मौका मिल सकता है। शुभमन गिल, संजू सैमसन का टीम में चुना जाना निश्चित है। मध्य प्रदेश के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में शानदार सत्र के बाद पहली बार टीम में शामिल किए जाने की संभावना है। पाटीदार के लिए सत्र शानदार रहा है। उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया और फिर रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक जड़ा। उन्होंने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट में दो शतक मारे और इसी टीम के खिलाफ पहले लिस्ट ए मैच में नाबाद 45 रन बनाए। सूत्र ने कहा, आप रजत के मौजूदा फॉर्म को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं और वह एकदिवसीय टीम में जगह का प्रबल दावेदार है। यहां तक कि श्रेयस भी मुख्य टीम के साथ स्टैंडबाय के रूप में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेगा। मध्य क्रम में कुछ स्थान होंगे। इस बीच हनुमा विहारी सौराष्ट्र के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत की टीम का नेतृत्व करेंगे।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत को इंग्लैंड पर सात अंक की बढ़त

**दुबई।** भारत ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचो की श्रृंखला मे हराकर आईसीसी टी20 रैंकिंग मे दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैड पर बढत सात अंक की कर ली है। पहले मैच मे मिली हार के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने नागपुर मे श्रृंखला मे बराबरी की और हैदराबाद मे तीसरा वनडे और श्रृंखला अपने नाम कर ली। भारत को इससे एक अंक का फायदा मिला और अब उसके 268 अंक है जबकि इंग्लैड उससे सात अंक पीछे है। भारत को अब दक्षिण अफ्रीका से श्रृंखला खेलनी है जिससे शीर्ष पर अपनी जगह और पुख्ता करने का मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और वह भी बुधवार से शुरू हो रही श्रृंखला के जरिए अपनी रैंकिंग बेहतर कर सकता है। पाकिस्तान ने इंग्लैड को कराची मे चौथे टी20 मे हराकर भारत को इंग्लैड पर बढत पक्की करने मे मदद की। पाकिस्तान और दक्ष्ज्ञिण अफ्रीका दोनों तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान को अभी इंग्लैड से तीन मैच और खेलने है और वह अपनी रैंकिंग मे सुधार कर सकता है। इंग्लैड बाकी तीन मे से एक भी मैच जीतने पर दूसरे स्थान पर बना रहेगा। विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया छठे स्थान पर खिसक गया है।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 मैच के लिए तिरुवनंतपुरम पहुंची



**तिरूवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 28 सितंबर को यहां ग्रीनफील्ड स्टेडियम में होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को शहर पहुंच गई। भारतीय टीम का तिरूवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रशंसकों और केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने जोरदार स्वागत किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को यहां पहुंची थी और उसने आज अभ्यास शुरू किया। केसीए ने विज्ञप्ति में कहा, टीम इंडिया 27 सितंबर को मैदान पर अभ्यास करेगी। वे शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक अभ्यास करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी टीम दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक मैदान पर अभ्यास करेगी। टीम के कप्तान 27 सितंबर को मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। केसीए ने कहा कि मैच के केवल दो हजार टिकट बचे हैं। स्टेडियम की क्षमता 55 हजार दर्शकों की है। केसीए के संयुक्त सचिव रजिथ राजेंद्रन और तिरूवनंतपुरम जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजीव ने हवाई अड्डे पर भारतीय टीम का स्वागत किया। अपर-टीयर, पवेलियन और केसीए ग्रैंडस्टैंड के टिकटों की दरें क्रमशः ।,500 रुपए, 2,750 रुपए और 6,000 रुपए हैं। केसीए ग्रैंडस्टैंड सीटों के टिकट में भोजन का खर्च शामिल होगा।

## तसनीम, राजावत ने छत्तीसगढ इंटरनेशनल चैलेंज में एकल खिताब जीते

**रायपुर।** पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर और थॉमस कप विजेता प्रियांशु राजावत ने छत्तीसगढ इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन मे महिला और पुरूष एकल खिताब जीत लिए है। तसनीम ने छठी वरीयता प्राप्त सामिया फारूकी को 14-21, 21-17, 21 -11 से मात दी जबकि राजावत ने शुभांकर डे को 21 -13, 21-11 से हराया। मिश्रित युगल मे एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने थाईलैड के रेचापोल एम और चासिनी कोरेपाप को 22- 20, 23- 21 से मात दी। पुरूष युगल मे दोनो भारतीय टीमें ही आमने सामने थी।तीसरी वरीयता प्राप्त ईशान भटनागर और केसाइ प्रतीक ने दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन गौड़ को 17 - 21, 21 - 15, 23- 21 से मात दी। भारत की आरती सारा सुनील और पूजा डांडु हालांकि महिला युगल मे जापान की चिसाटो होशी और मीयू ताकाहाशी से 21- 12, 12-21, 7 -21 से हार गई।

## जूलियस बाएर कप शतरंज : कार्लसन से हारे अर्जुन एरिगेसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जूलियस बाएर जनरेशन कप आनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे मैच मे मैग्नस कार्लसन से हार गए। पहला मैच जीतने के बाद नॉर्वे के कार्लसन ने दूसरे मैच मे पहले दो गेम जीतकर एरिगेसी को वापसी का कोई मौका नही दिया। चार बाजियो का पहला मैच जीतने के बाद कार्लसन को खिताब के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होने दूसरे मैच के दोनो गेम जीत लिए। फाइनल मे चार चार बाजियो के दो मैच खेले गए। अगर खिलाड़ी एक एक मैच जीतते तो ब्लिट्ज टाइब्रेकर होता। कार्लसन ने पहले दौर मे एक ही गेम गंवाया और इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन के आधार पर वह 2900 टूर रेटिंग अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

## भारतीय क्रिकेटर तानिया के साथ लंदन के होटल में लूट की वारदात

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज तानिया भाटिया ने सोमवार को दावा किया कि लंदन के मैरियट होटल में महिला टीम के प्रवास के दौरान नकदी, कार्ड और आभूषण सहित उनका महत्वपूर्ण सामान लूट लिया गया। तानिया ने ट्विटर पर लिखा, मैरियट होटल लंदन मैडा वेले के प्रबंधन से हैरान और निराश हूं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ी के रूप में हाल के प्रवास के दौरान किसी ने मेरे कमरे में प्रवेश किया और नकदी, कार्ड, घड़ियां और आभूषण के साथ मेरा बैग चुरा लिया। इतना असुरक्षित। उन्होंने इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के ट्विटर हैडल को टैग करते हुए एक अन्य ट्वीट में लिखा, इस मामले की त्वरित जांच और समाधान की उम्मीद है। ईसीबी के पसंदीदा होटल साझेदार में सुरक्षा की कमी आश्चर्यजनक है। उम्मीद है कि वे भी संज्ञान लेंगे। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी की शिकायत पर होटल ने अपने ट्विटर हैडल के माध्यम से जवाब दिया और लिखा , तानिया, हमें यह सुनकर खेद है। कृपया अपना नाम और ईमेल पता के अलावा अपने आरक्षण के विवरण को साझा करें, ताकि हम इसकी जांच कर सके। भारत ने 10 से 24 सितंबर तक इंग्लैड में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय मैच खेले थे। तानिया भारतीय महिला एकदिवसीय टीम का हिस्सा थी।

# रोहित ने भुवनेश्वर और हर्षल का बचाव किया



भाषा। हैदराबाद

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल का बचाव करते हुए टी20 विश्व कप से पहले उनके फॉर्म में लौटने का यकीन जताया है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-1 से हराया। भुवनेश्वर और हर्षल हालांकि काफी महंगे साबित हुए और 12 से अधिक की औसत से रन दिए। रोहित ने कहा , भुवी को समय देने की जरूरत है क्योंकि टीम में उसके जैसा खिलाड़ी होने से हमें पता होता है कि वह क्या कर सकता है। उसका खराब फॉर्म ज्यादा दिन नहीं रहेगा। हम कुछ योजनाओं पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि डैथ ओवरों में उसे गेंदबाजी के अधिक विकल्प दे सकेंगे। इससे वह पहले की तरह ही प्रदर्शन कर पाएगा। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर में आत्मविश्वास की कमी नहीं है। उन्होंने कहा , मुझे नहीं लगता कि आत्मविश्वास की कोई कमी है। हमें उस पर और उसके कौशल पर भरोसा बनाए रखने की जरूरत है। हम अपनी ओर से देख रहे हैं कि क्या किया जा सकता है क्योंकि डैथ ओवरों में कुछ भी हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी के विकल्प होने जरूरी है ताकि उसके अनुसार फील्ड लगाई जा सके। इसके अनुसार ढलने के लिए अनुभव की जरूरत है। लंबी चोट के बाद लौटे हर्षल ने तीन मैचों में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले लेकिन रोहित ने कहा कि एक श्रृंखला के आधार पर उसका आकलन नहीं किया जाना चाहिए। हर्षल हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। चोट के बाद लौटना आसान नहीं होता। वह करीब दो महीने से नहीं खेला है और वापसी आसान नहीं होता। उसका आकलन इस श्रृंखला के तीन मैचों के आधार पर नहीं होना चाहिए क्योंकि हमें पता है कि वह क्या कर सकता है। टीम के प्रदर्शन के बारे में रोहित ने कहा , हम सभी विभागों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। पिछले आठ या नौ मैचों से बल्लेबाजी शानदार रही है लेकिन हम और आक्रामक खेलना चाहते हैं। गेंदबाजी के बारे में उन्होंने कहा , गेंदबाजी मुख्य फोकस है। फील्डिंग में सुधार लगातार चलता रहता है और हम आगे भी करते रहेंगे। सूर्यकुमार यादव ने तीसरे मैच में 69 रन बनाकर भारत को जीत तक पहुंचाया जबकि विराट कोहली ने अर्धशतक जमाया। हम सभी को सूर्य के बारे में पता है कि वह मैदान के चारों ओर शॉट खेल सकता है और यह उसकी खासियत है। वह लगातार निखर रहा है और इस मैच में उसकी पारी खास थी क्योंकि पावरप्ले में हमारे दो विकेट गिर चुके थे। दूसरे छोर पर विराट के साथ उसने बेहद उपयोगी साझेदारी की।

## विश्व कप से पहले कार्तिक को खेलने का अधिक समय देना चाहता हूं

**हैदराबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज रोहित शर्मा को बल्लेबाजी का अधिक समय देना चाहते हैं। भारत अंतिम एकादश में कार्तिक और ऋषभ पंत में से एक को चुन रहा है। एशिया कप में पंत को चुना गया जबकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों मैचों में कार्तिक को उतारा गया। आस्ट्रेलिया को तीन मैचों की श्रृंखला में हराने के बाद रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैं इन दोनों खिलाड़ियों को विश्व कप से पहले अधिक से अधिक मौके देना चाहता हूं। एशिया कप में दोनों के सारे मैच खेलने की पूरी संभावना थी। लेकिन मुझे लगता है कि



दिनेश को अधिक समय देने की जरूरत है।उसे इस श्रृंखला में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। शायद तीन गेंद। यह काफी नहीं है। कार्तिक ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल सात गेंद खेली जबकि पंत ने एक मैच खेला लेकिन बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। पंत को भी समय की जरूरत है लेकिन इस श्रृंखला में बल्लेबाजी क्रम में स्थिरता बनाए रखना जरूरी थी। भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलेगी और रोहित ने कहा कि कार्तिक और पंत को अंतिम एकादश में साथ में शामिल करना हालात पर निर्भर करेगा। मुझे नहीं पता कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्या होगा। हमें उनकी गेंदबाजी पर गौर करना होगा। हम बल्लेबाजी में लचीलापन रखना चाहते हैं। अगर हालात के अनुसार बाएं हाथ के बल्लेबाज को उतारना होगा तो हम वैसा करेंगे और दाहिने हाथ का बल्लेबाज चाहिए होगा तो उसे उतारेंगे। इन सभी के प्रबंधन को लेकर काफी सतर्क रहना होगा।

# जडेजा की गैरमौजूदगी का असर नहीं हुआ, अक्षर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया : मैकडोनाल्ड

भाषा। हैदराबाद



**आस्ट्रेलिया** के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि टी20 श्रृंखला में रविंद्र जडेजा के नहीं खेलने से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई बल्कि अक्षर पटेल के रूप में उन्हें बेहतरीन विकल्प मिला। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर को चोटिल जडेजा की जगह उतारा गया। अक्षर ने तीन मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेकर अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। मैकडोनाल्ड ने तीसरे मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , अक्षर का प्रदर्शन शानदार रहा। जडेजा के बाहर होने के बाद सभी ने सोचा था कि भारतीय टीम कमजोर होगी लेकिन उन्हें एक और शानदार खिलाड़ी मिल गया। यह पूछने पर कि विश्व कप से पहले श्रृंखला में मिली हार क्या चिंता का सबब है, कोच ने कहा , पूरी श्रृंखला में रनरेट अच्छा रहा और काफी मनोरंजक क्रिकेट खेली गई। बल्ले का गेंद पर दबदबा रहा और गेंदबाजों के लिए कुछ था नहीं। आस्ट्रेलिया और यहां के हालात अलग हैं। वहां पिचों में अधिक उछाल होगी और मिशेल स्टार्क टीम में लौटेंगे जिससे हमारा आक्रमण मजबूत होगा।

## टी20 की तैयारी में असम क्रिकेट संघ

**गुवाहाटी।** असम क्रिकेट संघ ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो अक्टूबर को होने वाले टी20 मैच में बारिश होने की दशा में समय का कम से कम नुकसान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। यहां भारत और श्रीलंका के बीच जनवरी 2020 में खेला गया पिछला मैच भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। एसीए सचिव देवजीत सैकिया ने पीटीआई से कहा , गुवाहाटी में सर्दियों के मौसम में अप्रत्याशित बारिश हुई और यही वजह है कि 2020 में मैच रद्द करना पड़ा था। दो अक्टूबर को बारिश का पूर्वानुमान नहीं है लेकिन मौसम पर किसी का वश नहीं है। हमने दो अक्टूबर के लिए सारे इंतजाम किए हैं। एसीए ने दो बेहद कम वजन के पिच कवर अमेरिका से मंगवाए हैं और उसके पास पहले ही से 20 कवर हैं। इन कवर के इस्तेमाल से पानी या नमी पिच के भीतर नहीं जाएंगे। बीसीसीआई के मुख्य क्यूरेटर को 16 सितंबर को यह मैदान दिया गया था। इस मैच में मैदान खचाखच भरा रहने की उम्मीद है और आनलाइन टिकटों की बिक्री के पहले चरण में रूझान बहुत अच्छा रहा है। पहले चरण के सारे टिकट बिक गए और अब 26 सितंबर को दूसरे चरण की बिक्री शुरू होगी। स्टेडियम की क्षमता 39000 दर्शकों की है जिनमें से 8000 विभिन्न एजेंसियों, प्रदेश ईकाई , प्रायोजकों और अन्य अतिथियों को निशुल्क पास दिए जाएंगे। सैकिया ने कहा कि दुर्गापूजा और गांधी जयंती के साथ पड़ने के कारण मैच में भीड़ के प्रबंधन के अतिरिक्त उपाय किए जाएंगे।

# पाकिस्तान ने रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया

भाषा। कराची

**पाकिस्तान** ने आखिरी दो ओवर में इंग्लैंड के लचर प्रदर्शन का फायदा उठाकर चौथे मैच में उससे जीत छीनकर सात मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-2 से बराबरी कर ली। पाकिस्तान के चार विकेट पर 166 रन के जवाब में इंग्लैंड को चौथे मैच में 18 गेंद में 33 रन की जरूरत थी लेकिन लियाम डॉसन (17 गेंद में 34 रन) ने तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के डाले 18वें ओवर में चार चौके और एक छक्के समेत 24 रन ले डाले। इसके बाद उन्होंने 19वें ओवर में हारिस रऊफ़ को चौका लगाया। उस समय इंग्लैंड को दस गेंद में पांच रन चाहिए थे और उसके तीन विकेट बाकी थे। रऊफ़ ने हालांकि डॉसन को मिडविकेट पर लपकवाया और टी20 में पदार्पण कर रहे ओली स्टोन को खाता भी नहीं खोलने दिया। आखिरी ओवर में इंग्लैंड को चार रन चाहिए थे लेकिन रीसे टॉपले रन आउट हो गए और पाकिस्तान ने चार गेंद बाकी रहते तीन रन से जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान मोईन अली ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 67 गेंद में 88 रन बनाए जो श्रृंखला में उनका तीसरा अर्धशतक है। रिजवान और कप्तान बाबर आजम (28 गेंद में 36 रन) ने 71 गेंद में 97 रन जोड़कर पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दी। इंग्लैंड का शीर्षक्रम हसनैन और नवाज की गेंदों का सामना नहीं कर सका। उसके लिए बेन डकेट ने 33 और मोईन अली ने 29 रन का योगदान दिया।

## रन आउट से जुड़े नियमों को लेकर स्पष्टता चाहती हैं केट क्रॉस

भाषा। लंदन

**इंग्लैंड की** तेज गेंदबाज केट क्रॉस यहां लार्ड्स में भारत के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में चार्ली डीन के विवादास्पद तरीके से रन आउट होने के बाद चाहती हैं कि गेंदबाजी छोर पर क्रीज से बाहर निकलने पर रन आउट से जुड़े अस्पष्ट नियम को स्पष्ट किया जाना चाहिए। भारत ने शनिवार को इंग्लैंड को 16 रन से हराया जब आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की अंतिम बल्लेबाज डीन (47) को रन आउट किया क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेंद फेंके जाने से पहले ही क्रीज छोड़कर काफी आगे निकल गईं थी। डीन को इस तरह से आउट किए जाने को लेकर इंग्लैंड की टीम नाखुश थी और इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस शुरू हो गई। क्रॉस ने बीबीसी के नो बॉल पोडकास्ट पर कहा, इस तरह की चीजों से मुझे लगता है कि यह चीज सामने आती है कि नियमों को सही तरीके से नहीं लिखा गया है जिससे कि वे स्पष्ट हों। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि नियमों को लेकर और स्पष्ट शब्दों का इस्तेमाल करने की जरूरत है क्योंकि यह काफी अस्पष्ट है।

# हमने डीन को कई बार चेतावनी दी थी, दीप्ति ने विवादित रन आउट पर कहा

भाषा। कोलकाता





**भारतीय** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने तीसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में चार्ली डीन को रन आउट करने के फैसले का बचाव करते हुए सोमवर को यहां कहा कि इंग्लैंड टीम की इस बल्लेबाज को आउट करने से पहले कई बार आगाह किया गया था। दीप्ति ने नॉन स्ट्राइक छोर पर गेंदबाजी करने से पहले आगे निकल गई डीन को रन आउट किया जिससे भारत यह मैच जीतने में सफल रहा। चार्ली डीन तब 47 रन पर खेल रही थी और इंग्लैंड को जीत के लिए 17 रन की दरकार थी। यह रन आउट खेल के नियमों के अनुसार था लेकिन इंग्लैंड के खिलाड़ी इससे खुश नहीं थे। दीप्ति के इस तरीके ने एक बार फिर से खेल भावना को लेकर बहस शुरू कर दी। दीप्ति ने इंग्लैंड से यहां पहुंचने के बाद कहा, यह हमारी योजना थी क्योंकि वो बार बार ऐसा कर रही थी हम पहले ही उसे चेतावनी दे चुके थे। हमने नियमों और दिशानिर्देशों के मुताबिक अपना काम किया। रन आउट के इस तरीके को फिलहाल अनुचित तरीके में रखा गया है लेकिन अगले महीने से लागू होने वाले आईसीसी खेल के नियमों में इसे रन आउट की श्रेणी में कर दिया जाएगा। दीप्ति ने कहा कि टीम के खिलाड़ियों ने डीन को आउट करने से पहले अंपायर को भी उनके बार-बार क्रीज से बाहर निकलने के बारे में बताया था। अंपायर को बोला था हम लोगों ने, फिर भी वह बाहर निकल रही थी।

## रन आउट को सही ठहराने के लिए भारत को चेतावनी के बारे में झूठ बोलने की जरूरत नहीं: नाइट

**नई दिल्ली।** कूल्हे की चोट से उबर रही इंग्लैड की कप्तान हीथर नाइट ने अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे दीप्ति शर्मा के गेंदबाजी छोर पर चार्ली डीन को रन आउट करने से पहले उन्हे चेतावनी देने को लेकर भारतीय महिला टीम पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारत ने शनिवार को इंग्लैड को 16 रन से हराया जब आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैड की अंतिम बल्लेबाज डीन (47) को रन आउट किया क्योंकि वह गेंदबाजी छोर पर गेद फेंके जाने से पहले ही क्रीज छोड़कर काफी आगे निकल गईं थी। डीन को इस तरह से आउट किए जाने को लेकर इंग्लैड की टीम नाखुश थी और इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस शुरू हो गई। स्वदेश लौटने के बाद दीप्ति ने सोमवार को खुलासा किया कि चार्ली डीन को रन आउट किए जाने से पहले क्रीज से बाहर निकलने को लेकर कई बार आगाह किया गया था। नाइट ने हालांकि कई ट्वीट करके दीप्ति के दावे को खारिज किया। नाइट ने ट्विटर पर लिखा, मैच खत्म हो चुका है। चार्ली को वैध तरीके से आउट किया गया। भारत मैच और श्रृंखला जीतने का हकदार था लेकिन कोई चेतावनी नही दी गई। इसे देने की कोई जरूरत नही थी, इससे आउट होना कम वैध नही हो जाता।

## भारतीय फुटबॉल टीम के सामने वियतनाम की चुनौती

भाषा। हो ची मिन्ह सिटी

**भारतीय** फुटबॉल टीम को मंगलवार को यहां हंग थिन्ह मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में वियतनाम की चुनौती का सामना करना होगा। भारत को पिछले शनिवार को उससे कम रैंकिंग वाले सिंगापुर ने।-। से बराबरी पर रोक दिया था। वियतनाम की टीम पहले मैच में सिंगापुर को 4-0 से हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी है और भारतीय टीम को उसके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह अधिक मजबूत टीम के खिलाफ काफी अलग मुकाबला होगा इसलिए हमारा रवैया भी इसी के अनुसार बदलेगा। हमें अधिक एकाग्र होने की जरूरत है। साथ ही हमें अपने डिफेंस पर भी ध्यान देना होगा। लंबी दूर के शॉट के साथ वे कड़ी चुनौती पेश करते हैं और हमें उनके सटीक क्रॉस से भी निपटना होगा। भारत के मुख्य कोच ने वियतनाम और सिंगापुर के बीच मुकाबले पर भी करीबी नजर रखी और उनका मानना है कि मंगलवार का उनका प्रतिद्वंद्वी एक संगठित टीम है।

## खिलाड़ी तीन-चार साल अभ्यास नही करने पर खेल के तरीके को भूल जाता है: निशानेबाज विजय कुमार



**नई दिल्ली।** लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी करने वाले ओलंपिक रजत पदक विजेता निशानेबाज विजय कुमार ने कहा कि तीन-चार साल तक अभ्यास से दूर रहने पर खिलाड़ी खेल के तरीके को भूल जाता है। लंदन ओलंपिक मे रजत पदक जीतने वाले इस पिस्टल निशानेबाज ने हिमाचल प्रदेश पुलिस के करियर पर ध्यान देने के लिए निशानेबाजी से ब्रेक लिया था। इस दौरान उन्हे गहन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा जिसमे उनका अधिकांश समय और ध्यान लगा था। उन्होने पिछले साल खेलो मे फिर वापसी की। विजय ने कहा, निशानेबाजी से दूर होना मेरे लिए ज्यादा बड़ा मसला नही था क्योंकि मै खुद को नौकरी की सुरक्षा मुहैया करा रहा था। मै खेलो मे फिर से नई शुरूआत कर रहा हूं। उन्होने कहा कि पुलिस ट्रेनिंग के दौरान उन्हे कई चुनौतियो का सामना करना पड़ा लेकिन इससे एक खिलाड़ी के तौर पर निशानेबाज कही खो गया।

## वाणी आयरिश महिला ओपन में 29वें, त्वेसा 49वें स्थान पर

**ड्रोमोलैंड (आयरलैंड)।** भारत की वाणी कपूर लगातार तीसरे दिन दो अंडर 70 के स्कोर से यहां लेडीज यूरोपीय टूर के केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट मे संयुक्त 29वें स्थान पर रही। भारत की ही त्वेसा मलिक ने संयुक्त 29वां स्थान हासिल किया। पहले दौर मे 72 के स्कोर से शुरूआत करने वाली वाणी ने अगले तीन दौर मे 70 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा। अंतिम दिन 72 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा का कुल स्कोर एक अंडर 287 रहा। दीक्षा डागर और अमनदीप द्राल कट हासिल करने मे नाकाम रही थी। चेक गणराज्य की क्लारा स्पिलकोवा ने प्ले ऑफ मे जीत के साथ लेडीज यूरोपीय टूर पर दूसरा खिताब जीता।

## विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब हूं : गुरजंत



**बेंगलुरु।** राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत को रजत पदक दिलाने मे अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह का इरादा अब अगले साल होने वाले एफआईएच विश्व कप मे अपनी छाप छोड़ने का है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजंत ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति मे कहा , मुझे खुशी है कि मै राष्ट्रमंडल खेलो की रजत पदक विजेता टीम मे था। ओलंपिक और राष्ट्रमंडल पदक जीतना बड़ी बात है। मैने उन पहलुओं को गौर किया है जिन पर और मेहनत करने की जरूरत है। मै अगले साल भुवनेश्वर और राउरकेला मे होने वाले विश्व कप मे और अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। भारत लगातार दूसरी बार विश्व कप की मेजबानी कर रहा है जो 13 से 29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। विश्व कप खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और मुझे उम्मीद है कि मुझे घरेलू मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा।